CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 30 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 228 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिशः योगी पेज 2



डायमंड लीग फाइनल में नीरज चोपड़ा रहे दूसरे स्थान पर खेल टाइम्स



असली यानि जैविक पिता का सवाल सम्पादकीय



इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया पेज 12

# भारत में छह लाख करोड़ इन्वेस्ट करेगा जापान

## 15वें भारत-जापान समिट में पीएम ने दोनों देशों के अगले 10 साल का रोडमैप बताया, जापानी पीएम को भारत आने का न्योता

**नई दिल्ली/ टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में जापानी पीएम इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है।

उन्होंने भारत और जापान के स्मॉल, मीडियम उद्योग (एमएसएमई) और स्टार्टअप को जोड़ने पर जोर दिया। वहीं, पीएम मोदी ने दोनों देशों की साझेदारी को दुनिया की शांति के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने मिलकर अगले 10 सालों के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। इसके अलावा मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर भारत के रुख को साफ करते -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ **भारत रूस- यूक्रेन जंग को मानवता के आधार पर देखता है, भारतीय टैलेंट और जापानी टेक्नोलॉजी साथ आए, तो जीत पक्की**

### मोदी के स्वागत में जापानी महिलाओं का भरतनाट्यम, गायत्री मंत्र व राजस्थानी भजन सुनाया

**टोक्यो।** पीएम मोदी टोक्यो के प्रसिद्ध शोरिनजन दारुमा जी मंदिर पहुंचे। वहां के मुख्य पुजारी ने पीएम मोदी को खास डॉल भेंट की। दारुमा एक पारंपरिक जापानी गुड़िया है। दारुमा को भाग्यशाली ताबीज के रूप में भी जाना जाता है। दारुमा को बनाने के लिए कागज का इस्तेमाल होता है। यह लाल रंग की होती है। जापान में लोगों का मानना है कि लाल रंग बुरी आत्माओं को दूर भगाता है। मोदी शुक्रवार सुबह जापान पहुंचे हैं। स्थानीय लोगों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य भरतनाट्यम से उनका स्वागत किया। गायत्री मंत्र और राजस्थानी भजन भी सुनाया। इसके बाद मोदी जापान में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी मिले। लोगों ने पीएम के स्वागत में मोदी-मोदी के जयकारे लगाए और ऑपरेशन सिंदूर के लिए बधाई दी।

### गुजरात के पूर्व भाजपा विधायक व आईपीएस समेत 14 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** साल 2018 के बिटकॉइन लूट और किडनैपिंग केस में अहमदाबाद सिटी सेशंस कोर्ट की एसीबी अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया, अमरेली के पूर्व एसपी जगदीश पटेल, पूर्व पुलिस निरीक्षक अनंत पटेल समेत 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साल 2018 में सूरत निवासी बिल्डर शैलेश भट्ट ने आरोप लगाया था कि एक मामले में पूछताछ के दौरान अमरेली जिले के पुलिस अधिकारियों ने उन्हें किसी अज्ञात जगह बंधक बना लिया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने डरा-धमकाकर उनके 12 करोड़ रुपये कीमत के बिटकॉइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए थे। इस साजिश में भाजपा के पूर्व विधायक नलिन कोटडिया भी शामिल थे। बाद में शैलेश भट्ट ने अपने साथी किरीट पलाड़िया पर भी पुलिस के साथ मिले होने का आरोप लगाया था।

### पटना में कांग्रेस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

**पटना।** कांग्रेस की 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी ने बिहार की राजनीति में उबाल ला दिया है और इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को पटना में भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय, सदाकत आश्रम के बाहर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया और अरुण सिन्हा, महानगर अध्यक्ष रूप नारायण मेहता समेत लगभग 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए: महुआ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने गृह मंत्री अमित शाह पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को नादिया जिले में घुसपैठ मुद्दे पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। बंगाल भाजपा ने उनके बयान से जुड़ा एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया। वहीं दूसरी पोस्ट में भाजपा ने लिखा कि जब महुआ गृह मंत्री का सिर काटने की बात करती हैं, तो यह टीएमसी की हताशा और हिंसा की संस्कृति को उजागर करता है, जो बंगाल की छवि को धूमिल कर रही है और राज्य को पीछे धकेल रही है। इस मामले में महुआ के खिलाफ नादिया जिले के कृष्णानगर के कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह शिकायत स्थानीय निवासी संदीप मजूमदार ने दर्ज कराई है।

### बिहार एसआईआर पर एक सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित याचिकाओं पर एक सितम्बर को सुनवाई करने पर शुक्रवार को सहमति व्यक्त की जिनमें दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई है। पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा औपचारिक अनुरोध के बाद मामले की सुनवाई को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। राजद और कई अन्य राजनीतिक दल मसौदा मतदाता सूची पर दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की एक सितम्बर की समय सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटा चुके हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की स्वर्णिम विजय

## राष्ट्रपति मुर्मू ने अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान को सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के विरुद्ध मानवता की विजय का स्वर्णिम अध्याय बताते हुए इस अभियान में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदान की सराहना की है।

श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को राजधानी में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के फोरम 'स्कोप' द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक उपक्रम 'आत्मनिर्भर भारत' बनाने और 'मेक इन इंडिया' के राष्ट्रीय अभियान में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रपति ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों का विशेष रूप से योगदान करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया। इस अभियान के दौरान पूरी तरह भारत में विनिर्मित आकाश-तीन नामक वायुरक्षा नियंत्रण एवं रिपोर्टिंग प्रणाली की अचूक क्षमता के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि इस सिस्टम के निर्माण में सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका रही है। यह सभी सार्वजनिक उपक्रमों के लिए विशेष गर्व की बात है। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में आत्मनिर्भर नवाचार तथा तकनीक के क्षेत्र में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता में सार्वजनिक उपक्रमों ने अपना योगदान सिद्ध किया है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को सार्वजनिक उपक्रमों का मूल मंत्र बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने में कोंन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से, सार्वजनिक क्षेत्र आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशन का एक सशक्त माध्यम रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने औद्योगीकरण, अवसंरचना विकास, सामाजिक उत्थान और संतुलित क्षेत्रीय विकास की नींव रखी है। समय के साथ, इन उद्यमों का विकास और परिवर्तन हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से सरकार और समाज की अपेक्षाएं भी बदली हैं। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इन सभी परिवर्तनों के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम अपने प्रदर्शन के माध्यम से आर्थिक और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों ने कृषि, खनन और अन्वेषण, विनिर्माण, प्रसंस्करण और उत्पादन तथा सेवाओं के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि उनके निर्णय राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होंगे, कार्य नैतिकता पर आधारित होंगे और सोच संवेदनशीलता और समाज सेवा से प्रेरित होगी।



■ **कहा : ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने और भारत पर हमले के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम किया**

# उत्तराखंड में बादल फटने से 8 की मौत

## हिमाचल के चंबा में लैंडस्लाइड, 11 लोगों की जान गई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर में भारी बारिश के बीच मणिमहेश यात्रा पर निकले 11 श्रद्धालुओं की लैंडस्लाइड में मौत हो गई है। मृतकों में 3 पंजाब, एक उत्तर प्रदेश और 5 चंबा के रहने वाले हैं। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हुई है। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी गढ़वाल जिले में गुरुवार रात बादल फटने से 8 लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का रेस्क्यू किया।

पंजाब के फिरोजपुर में बारिश के चलते 62 गांव प्रभावित हुए। प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों को अब तक सुरक्षित जगह पहुंचाया है। 13 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। हिमाचल के भरमौर में शुक्रवार को मणिमहेश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को उफनते नाले को पार कराकर रेस्क्यू किया गया। उत्तराखंड के चमोली जिले के देवाल में गुरुवार रात लैंडस्लाइड के बाद सड़कों पर मलबा जमा हो गया। शुक्रवार सुबह इसे हटाया गया। उत्तराखंड में गुरुवार रात से भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बद्रीनाथ हाईवे अलकनंदा नदी में डूब गया। इससे श्रीनगर- रुद्रप्रयाग रास्ता बंद हो गया है। हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को चंबा-भरमौर नेशनल हाईवे नदी के तेज बहाव में बह गई। सड़क कई जगहों पर पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। पंजाब के गुरदासपुर में सेना ने 27 अगस्त को एक टापू पर फंसे 27 लोगों के चीता हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू का वीडियो शुक्रवार को पोस्ट किया। पंजाब में बारिश के चलते 9 जिलों में भीषण बाढ़ आ गई है। इनमें पठानकोट, बटाला, गुरदासपुर, फिरोजपुर, फाजिल्का, कपूरथला, अमृतसर, तरनतारन और होशियारपुर शामिल हैं।



■ **पंजाब: फिरोजपुर में 62 गांव डूबे, 2500 का रेस्क्यू, एसडीआरएफ ने रूद्रप्रयाग में 40 और कुम्म गांव में 30 लोगों का किया रेस्क्यू**

# संविधान की रक्षा की अपनी यात्रा हम जारी रखेंगे: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में की गई तोड़फोड़ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उनकी राह सत्य, अहिंसा और संविधान बचाने की है और इन सब विपरीत स्थितियों के बाद भी वह संविधान रक्षा की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सत्य और अहिंसा के आगे असत्य और हिंसा टिक ही नहीं सकते। मारो और तोड़ो, जितना मारना-तोड़ना है - हम सत्य और संविधान की रक्षा करते रहेंगे। सत्यमेव जयते।

# राम सेतु मामले में केंद्र को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के आग्रह वाली पूर्व राज्यसभा सांसद डा. सुब्रमण्यम स्वामी की एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। श्री स्वामी चिकित्सा कारणों से सुनवाई के समय उपस्थित नहीं हो सके और पीठ के समक्ष उनका प्रतिनिधित्व वरिष्ठ वकील विभा मखीजा ने किया। याचिका में राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने और राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक के रूप में मान्यता देने के लिए भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की मांग की गई है।



# ट्रम्प टैरिफ से भारत की इकोनॉमी को लगे पंख

## पहली तिमाही में 7.8 % रही जीडीपी ग्रोथ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कृषि और सेवा क्षेत्र के दमदार प्रदर्शन से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि पहली तिमाही में स्थिर मूल्य पर देश का जीडीपी 47.89 लाख करोड़ रहा जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 44.42 लाख करोड़ से 7.8 प्रतिशत अधिक है। यह वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि दर है। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी विकास दर 6.5 प्रतिशत रही थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गई उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गई। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर एक साल पहले की 5.4 प्रतिशत मुकाबले 8.6 प्रतिशत रही। इसके अलावा, पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी।





■ **कृषि और सेवा क्षेत्र का बेहतरीन प्रदर्शन**

# दिल्ली-एनसीआर के 8 जिलों में पटाखों पर प्रतिबंध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** आगामी त्योहार के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

यह प्रतिबंध मेरठ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर जिलों में प्रभावी होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर जुर्माना देना होगा। यूपी पुलिस की तरफ से जारी आदेश के अनुसार यदि कोई व्यक्ति या संस्था इन जिलों में पटाखों के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय (ऑनलाइन विक्रय सहित) एवं उपयोग करता हुआ पाया जाता है। उसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा-15 के तहत जुर्माना व सजा दोनों मिल सकती है। पकड़े जाने पर पांच साल तक की कारावास की सजा, एक लाख रुपये तक का जुर्माना, दोनों (सजा और जुर्माना) हो सकती है। वहीं पकड़े जाने के बाद भी आदेश का उल्लंघन करने पर पहले ऐसे विफलता या उल्लंघन के लिए सजा सुनाए जाने के बाद हर दिन के लिए पांच हजार रुपये तक का अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। पुलिस ने इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल रहने वालों की सूचना देने के लिए 112 नम्बर डायल करने, व्हाट्स एप नम्बर 7570000100 पर मैसेज द्वारा, एसएमएस 7233000100 नम्बर पर किया जा सकता है। इसके अलावा सोशल मीडिया पेज फेसबुक के लिए /112उत्तर प्रदेश व एक्स /112उत्तर प्रदेश पर करने के साथ ही उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा यूपी पुलिस की ओर से यूपी पुलिस की वेबसाइट के पब्लिक ग्रीवांश सेल के फायर क्रेकर पोर्टल पर जाकर शिकायत कर सकते हैं।



■ **मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, शामली व मुजफ्फरनगर में प्रभावी होगा आदेश**

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में तैनात एसडीएम जायसवाल की हादसे में मौत

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में अपर जिला. धिकारी का कार्यभार देख रहे उपजिलाधिकारी (एसडीएम) राजेश जायसवाल की शुक्रवार की सुबह लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम अपनी क्रेटा कार से लखनऊ से आगरा वापस लौट रहे थे। इटावा के पास एक्सप्रेस वे पर किसी वाहन से टक्कर के बाद उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इटावा के सैफई स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। वर्ष 2018 बैच के अधिक. ारी जायसवाल किरावली में एसडीएम के पद पर तैनात थे और वर्तमान में कलक्ट्रेट में अपर नगर मजिस्ट्रेट का चार्ज संभाले हुए थे।

### चीनी मिलों की मदद करेगा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) राज्य की सभी चीनी मिलों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगा। यूपीपीसीबी के अध्यक्ष डा. आरपी सिंह ने कहा कि राज्य की सभी चीनी मिलों के प्रतिनिधियों को पर्यावरण अनुपालन व सहमति आवश्यकताओं को पूरा करने में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चीनी मिलें राज्य को देश का अग्रणी चीनी उत्पादक बनाती हैं। ये इकाइयां लाखों किसानों और श्रमिकों को रोजगार प्रदान करती हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करती हैं और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है आरएसएस: असदुद्दीन ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सवाल उठाए हैं।

ओवैसी ने कहा कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है। सभी अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक दंपति के तीन बच्चे की वकालत करते हुए कहा था कि जिस समाज में परिवारों के तीन से कम संतानें हों, उनका अस्तित्व धीरे-धीरे खत्म हो जाता है। उन्होंने आबादी नियंत्रण के साथ पर्याप्त जनसंख्या को भी देश के लिए जरूरी बताया। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंदुओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं,



- संघ के प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर सवाल उठाए
- 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत

ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो। आप कौन होते हैं लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है। आरएसएस समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मुसलमानों के खिलाफ नफरत को संस्थागत रूप दिया गया है। अमेरिकी टैरिफ पर ओवैसी ने कहा कि टैरिफ का बड़ा असर होगा। हमारे 50 फीसदी निर्यात पर असर पड़ेगा। मोटर पार्ट्स, आभूषण, रत्न और रेडीमेड कपड़ों के हमारे 60 हजार करोड़ रुपये के निर्यात पर बुरा असर पड़ेगा। फरवरी में हमारे प्रधानमंत्री जी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की थी, उनके बीच बातचीत हुई थी और उसके बाद टैरिफ की यह स्थिति शुरू हुई। वे यूक्रेन पर हमले के लिए हमें दोषी ठहरा रहे हैं। 50 फीसदी टैरिफ से भारत के निर्यातकों को बड़ा नुकसान होगा। मुझे लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार को देश की जनता को जवाब देना होगा। वे उन लोगों के लिए क्या करने जा रहे हैं जिन्हें नुकसान होने वाला है।

# मोहन भागवत पर अखिलेश ने कसा तंज

## कहा: न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वालों ने बारी आने पर बदल दिए नियम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा' की बात करने वाले ने अपनी बारी आने पर नियम बदल दिए।

यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वाले जब अपनी बारी आई, तो नियम बदल दिए। ये दोहरापन अच्छा नहीं। अपनी बात से पलटने वालों पर पराया तो क्या, कोई अपना भी विश्वास नहीं करता है। जो विश्वास खो देते हैं, वो राज खो देते हैं। गौरतलब है कि नई दिल्ली के विज्ञान भवन में संघ प्रमुख ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि उन्होंने कभी भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने की बात नहीं कही थी। न उनके खुद के लिए न ही किसी और के लिए। ध्यान



- सम्भल मामले को लेकर पलायन का प्रोपोगंडा फैलाना भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी

देने की बात है कि मोहन भागवत 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। दरअसल उनके एक बयान का हवाला देते हुए 75 साल की उम्र को ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए भी जोड़ा जा रहा था। माना जा रहा है कि संघ प्रमुख के बयान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए 2029 का रास्ता साफ हो गया है। ज्ञातव्य है कि बीते 11 जुलाई 2025 को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा था कि जब आप 75 साल के हो जाते हैं और कोई आपको शॉल ओढ़ाता है, तो आपको रिटायर हो जाना चाहिए। वहीं सम्भल मामले को लेकर न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में पलायन का मसला शामिल किए जाने व भाजपा द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों द्वारा 'पलायन का प्रोपोगंडा' फैलाना नौ साल पुरानी भाजपा सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है। सम्भल रिपोर्ट को लेकर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा था कि न्यायिक आयोग की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि वहां से हिंद. ुओं को कैसे मजहबी प्रताड़ना के कारण पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा होगा। यादव ने एक्स पर लिखा- भाजपा सरकार लोगों में न तो विश्वास जगा सकी व न ही अपनी नफरत की साम्प्रदायिक राजनीति की वजह से समाज में सौहार्द ला पाई।

## सम्भल में डेमोग्राफी बदलने के लिए सपा-कांग्रेस ने रची साजिश

# योगी ने न्यायिक आयोग की रिपोर्ट को मुद्दा बनाया

प्रतापगढ़, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 2024 की हिंसा पर आई न्यायिक आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी और कांग्रेस के शासनकाल में चुन-चुनकर हिंद. ुओं को निशाना बनाया गया। उस वक्त हिन्दुओं की जनसांख्यिकी को कम करके डेमोग्राफी बदलने की साजिशें रची गईं।

आज डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगी, जो भी प्रदेश की डेमोग्राफी बदलने का प्रयास करेगा, उसे स्वयं पलायन करना होगा। प्रतापगढ़ में 570 करोड़ रुपए की 186 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के



- कहा: डबल इंजन की सरकार किसी भी कीमत पर ऐसी विभाजनकारी राजनीति नहीं होने देगीं

अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का इंडी गठबंधन वास्तव में एंटी इंडिया गठबंधन है। यह गठबंधन भारत की आन-बान-शान से खिलवाड़ करता है और देश को जाति-धर्म के आधार पर बांटने का काम करता है। सीएम योगी ने कहा कि जब-जब इन्हें सत्ता मिली, तब-तब इन्होंने माफिया को बढ़ावा दिया, गुंडागर्दी करवाई और गरीबों का हक छीना।

अब जब जनता ने इन्हें नकार दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विकास कार्यों को देखकर विपक्ष बौखला गया है। योगी ने हाल ही में बिहार में इंडिया गठबंधन की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां पर की गई अभद्र टिप्पणियों को विपक्ष की हताशा का नतीजा बताते हुए कहा कि ऐसे लोग राजनीति में जगह के लायक नहीं हैं। इन लोगों को समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग करने का मतलब सूरज पर थूकने जैसा है। यह थूक इनके ऊपर आ रहा है। इन लोगों की भाषा से आज 140 करोड़ भारतवासी अपने आपको अपमा. नित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तुष्टिकरण नहीं संतुष्टीकरण के माध्यम से सशक्तिकरण की तरफ हम लोग आगे बढ़ रहे हैं, इसलिए 8 वर्ष में 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारने में मदद मिली। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आज माफिया संस्कृति को खत्म कर प्रदेश को विकास की राह पर ला दिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने हर जिले को एक माफिया दिया था।

### योगी ने किया उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में राज्य निर्वाचन आयोग के नए भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था अगर मजबूत है, तो हर संस्था अपने आप ही संवेदनशील बनती है, विकास के प्रति आग्रही बनती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री हॉकी के जादूगर, पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

# कांग्रेस ने चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी पर आगाह किया

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि भारत और अमेरिका के संबंधों में गिरावट का चीन फायदा उठाना चाह रहा है और भारत को उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जापान के बाद चीन की यात्रा पर जाना है। उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है लेकिन इस दौरान चीन-पाकिस्तान जुगलबंदी के मद्देनजर भारत के हितों का विशेष ध्यान रखना होगा। रमेश ने कहा कि श्री मोदी विदेश भ्रमण पर हैं। मोदी जापान के बाद चीन जाएंगे। पाकिस्तान पर हुई सैन्य कार्रवाई के समय



- चीन के साथ उसकी शर्तों पर संबंध सुधारने को मजबूर किया जा रहा भारत को: जयराम रमेश

चीन की भूमिका को ध्यान में रखते हुए उसके साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें चीन के साथ संबंध सामान्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा है और वह भी ज़्यादातर उसकी शर्तों पर। भारत-अमेरिका संबंधों में आई गिरावट का फायदा उठाने की चीन कोशिश कर रहा है।



सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113906
प्रति किलो




# तेज बिकवाली के चलते लुढ़का शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने के पहले अंतिम घंटे में हुई तेज बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजारों में गिरावट रही और सेंसेक्स साढ़े तीन महीने 80 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 270.92 अंक (0.34 प्रतिशत) की गिरावट में 79,809.65 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 74.05 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट में 24,426.85 अंक पर आ गया। लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में टूटने से सेंसेक्स इस साल नौ मई और निफ्टी-50 का आठ अगस्त के बाद के निचले स्तर पर आ गया है। आखिरी घंटे को छोड़कर दोनों सूचकांक लगभग पूरे दिन हरे निशान में रहे थे। सेंसेक्स 69. 74 अंक टूटकर 80,080.57 अंक पर खुला, लेकिन खुलते ही हरे निशान में



चला गया। बाद में हालांकि लिवाली बढ़ने से यह 79,741.76 अंक तक टूटकर अंत में 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 80,310.74 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और अन्य 16 के लाल निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.96 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 2.21 और इंफोसिस में 2.04 प्रतिशत की गिरावट रही। एनटीपीसी का शेयर 1.03 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 0.98 प्रतिशत, टेक महिंद्रा का 0.92 और एचडीएफसी बैंक का 0.68 प्रतिशत लुढ़क गया। एक्सिस बैंक, टीसीएस, इटरनल, टाइटन, बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक में भी बिकवाली हावी रही। एफएमसीजी कंपनियों में लिवाली से आईटीसी में सबसे अधिक 2.26 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल का शेयर 1.47 प्रतिशत, ट्रेंट का 1.43, एलएंडटी का 1.12, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.97 और एशियन पेंट्स का 1.05 प्रतिशत बढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, सनफार्मा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, हिंदुस्तान यनिलिवर, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी चढ़े। एनएसई में निफ्टी-50 सूचकांक 34.20 अंक लुढ़ककर 24,466.70 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,572.45 अंक और नीचे 24,404. 70 अंक पर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.65 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.39 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में एफएमसीजी की 0.95 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद की 0.15

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.386 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 1.488 अरब डॉलर बढ़कर 695.106 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 22 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.652 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 582.251 अरब डॉलर पर रहा। स्वर्ण भंडार भी 66.5 करोड़ डॉलर घटकर 85.003 अरब डॉलर रह गया।

विशेष आहरण अधिकार में 4.6 करोड़ डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में 2.3 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और ए क्रमश: 18.736 अरब डॉलर और 4.731 अरब डॉलर पर रहे। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विटजरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से देश को आयात बिल के भुगतान में आसानी होती है। साथ ही रुपए में ज्यादा गिरावट की स्थिति में रिजर्व बैंक के पास हस्तक्षेप का भी मौका होता है।

# किफायती आवास की बिक्री बढ़ाने के लिए करों में छूट दे सरकार: नरेडको

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने पिछले कुछ समय से किफायती आवासों की घटती बिक्री पर चिंता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे निपटने के केंद्र और राज्य सरकारों को करों में छूट देनी चाहिए।

नरेडको के 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर बात करते हुए हीरानंदानी ने कहा कि पिछली छह तिमा. हियों में किफायती आवासों की बिक्री में कमी आई है। इसका कारण यह है कि पिछले कुछ समय में जमीन की कीमत बढ़ी है, निर्माण की लागत बढ़ी है, सरकारी कर और अन्य सभी चीजें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों पर पुनर्विचार की जरूरत है। यह सिर्फ दिल्ली या एक दो शहरों की बात नहीं है, पूरे देश में जमीन की कीमत बढ़ रही है। हर जगह सर्किल रेट बढ़े हैं। जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर), स्टांप ड्यूटी, डेवलपमेंट शुल्क बढ़ाते समय वे (सरकार में बैठे लोग) सोच नहीं रहे हैं कि हमें किफायती आवासन को बढ़ावा देने की जरूरत है। सम्मेलन में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस समय देश में किफायती 94 लाख किफायती आवासों की कमी है, जो साल 2030 तक बढ़कर तीन करोड़ पर पहुंच जाएगी। देश के आठ बड़े शहरों में मांग की तुलना में आपूर्ति मात्र 36 प्रतिशत है, जबकि साल 2019 में आपूर्ति मांग से पांच प्रतिशत अधिक थी। हीरानंदानी समूह के सह संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री हीरानंदानी ने बताया कि उन्होंने सम्मेलन में और केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलों के सचिव के साथ चर्चा में स्पष्ट कहा है कि इस पर सरकार को राहत देनी होगी।




## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत में...** हुए इसे मानवता के आधार पर देखने की बात कही। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की। उन्होंने रवाना होने से पहले सोशल मीडिया पर लिखा था कि इस दौरे का मकसद भारत और जापान के बीच खास रणनीतिक और ग्लोबल साझेदारी को मजबूत करना है। जापान के बाद मोदी 31 अगस्त को चीन पहुंचेंगे। मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग पर कहा कि भारत इस संघर्ष को हमेशा मानवता के आधार पर देखता है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी हमारे रुख की सराहना की है। दोनों नेताओं ने मुझसे बात भी की। मोदी ने संघर्ष को सुलझाने के लिए बातचीत करने की बात कही। मोदी की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगा रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। मोदी ने कहा कि भारत और जापान की साझेदारी भरोसे पर बनी है। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों और दुनिया के लिए शांति, प्रगति और समृद्धि का साझा सपना लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने अगले भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता दिया। मोदी ने कहा कि हमारा मानना है कि जापानी टेक्नोलॉजी और भारतीय टैलेंट साथ आ जाए, तो जीत पक्की है। जहां हम हाई-स्पीड रेल पर काम कर रहे हैं, वहीं अगली पीढ़ी की मोबिलिटी साझेदारी के तहत हम बंदरगाहों, एविएशन और जहाज निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति करेंगे। चंद्रयान 5 मिशन में सहयोग के लिए, इसरो और जाक्सा (जापानी स्पेस एजेंसी) के बीच बनी सहमति का स्वागत करते हैं। हमारी साझेदारी पृथ्वी की सीमाओं को पार करेगी और अंतरिक्ष में भी मानवता की डेवलपमेंट का प्रतीक बनेगी।' मोदी ने ह्यूमन रिसोर्स एक्सचेंज प्लान के तहत अगले 5 सालों में अलग-अलग सेक्टर में दोनों देशों की तरफ से 5 लाख लोगों के एक्सचेंज को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि हमारा ज्वाइंट क्रेडिट मेकेनिज्म एनर्जी के लिए एक बड़ी जीत है। यह ग्रीन एनर्जी पार्टनरशिप हमारी इकोनॉमी की तरह मजबूत है। इसी दिशा में हम सस्टेनेबल फ्यूल और बैटरी सप्लाई चेन पार्टनरशिप भी शुरू कर रहे हैं। इसके साथ ही मोदी ने दोनों देशों के लिए हाई टैक्नोलॉजी सेक्टर में सहयोग बढ़ाने और प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस मामले में, डिजिटल साझेदारी 2.0 और एआई सहयोग पर काम किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर और रेयर अर्थ मटेरियल हमारे एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। मोदी ने कहा कि हमने अगले 10 सालों में जापान से भारत में 10 ट्रिलियन एन. (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) के निवेश का टारगेट रखा है। भारत और जापान के स्माल और मीडियम उद्योग और स्टार्टअप को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। पीएम मोदी ने जापानी पीएम इशिबा को स्वागत के लिए आभार दिया। उन्होंने कहा कि दोस्तों, हमने अपने खास स्ट्रैटजी से ग्लोबल साझेदारी में एक नए और सुनहरे अध्याय की नींव रखी है। हमने अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। हमारे विजन के केंद्र में निवेश, नवाचार, आर्थिक सुरक्षा, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्क शामिल हैं। जापानी पीएम इशिबा बोले- 6 साल पहले मुझे वाराणसी आने का सौभाग्य मिला था। जहां मैं भारत के भारतीय इतिहास को देखकर हैरान रह गया था। पीएम मोदी और जापानी प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा की मौजूदगी में दोनों देशों के विदेश सचिवों ने हाइड्रोजन-अमोनिया और खनिज से जुड़े समझौते की फाइल एक्सचेंज की।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कार्तिक का शव गांव पहुंचते ही बिलख उठे परिजन, नम आंखों के बीच दी विदाई

## जम्मू कश्मीर वैष्णो देवी भूस्खलन में हुए हादसे में कार्तिक सहित छह लोगों ने गवाई जान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैष्णो देवी माता के दर्शन करने गए श्रद्धालुओं के साथ हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे नगर को शोक में डूबा दिया। श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ माता वैष्णो देवी माता दर्शन के लिए निकले थे, लेकिन हादसे से कई परिवारों में मातम छा गया। कश्मीर में हुए भूस्खलन हादसे में रामपुरी शाहबुद्दीनपुर रोड के 22 वर्षीय कार्तिक मौत के बाद जनपद मुजफ्फरनगर गहरे सदमे में है क्योकि कार्तिक अपने घर का इकलौता चिराग था और उसकी मौत के साथ-साथ पांच लोगों की मौत की खबर आने से चारो ओर शोक छाया हुआ है। देर रात कार्तिक का शव उनके पैतृक गांव पहुंचा तो गांव में भी कोहराम मच गया।

कार्तिक के अंतिम दर्शन करने के लिए रिश्तेदारों के साथ पूरे गांव की भीड़ यहां इकट्ठा थी और कार्तिक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं रामपुरी में चार परिवारों के 23 लोगों में पांच ओर लोगों की मौत से अभी तक जहां परिजनों में मातम सा बना रहा वहीं लोगों व पीड़ित परिवार में नेताओं और अधिकारियों के प्रति आक्रोश देखने को मिला। बता दे कि आबकारी मौहल्ला थाना शहर कोतवाली के निवासी सिविल इंजीनियर मिन्टू कश्यप के इकलौते पुत्र 22 वर्षीय कार्तिक की मौत और उसके पिता-माता और दो बहनों के घायल होने से नगर में शोक छाया हुआ था। कार्तिक का शव हादसे के दो दिन बाद उनके पैतृक गांव अलीखुर्द पहुंचा और उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दे कि 24 अगस्त को मिन्टू कश्यप अपनी पत्नी संगीता देवी, बेटी उमंग, बेटा कार्तिक और भांजी वैष्णवी के साथ जम्मू में वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए थे। जब वह 26 अगस्त को दर्शन करने के बाद वापस लौट रहे थे तो अर्द्धकुमारी के निकट भूस्खलन की चपेट में पूरा परिवार आ गया। इस हादसे में मिन्टू कश्यप का परिवार ही नहीं बल्कि इस दौरान रामपुरी व नगर के अन्य मौहल्लों से कई परिवार गए हुए थे बता दे कि 23 श्रद्धालुओं का दल धर्मवीर के नेतृत्व में गया था और इस इस दल में एक दर्जन मासूम बच्चे भी थे जिसमें अब तक के 6 लोगों की मौत की खबर आ चुकी है। अजय प्रजापति के बेटे नौ वर्षीय अनन्त, आठ वर्षीय जितेश की मौत की खबर है तो बेटी पूर्वी और अजय को गंभीर बताया जा रहा है। इन श्रद्धालुओ में 49 वर्षीय रामबीरी पत्नी इन्द्रपाल व उनकी 22 वर्षीय पुत्री अंजली और पत्नी 48 वषीय ममता की भी मौत की खबर है।

जैसे-जैसे मौत की खबर परिवार को लगी तो और चारो ओर शोक छा गया था। 28 अगस्त को सभी के परिजन शवों को लेने के लिए जम्मू के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है कि अभी भी भारी वर्षा के चलते रास्ते बंद होने के कारण कोई भी पठानकोट से आगे नहीं बढ पा रहे और जम्मू में भी मोबाइल के नेटवर्क काम नहीं कर रहे है जिससे परिजनों की बात नहीं पा रही है कुल मिलाकर अब तक मुजफ्फरनगर पहुंचे कार्तिक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पीड़ित परिवार से मिले: गौरव स्वरूप

भाजपा नेता गौरव स्वरूप, केशव मंडल अध्यक्ष नंद किशोर पाल, सुनील दर्शन भाजपा नेता, रजत धीमान सभासद, अर्जुन प्रजापति सभासद, शलभ गुप्ता नेता, जनार्दन विश्वकर्मा नेता के साथ रामपुरी मै पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिले। ओर शोक प्रकट किया तथा पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया तुरंत एस.डी. एम. साहब से बात की ओर मोके पर बुलाकर वहाँ मृतको ओर घायलो की स्थिति का जायजा लिया और कहा कि कुछ के माता, पिता भाई, बहन छीन गये हम उनको वापिस तो नही ला सकते परन्तु उनसे दुख साझा कर दुख को कुछ कम किया जा सकता है एस डी एम साहब से गौरव स्वरूप ने कहा कि शासन प्रशासन की ओर से मृतको ओर घायलों को आर्थिक मदद करवाने का भी अनुरोध किया जिसपर एस. डी. एम साहब ने यथा संभव मदद का आश्वासन दिया।

## मृतक आश्रितों को मिलेगी 15 लाख की आर्थिक सहायता

**■ मंत्री कपिल देव पहुंचे पीड़ित परिवार के बीच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी यात्रा के दौरान भूस्खलन में हुए दर्दनाक हादसे के बाद पीड़ित परिवार के घर लोगों के साथ नेताओं का भी आवागमन लगा हुआ है और सभी पीड़ित परिवार को सांत्वना दे रहे है। इस बीच व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विभाग के मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे और उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतक आश्रितो को चार लाख और श्री माता वैष्णो देवी शाइन बोर्ड ने पांच लाख तथा आपदा प्रबंध कोश ने चार लाख रूपये आर जम्मू कश्मीर सरकार ने दो-दो लाख रूपये राहत कोष से देने की घोषणा की है।

इस समय वह चंडीगढ़ प्रवास से लौटे थे और सीधे मंत्री कपिल देव अग्रवाल शाहबुद्दीनपुर रोड स्थित मृतक श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे।

उन्होने पीड़ित परिवार का ढांढस बढ़ाया और आश्वासन दिलाया कि दुख की इस घडी में सरकार और समाज हर तरह पीड़ित परिवार के साथ है और उनके सहयोग के लिए खडे है उन्होने कहा कि यह आपार क्षति पीड़ित परिवार की नहीं पूरे जनपद की है।

## केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने परिजनों को दी सांत्वना



**मुजफ्फरनगर।** नगर के मौहल्ला रामपुरी व दूसरे मौहल्ले के श्रद्धालुओं की जम्मू में अर्द्धकुमारी के निकट भूस्खलन के दौरान हुई मौत व कई लोगो के घायल होने से जहां क्षेत्र मे शोक छाया हुआ है वहीं नेताओं व अधिकारियों के यहां न पहुंचने पर आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। मृतकों में दो मासूम सगे भाई दिपेश व अनन्त और दूसरे परिवार से मां-बेटी राजबीरी और अंजली तथा ममतेश शामिल है। रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी उनके पैतृक गांव में पहुंचे और अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

बताया जाता है कि रामपुरी शाहबुद्दीन पुर रोड बिजनौर लोकसभा और पुरकाजी विधानसभा में पड़ता है और इस बात को लेकर भी झुठलाया नहीं जा सकता कि 6 श्रद्धालुओं की मौत से नगर ही नहीं पूरा जनपद गमगीन है। इस दौरान मौहल्ले के लोगों ने नेताओं व अधिकारियों के दुख की घडी में शामिल न होने से नाराजगी दिखी तो कुछ नेताओं ने पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर उन्हे हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। बता दे कि धर्मवीर प्रजापति के नेतृत्व में 25 अगस्त को 23 श्रद्धालु ट्रेन द्वारा कटरा पहुंचे थे और इसके बाद माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यात्रा शुरू की और 26 अगस्त को भूस्खलन में उक्त श्रद्धालु हादसे का शिकार हो गए। इस दौरान जम्मू से तरह-तरह की खबरे आती रही जिनमें कुछ लोग छह लोगों की मौत पर सदमें में दिखे तो घायल श्रद्धालुओं की बात सुनकर लोगों की आंखे नम दिखाई पड़ी। वहीं कुछ लोग यह भी दिखाई दिए कि अभी कई श्रद्धालु लापता है। कुल मिलाकर दुख की इस घडी में सांसद चंदन चौहान और कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के यहां न पहुंचने से नाराज दिखाई दिए। उन्होने जिले के प्रशासन पर भी नाराजगी व्यक्त की। शुक्रवार की सवेरे पीड़ित परिवार व मौहल्ले वासियों ने यहां पर प्रदर्शन किया और नेताओं पर आरोप जड़े। इसी बीच प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव यहां पहुंचे उधर पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान भी रामपुरी पहुंचे थे और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हे हर संभव मदद का भरोसा दिया था। उधर रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी भी कार्तिक के पैतृक गांवपहुंचे और उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# बारिश से टापू बना शहर, अस्पताल की दीवार गिरी

## जानसठ रोड स्थित एसकेबीएम आरोग्यम अस्पताल में घुसा पानी, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सुबह शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे जिले में जल निकासी की व्यवस्था की एक बार फिर पोल खोल जन जीवंत अस्त-व्यस्त कर दिया। पूरे जिले में चंद घंटे की इस बारिश ने जन जीवन को प्रभावित किया। शहर की प्रमुख सड़कें नदी जैसी बहने लगीं और निचले इलाकों में जलभराव से हालात बिगड़ गए। जानसठ रोड स्थित एसकेबीएम आरोग्यम अस्पताल की दीवार अचानक ढह गई, जिससे कई वाहन मलबे में दब गए और अस्पताल का बेसमेंट पानी से भर गया।

शहर का हृदय स्थल गोल मार्किट, शिव चौक और तहसील मार्किट सहित कई बाजारों में हालात बद से बदतर नज़र आए दुकानों में पानी घुस जाने से व्यापारियों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। वहीं, मोहल्लों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक घरों, दुकानों और स्कूलों में पानी घुस जाने से लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ। बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित होने से मुसीबत और बढ़ गई। शुक्रवार की सुबह से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने पूरे जनपद में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। झमाझम बारिश जहां लोगों के लिए राहत बनकर आई, वहीं शहर और कस्बों में जलभराव ने हालात बिगाड़ दिए। निचले इलाकों से लेकर पॉश कॉलोनियों तक पानी भर गया, दुकानों और घरों में कीचड़ व बारिश का पानी घुसने से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। जानसठ रोड स्थित एसकेबीएम आरोग्यम अस्पताल की दीवार अचानक भरभरा कर गिर गई, जिससे वहां खड़े कई वाहन मलबे में दब गए। अस्पताल के बेसमेंट में भी पानी भर गया। यह पहला मौका नहीं है, इससे पहले भी भारी बारिश के दौरान अस्पताल में जलभराव से अल्ट्रासाउंड सहित कई मशीनें खराब हो चुकी थीं और वाहन क्षतिग्रस्त हुए थे।शहर के शिव चौक, गोल मार्किट, तहसील मार्किट समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में जलभराव ने व्यापारियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। तहसील मार्किट के बेसमेंट में पानी घुसने से दुकानों का माल खराब हो गया। वहीं, लद्दावाला, जनकपुरी, रामपुरी, खालापार, किदवईनगर, मल्हुपुरा और अन्य निचली बस्तियों के साथ ही भरतिया कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, प्रेम विहार और पटेलनगर जैसे पॉश इलाकों में भी हाल बेहाल रहा। सुजड़ू क्षेत्र के कुंगर पट्टी, मदीना मस्जिद के आसपास तो पानी नदियों की तरह बहता नजर आया। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने सभासदों और नगरपालिका पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि साल में सिर्फ त्योहारों से पहले नालों की सफाई होती है और बाकी समय नेताओं का ध्यान सिर्फ चुनाव के समय वोट मांगने पर रहता है। लगातार हो रही बारिश से कई जगह बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लाइनों में फॉल्ट आने के कारण दोपहर बाद तक लोगों को बिजली नहीं मिली, वहीं पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। वाहन चालकों को पानी से भरी गलियों और सड़कों पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्कूल जाने वाले बच्चे भी जलभराव में फंस गए। हालांकि, लगातार हो रही बारिश ने उमस और गर्मी से राहत दी है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम सुहा. वना हो जाने से लोगों ने ठंडक का आनंद लिया, लेकिन बारिश रुकने के बाद हवा बंद होती ही उमस गहरा गई और लोग फिर से चिपचिपी गर्मी से बेहाल नजर आये।

# बारिश का पानी छोड़े जाने की आशंका पर प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारी बारिश के अलर्ट और उत्तराखंड से पानी छोड़े जाने की आशंका के शासन से जारी हुए फरमान के बाद पुलिस और फायरकर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी गई है। इसके अलावा जर्जर भवनों को खाली करने और पानी से प्रभावित होने वाले गांवों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि डॉयल 112 के माध्यम से गांव-गांव में एलाउसमेंट कराया जा रहा है।

पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के साथ मुजफ्फरनगर और आसपास के जनपदों में भारी बारिश की संभावनाओं के मद्देनजर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने पुलिस और प्रशासन की टीम को अलर्ट रहने के लिए कहा है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि जिले में बारिश और उत्तराखंड से पानी छोड़े जाने की आशंका के मद्देनजर खादर क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। डॉयल 112 की गाडियों के माध्यम से लोगों को नदियों से दूर रहने के लिए कहा जा रहा है। खासतौर से जर्जर भवनों को खाली कराने की हिदायत दी जा रही है, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो सके। प्रशासन की तरफ से जर्जर भवनों पर नोटिस भी चस्पा कराएं जा रहे हैं।




# मोबाइल लूट के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**■ पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से पहुंची बदमाशों तक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने रूड़की रोड से एक व्यक्ति का मोबाइल लूट कर फरार हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस घटना के बाद से ही सीसीटीवी कैमरे खंगालने में लगी हुई थी।

सिविल लाइन पुलिस की माने तो 27 अगस्त को बाइक सवार दो बदमाशों ने रूड़की रोड पर एक व्यक्ति का मोबाइल लूटा था। पीड़ित के थाने पहुंचने पर पुलिस ने तहरीर लेकरमुकदमा दर्ज कर लिया था।

इसके बाद पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए मोबाइल लूट कर फरार हुए आरोपी तक पहुंचने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली। लोगों को जब मोबाइल में फोटो दिखाई दी तो बदमाशों की पहचान हुई। पुलिस ने इस मामले में अनस पुत्र रईस निवासी गढ़ी हसनपुर थाना झिंझाना व अलताफ पुत्र राशिद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद दोनो को जेल भेज दिया है।




मुजफ्फरनगर: बारिश के बाद टापू बना शिव चौक।



मुजफ्फरनगर:आरोग्यम हॉस्पिटल की गिरी दीवार का मलबा।

# विद्युत संविदाकर्मी पर साइबर ठगी का आरोप

**■ मोबाइल का डाटा हायर कर ग्रामीणों को ठगता था दीपक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बिजली विभाग ने संविदाकर्मी रिडिंग रीडर जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार हुआ है। मीटर रीडर अपने परिचितों का डाटा हायर करके उनके खाते से रकम उड़ाता था। उक्त आरोपी ने चरथावल के एक ग्रामीण का भी डाटा इकट्ठा कर उसके खाते से रूपये निकाल लिए है।

शिकायत के बाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दू सिद्धार्थ की माने तो थाना चरथावल क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी जहान सिंह ने एसएसपी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उसके खाते से हजारों रूपये की नगदी निकाली गई है एसएसपी ने इस मामले की जांच साइबर थाना पुलिस को दी थी।

साइबर थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल की तो मीटर रीडर की करतूत सामने आई। पुलिस जांच के दौरान प्रकाश में आए मीटर रीडर दीपक निवासी झिंझाना को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई पता चला कि दीपक बिजली विभाग में संविदाकर्मी है और वह गांव-गांव में घुमकर रीडर निकालता है। शिकायतकर्ता से दीपक की मुलाकात हुई जहां संविदाकर्मी ने बड़ी सफाई के साथ पीड़ित के मोबाइल का डाटा हायर किया और उसके आधार कार्ड की कॉपी कर ली इसके बाद ग्रामीण के खाते से रकम निकाल ली।

एसपी क्राइम का कहना है कि आरोपी ने एक गैंग बना रखा है और वह अब तक कई लोगों से ठगी कर चुका है। मीटर रीडिंग की आड में ही वह लोगों को अपना शिकार बनाता है। शिकायतकर्ता के खाते से 80 हजार निकाले गए और कई ओर लोगों के खाते से भी नगदी साफ की।

कुछ मामलों मे मुकदमे दर्ज नहीं किए गए इसलिए आरोपी बड़ी सफाई के साथ घटना को अंजाम देता रहा। पुलिस ने जहानसिंह द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# अग्निवीर भर्ती: मुरादाबाद-गाजियाबाद के युवाओं ने लगाई दौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अग्निवीर बनने का सपना लेकर भर्ती रैली में आज मुरादाबाद और गाजियाबाद युवाओं ने दौड़ और अन्य प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम मैदान में चल रही अग्निवीर भर्ती के दौरान सैन्य भर्ती अधिकारियों ने रैली स्थल का दौरा कर संपूर्ण व्यवस्था का निरीक्षण किया। भर्ती रैली को सुचारू रूप रो संपन्न कराने के लिए आर्मी भर्ती कार्यालय द्धए.आर.ओ.ऋ मेरठ में स्थानीय सैन्य अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। इसमें किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने उम्मीदवारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसी भी दलाल या एजेंट के बहकावे में न आएं। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति संपर्क करता है तो तुरंत भर्ती संगठन को सूचित करे अग्निवीर भर्ती रैली में युवाओं का जोश निरंतर देखने को मिल रहा है।






**आदर्श महिला मर्कन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**
27A/1, New Mandi Muzaffarnagar, U.P. 251001

**महत्वपूर्ण सूचना**

आदर्श महिला मर्कंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के सभी सम्मानित शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक की एक विशेष सामान्य निकाय बैठक दिनांक 15 सितम्बर 2025 (सोमवार) शाम 4:00 बजे बैंक के प्रधान कार्यालय - 27A/1, न्यू मंडी, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) में आयोजित की जाएगी।

सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में सम्मिलित हो कर इसे सफल बनाएं।

**बैठक की कार्य सूची (Agenda):**

इन्नोवेटिव को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड, दिल्ली के आदर्श महिला मर्कंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) में प्रस्तावित विलय योजना पर विचार करना एवं अनुमोदन प्रदान करना।

द्वारा, आदर्श महिला मर्कंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
(कैलाश चंद गोयल)
(अध्यक्ष)

# खतौली नगर फिर बना तालाब, नाले बंद होने से जनता बेहाल

## पालिका की कार्रवाई पर उठे सवाल, बारिश के बाद घंटों जलभराव में डूबा रहा नगर

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए शुक्रवार की मूसलाधार बारिश ने खतौली की सच्चाई उजागर कर दी।

पालिका द्वारा वर्षों पुराने नालों को बंद कर सड़क बनाने की कार्रवाई ने बरसात के दिनों में नगरवासियों की परेशानी और बढ़ा दी है। नतीजा यह हुआ कि तेज बारिश के कुछ ही देर बाद पूरा खतौली नगर एक टापू में तब्दील हो गया। रेलवे रोड, सैनी नगर, होली चौक और जीटी रोड जैसे प्रमुख इलाकों में गंदे पानी का समुद्र फैल गया। हालात यह रहे कि बारिश रुकने के घंटों बाद भी लोगों को जलभराव से राहत नहीं मिल सकी। गली-मोहल्लों में पानी भरा रहने के कारण लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए।

नगरवासियों का कहना है कि पालिका ने नालों को बंद करने का विरोध करने के बावजूद उनकी आवाज को अनसुना कर दिया। यही नहीं, पालिका प्रशासन ने दावा किया था कि नालों में पाइप डालकर पानी की निकासी की जाएगी, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि



चुनाव आते ही नेता जलभराव से मुक्ति दिलाने के बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन आज तक खतौली की दशकों पुरानी इस विकट समस्या का समाधान कोई नहीं करा सका। नतीजतन हर बरसात में नगर तालाब बन जाता है और जनता परेशानियों का दंश झेलती है।

# अपराधियों के हौंसले पस्त, रहम की भीख मांग रहे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर जहाँ आज प्रदेश की गिनती अपराध मुक्त प्रदेशो मे होने लगी है आज व्यापारी दूसरे प्रदेशो से आकर उत्तर प्रदेश मे अपना व्यापार करना चाहते हैस बड़े बड़े माफिया अपराध से तोबा कर अपना सीधा जीवन व्यतीत कर रहे हैस अपराधी अपने गले मे तखती डालकर अपराध से तोबा कर रहम की भींख मांग रहे है।

योगी सरकार के आठ वर्ष से अधिक बीतने के बाद भी कुछ नाग अपने फन को उठाकर चोरी छिपे गलत कार्य को अंजाम देना चाहते हैस लेकिन अवैध कार्यो मे अधिक धन कमाने की चाहत के चलते यह अपराधी यह भूल जाते है की अब प्रदेश मे योगी की सरकार है बड़े बड़े माफिया भी जेलों की हवा खाने पर मजबूर हैस और बड़े बड़े अपराधी जोकि समाज मे भय का वातावरण फैलाकर लोगो को डराते थे वह भी अब गैर कानूनी कार्यो से दूर हैस लेकिन इतना सब होने के बाद भी चरथावल मे पूर्व ने उत्तर प्रदेश मे सत्ता मे रही एक पार्टी का कार्यकर्ता वसीम गैर कानूनी कार्यो को अंजाम देने की फिराक मे रहता है और तो और वह पत्रकारों तक को फर्जी मुकदमे मे फसाने की धमकी और अवैध कार्यो को अंजाम देना चाहता है बल्कि एक ग्रुप बनाकर आम लोगो की आवाज को दबाना चाहता है लेकिन वह भूल जाता है की प्रदेश मे अब ऐसी सरकार नहीं है सजोकि अपराधियों को संरक्षण दे बल्कि योगी की सरकार है अब किसी भी अपराधी का गलत कार्य नहीं चलेगा सक़ानून के तहत ही बड़े से बड़े अपराधी को अपना जीवन गुजरना पड़ेगा। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस अपराधी के काले कारनामो से अवगत कराया है सबल्कि यह बोखलाहत मे खबर छापने पर पत्रकार सादिक पर फर्जी मुकदमा व अंजाम भुगतने तक की धमकी दे रहा हैस और कह रहा है मेरे अवैध कार्य रुकने से बहुत बड़ा नुकसान हुआ है पीड़ित पत्रकार भय के वातावरण मे जी रहा है और उसने मुख्यमंत्री सहित आलाधिक. ारियो को भी इस अपराधी के कार्यो से अवगत करा दिया है। पत्रकार संगठनों ने भी इस माफिया के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# सौतेली मां की हत्या का प्रयास

**मोरना।** कस्बा भोकरहेड़ी में विधवा ने सौतेले पुत्र व उसके अज्ञात साथी पर विद्युत करंट लगाकर जान से मारने के प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। तहरीर देने के बावजूद आरोपी युवक पर उचित कार्रवाई न करने के आरोप लगाते हुए पीडिता ने उच्चाधिकारियो से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला कलालान निवासी महिला रिहाना ने बताया कि उसके पति महताब की मृत्यु हो चुकी है। महताब की पहली पत्नी की भी मौत हो गई थी, पहली पत्नी के दो बच्चे हैं। बड़े सौतेले पुत्र ने जमीन पर कब्जा कर रखा है और चोरी छिपे फसल बेंच दी है। सौतेला पुत्र आये दिन उसके साथ मारपीट करता है। रिहाना ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात जब वह छत पर सो रही थी तभी उसका सौतेला पुत्र अपने अज्ञात साथी के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी तथा पास में रखे बिजली के तार से हाथ और पैरों में करंट लगाकर जान से मारने की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। बेहोशी की हालत से संभलने के बाद उसने परिजनों को घटना की जानक. ारी दी।महिला ने उच्चाधिकारियो से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# आकाशीय बिजली ने ली मादा शूकर की जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** भारी बारिश के बीच तेज़ चमक और गरजना के साथ गिरी आकाशिय बिजली ने मादा शूकर की जान ले ली। गर्भवती शूकर की मौत से लाखों का आर्थिक नुकसान पीड़ित ने बताया है। तथा प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी सुनील पुत्र जयसिंह वाल्मीकि ने बताया की शुक्रवार की सुबह सवेरे हो रही बारिश के बीच पालतू मादा शूकर अपने स्थान पर बंद थी। इसी दौरान तेज़ चमक के साथ धमाका हुआ जिससे परिवार के सदस्य डर गये। घर के प्रांगण मे गिरी आकाशीय बिजली से मादा शूकर की मौत हो गयी। सुनील ने बताया की शूकर गर्भवती थी। जिसकी मौत से उसे लाखों का नुकसान हुआ है।

देवीये आपदा से पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। वहीं पूर्व प्रधान अजय कुमार बिट्टू, ग्राम प्रधान प्रति. निधि सहदेव एडवोकेट, भाजपा नेता अनुज गोयल ने पीड़ित के लिए आर्थिक मदद की मांग प्रशासन से की है।वहीं पशु चिकित्सक द्वारा मृत के शव का पोस्ट मार्टम किया गया।

# गणेश जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति , जय माँ शक्ति मंदिर, पटेल नगर, नई मंडी द्वारा भगवान गणेश जी का जन्मोत्सव धूमधाम से बड़ी धर्मशाला में मनाया जा रहा है जिसमे आज मोर्निंग ग्लोरी पब्लिक स्कूल, लक्षण विहार के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर दीप प्रज्वलन हर्षवर्धन जैन (अर्चना साड़ी वाले) ,उमा स्वरूप, दीपा तायल (मोर्निंग ग्लोरी पब्लिक स्कूल) ने किया। मुख्य अतिथि डॉ प्रवेश, राजेश मित्तल( भारत विकास परिषद), कार्यक्रम में उपस्थित रहें एवम भक्ति वंदना प्रस्तुत कर रहें बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। श्री सिद्धि विनायक श्री गणेश जन्मोत्सव समिति के



संस्थापक संजय कुमार गर्ग,अध्यक्ष रामपाल तायल, उपाध्यक्ष पंकज सिंघल बॉबी, अंकित गर्ग, सचिव समकित जैन, नितिन गोयल,उपसचिव देशपाल (सिद्धार्थ स्टूडियो),संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, मंत्री देवेंद्र कुमार बंसल,गौरव गुप्ता, संगठन मंत्री विपिन पाल (कश्मीर स्टूडियो), पवन कुमार (सतीश चाय वाले), प्रचार मंत्री दिनेश पाल, संजय अग्रवाल,भंडार मंत्री सचेंद्र मित्तल, अंकुर अग्रवाल ,विजय सैनी, ऑडिटर सी.ए अमित कुमार (अमित अरविंद एण्ड एसो.) मौजूद रहे।

# अश्लील टिप्पणी कर मोबाइल शॉप संचालिका के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव जौली में मोबाइल दुकान संचालिका के साथ अश्लील टिप्पणी का विरोध करने पर मारपीट का मामला प्रकाश में आया पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की। वहीं मारपीट की घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव जौली निवासी महिला ने बताया कि वह अपने पुत्र के साथ घर के सामने मोबाइल रिपेरिंग की दुकान चलाती है।गांव का ही व्यक्ति उसपर गलत निगाह रखता है। तथा रास्ते में आते जाते अश्लील टिप्पणी करता रहता है। गुरुवार की देर शाम जब आरोपी दुकान के सामने से अश्लील टिप्पणी करता हुआ निकला तो पीड़िता ने इसकी शिकायत पति से की जब विरोध करने पर आरोपियों ने इकट्ठा होकर घर पर चढ़ाई कर दी और पीड़िता के बाल पकड़ कर सिर दीवार में मारा तथा नाजुक अंगों पर प्रहार किया। तथा पति के साथ भी मारपीट की।

शोर सुनकर आये पड़ोसियों ने पीड़ितों की जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। वहीं मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


## सूचना

मै अरविन्द पुत्र श्री दलेल सिंह, निवासी 75, खादर वाला, मुज़फ्फरनगर ने अपना नाम अरविन्द से बदलकर अरविन्द कुमार कर लिया है। अब से मुझे भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए अरविन्द कुमार के नाम से जाना जायेगा।

**अरविन्द कुमार पुत्र श्री दलेल सिंह, निवासी ,75, खादर वाला, मुज़फ्फरनगर ( उ प्र )**


# एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**बुढ़ाना।** शुक्रवार को ब्लाक बुढाना में स्थित कृषि प्रसार भवन के मीटिंग हाल में यूपी मिलेट्स श्री अन्न पुनरोद्वार कार्यकम के अन्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ।

जिसमे लगभग 65 ख्रषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में मोटे अनाज श्री अन्न की उपयोगिता के बारे में डाक्टर सत्यवीर सिंह सिरोही ने बताया कि मिलेट्स श्री अन्न के खेती और उपभोग को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश में श्री अन्न पुन. रोद्धार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें किसानों को मिलेट्स की वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया जा रहा है और मिलेट्स उत्पादन व विपणन के लिए आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। कृषि विज्ञान केन्द्र बघरा की वरिष्ठ




वैज्ञानिक डाक्टर रीना द्वारा भी मोटे अनाज की बुवाई, कटाई व नवीन तकनीकी की जानकारी दी गयी। एसडीओ एग्रीकल्चर रविन्द्र पंवार ने भी किसानो को राजकीय कृषि निवेश बीज भण्डार पर मिनी किट निशुल्क वितरण के बारे में जानकारी दी। एसएमएस रविन्द्र कुमार ने भी मोटे अनाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी और कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्रशिक्षित करना है। यहां कृषि विभाग के कर्मचारी अक्षय तोमर, संदीप कुमार, विशाल राठी, शिवकुमार, युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा, जय भगवान, बिज. ेंद्र सिंह और विनोद कुमार सहित अन्य कृषकों की भी उपस्थित देखने को मिली।

# मेपल्स एकेडमी में हुआ शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कांधला रोड पर गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप स्थित शिक्षण संस्था मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के भय परिसर में आज शुक्रवार के दिन शतरंज चैम्पियन शिप का सफल आयोजन किया गया।

जिसमें छात्र छात्राओं ने शतरंज के खेल में दिलचस्पी लेते हुए एक दूसरे को मात देने का काम किया। इसमें शिक्षकों का भी सहयोग देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेपल्स एकेडमी ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा यहां पर एक इंटर हाउस शतरंज चौंपियनशिप का भी आयोजन किया गया। जिसमें भगत




हाउस के छात्र आदित्य कुमार ने मेपल्स शतरंज मास्टर का खिताब हासिल कर सभी की वाहवाही लूटी। यहां पर बच्चों को शतरंज के खेल के विषय में भी जानकारी दी गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के प्रबंधक राजीव गर्ग, मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव, वर्षा चौधरी, मीनाक्षी राज, आशीष कुमार, अमित पंवार, परिधि गुप्ता और शांतनु कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रविश व उसकी पत्नी श्रीमती तसमीम उर्फ मुन्नी मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गए हैं तथा हमारे साथ गाली गलौच व मारपीट करते हैं। इसलिए मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी या परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**नूर मौहम्मद पुत्र युसुफ निवासी- 461 न्याजूपुरा, थाना कोतवाली नगर, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र विशाल अरोडा व पुत्रवधू अन्जना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है। आये दिन मेरे व मेरे व मेरे परिवार के साथ लडाई झगडा व गाली-गलौच करते रहते है। इस कारण मै व मेरा परिवार विशाल अरोडा व पुत्रवधू अन्जना व उसके बच्चों से कोई सम्बन्ध वास्ता रखना नही चाहता है तथा मै विशाल अरोडा व पुत्रवधू अन्जना को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मनोज कुमार पुत्र स्व.श्री कुन्दन लाल निवासी म.न.-89/90 पटेलनगर थाना नई मंडी तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

## सूचना

मेरा पुत्र विशाल मेरे कहने सुनने में नही है और विशाल मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौच बदतमीजी करता है। मैने व मेरे परिवार ने विशाल को कई बार समझाया लेकिन वह अपनी हरकतो से बाज नही आ रहा है। विशाल का उठना बैठना गलत लोगों में है। इस कारण मैने अपने पुत्र विशाल को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरी चल-अचल सम्पत्ति से विशाल का कोई मतलब वास्ता नही रहा। आज के बाद विशाल अपने सभी प्रकार के कृत्य, लेन-दिन व वाद विवाद के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुरेन्द्र पुत्र दिलावर निवासी ग्राम जटमुझेडा थाना नई मंडी जिला-मुजफ्फरनगर**

## सूचना

मेरा पुत्र विवेक कुमार सिंह उर्फ जोन्टी जोकि विवाहित है जिसका गलत लोगों के साथ उठना बैठना है जो गैर कानूनी कार्यो में लिप्त रहता है जब मै उसे गलत कार्यो से रोकता हूॅ तो वह मेरे साथ दुर्व्यवहार करके हलावर होता है और जान से मारने की धमकी देता है। इस कारण मैने अपने पुत्र विवेक कुमार सिंह उर्फ जोन्टी से सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये है और मै उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूॅ, मेरा अब उससे कोई मतलब वास्ता नही रहा है और न ही मै उसके किसी भी कार्य व लेन-देन के प्रति जिम्मेदार नही हूॅ।

**कुशलपाल सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी -ग्राम गडवाडा, थाना भोपा जिला-मुजफ्फरनगर**

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे स्वर्गीय पिता का नाम पहले ALI MAU था जो कि गलत था। इसलिए अब उनका नाम ALI MAU से बदलकर ALI MOHAMMAD रख लिया गया है। अब आगे से भविष्य में मेरे पिता को ALI MOHAMMAD के नाम से ही जाना पहचाना जाए।

**प्रार्थी: गुलशेर अली पुत्र अली मौहम्मद ( ALI MOHAMMAD), हाऊस नंबर 345, ग्राम रियावली नंगला, थाना रतनपुरी, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, पिन कोड नंबर-251309**


# लायंस क्लब उन्नति ने मनाया गणपति उत्सव

**मुजफ्फरनगर।** लायंस क्लब उन्नति द्वारा गणपति उत्सव का भव्य आयोजन ग्रांड रेडिएंट इन में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम महाराष्ट्री रखी गई, जिसमें सभी सदस्य पारंपरिक परिधानों में सजधज कर पहुंचे। महिलाएं रंगबि. रंगी साड़ियों में और पुरुष लाल-हरे पीले कुर्ता-पायजामे में नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात क्लब अध्यक्ष लायन अमित मित्तल ने सभी गणपति उत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संयोजन लायन वन्दना मित्तल और लायनेड खुशबू गोयल के निर्देशन में हुआ, जिसमें लायन सचिन गोयल का भी सहयोग रहा। बाल कलाकार द्वारा गणेश स्तुति प्रस्तुत की जिसने सभी सदस्यों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लायन और लायनेड सदस्यों ने धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए और मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं गेम्स का भी भरपूर आनंद लिया।ये जानकारी क्लब के मीडिया चेयरमैन एवं डिप्टी डिस्ट्रिक गवर्नर लायन अनिल कंसल ने दी, उत्सव में डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट एम्बेसडर सीए लायन अजय अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर लायन रीना अग्रवाल, जोन चेयरमैन सीए लायन मनीष बंसल, पूर्व रीजन चेयरमैन लायन अतुल ऐरन व तनुजा ऐरन, लायनेड सुनीता कंसल, पूर्व अध्यक्ष उद्योग. पति लायन अमित गर्ग, लायन शिवांगी गर्ग, अनुभव कंसल, पूर्व अध्यक्ष लायन निखिल मित्तल, लायनेड शालू मित्तल, लायन प्रतिभा बंसल, लायन मनीष जैन व अर्चना जैन, लायन डॉ. प्रवेश, अनुपमा कर्णवाल , लायन मुकुल गोयल, नीतू गोयल, लायन राजेश मित्तल अनुराधा मित्तल, लायन राजीव माहेश्वरी, हेमलता माहेश्व. री, लायन रोहित सिंघल,पूजा



सिंघल,लायन सचिन गोयल व खुशबू गोयल, लायन आदित्य भरतिया,लायनेड अनुश्री भरतिया, लायन आलोक गुप्ता, लायन रेणु गुप्ता, लायन पंकज अग्रवाल, लायन रुमा अग्रवाल, लायन अनुज मित्तल एवं रूचि मित्तल सचिव लायन नितिन गोयल,व प्रगति गोयल, लायन आकाश व निधि अग्रवाल, लायन कपिल गर्ग , रिंकी गर्ग सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।इसी अवसर क्लब के सदस्यों के बच्चो ने भी अपनी प्रस्तुति देकर भरपूर आनन्द लिया,क्लब में नव नियुक्त सदस्यों लायनेड अनुराधा गुप्ता कशिश जिंदल,का भी विशेष योगदान रहा कार्यक्रम के समापन पर सभी परिवारों को छप्पन भोग का प्रसाद भी दिया गया अंत मे सभी ने स्वादिष्ट रात्रि भोज का आनंद उठाया।

# दो सप्ताह में ही बार ने निभाया अपना वायदा



**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर की करीब दो सप्ताह पूर्व की गयी घोषणा को शुक्रवार के दिन अमलीजामा पहनाया गया। जिसमें वायदे के मुताबिक बार एसोसिएशन बुढ़ाना ने बीती 16 अगस्त को बीमारी के चलते स्वर्ग सिधार गये अधिवक्ता स्वतंत्र वीर सिंह आर्य की धर्मपत्नि सुरेशवती आर्य को बार कार्यालय पर आमंत्रित कर उनको 51 हजार रुपये का चेक दिया गया। बार एसोसिएशन बुढ़ाना के इतिहास मे ऐसा पहली बार हुआ है जिसमें किसी मृतक अधिवक्ता के परिजनों को आर्थिक मदद दो सप्ताह की भीतर ही दी गयी है। इससे पहले कभी किसी मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को इस तरह से कोई भी धनराशि नहीं मिली लेकिन बार अध्यक्ष विनोद त्यागी के कार्यकाल में ऐसा पहली बार हुआ है। जिसकी चर्चा चारों और हो रही है। इस दौरान अधिवक्ता शो सिंह राणा, प्रशांत शर्मा, इलियास सैफी, अनिल कोरी, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान और श्यामवीर वर्मा सहित अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बार एसोसिएशन बुढ़ाना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबू स्वतंत्र वीर आर्य का निधन बीती 16 अगस्त को बीमारी के चलते हो गया था।

# नजरबंद रखे गए भाकियू अ राजनैतिक कार्यकर्ता

**छपार।** भाकियू अराजनीतिक कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को ज्ञापन देने का था। पुलिस ने पहले ही संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौधरी को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। दर्जनों कार्यकर्ता भी उनके साथ रहे।केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को खतौली क्षेत्र के गांव सआवटू में उद्घाटन करना था। जिसकी भनक भाकियू अराजनीतिक कार्यकर्ताओं को लग गई उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड के गायब होने मामले में एक ज्ञापन देने का कार्यक्रम बनाया। शुक्रवार को सुबह ही प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित चौधरी के आवास पर गांव दतियाना में में ही कार्यकर्ताओं सहित नजरबंद कर दिया।अंकित चौधरी ने कहा कि उनका सरकार से सीधा



सवाल है। कि अगर जगदीप धनकड सकुशल है तो उन्हें सबके सामने क्यों नहीं लाया जा रहा है जो लोग जानकारी करना चाहते हैं उन्हें डिटेन क्यों किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला है।

जयंत चौधरी का किसानों से न मिलना व इस सम्बन्ध में कुछ बात न करना भी स्पष्ट करता है कि वे कितने किसान हितैषी है।वे भूल गये कि जब इसी तानाशाह सरकार ने उनपर लाठी चार्ज किया था तो मुजफ्फरनगर के किसानों ने ही उनका साथ दिया था। सब बातों को किसान बिरादरी याद रखेगी। नितिन चौधरी, सोनू,कपिल, आदित्य, देवेंद्र, धर्मेंद्र, राजबीर सिंह, सलमान ,मासूम जैदी व सुभाष सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीराम कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया है इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र को श्रद्धांजलि दी गयी तथा महाविद्यालय में शतरंज तथा कैरम (महिला एवं पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बडी उत्सुकता के साथ प्रतिभाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा0 अशोक कुमार, निद. ेशक श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर, डा प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, डा0 सौरभ मित्तल, उप-प्राचार्य श्रीराम कॉलेज, डा विनीत कुमार डीन एकेडमिक्स श्रीराम कॉलेज आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर शतरंज (महिला वर्ग) प्रतियोगिता में बीबीए की छात्रा लवीशा प्रथम स्थान पर ललित कला विभाग की छात्रा मीनाक्षी द्वितीय स्थान तथा एमबीए की छात्रा खुशी तृतीय स्थान पर रही। वही शतरंज (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के मयंक देव प्रथम स्थान तथा बिलाल द्वितीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर कैरम (पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता में बायोसाइंस पाठयक्रम के मौ0 अकदस प्रथम हर्ष सैनी द्वितीय तथा अब्दुल खालिक तृतीय स्थान पर रहे। वही कैरम (महिला वर्ग) प्रतियोगिता में एमबीए पाठयक्रम की रीया प्रथम स्थान ललित कला की मीनाक्षी द्वितीय एवं एमबीए की ज़रीन तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदशेक डॉ0 अशोक कुमार ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके व्यक्तित्व से सम्बन्धित जानकारी विद्यार्थियों को दी तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होनें बताया कि हॉकी को राष्ट्रीय खेल बनाने में मेजर ध्यानचन्द्र की अहम भूमिका रही है।

उन्होनें कहा कि विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचन्द्र की तरह आत्मश्विास से भरपूर होकर खेलना तथा अपने लक्ष्य के प्रति केंद्रित रहना चाहिए। इस अवसर डा प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्रीराम कॉलेज ने बताया कि खेल से जहा व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ बनता है वही खेल मनुष्य को अनुशासित भी बनाता है। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को आज की वैज्ञानिक खेलकूद सुविधायें एवं पद्वतियों का लाभ उठाना चाहिये।


## सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र सं. 8470/16.8.2012 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम आनन्द कुमार अंकित नही कराया गया। वास्तविक नाम यही है। नाम पंजीकरण हेतू आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किये गया है।

**बच्चू लाल**
**414, साउथ सिविल लाईन, शाहबूदीनपुर, मु.नगर**
**मो. 7505784248**

# बोर्ड बैठक में छड़ियान मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर मंथन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर पालिका खतौली में शुक्रवार को अध्यक्ष हाजी शाहनवाज़ लालू की अध्यक्षता और ईओ राजीव कुमार के संचालन में बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी छड़ियांन धार्मिक मेले के उपरांत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य जनहित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

नगर पालिका परिषद की शुक्रवार को शॉर्ट नोटिस पर बुलाई गई बोर्ड बैठक में कुल 17 सभासद मौजूद रहे। बैठक में रखे गए प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान दो सभासदों ने असहमति दर्ज कराई, जबकि शेष 15 सभासदों ने सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया।बैठक में कुल तीन प्रस्ताव रखे गए, जिनमें मुख्य प्रस्ताव शहर में आयोजित होने वाले छड़ियों के मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने से संबंधित था। बहुमत से प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। अब यह तय हो गया है कि हर साल की तरह इस बार भी मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।बैठक में मौजूद दो सभासदों ने प्रस्ताव पर अपनी असहमति जताई, लेकिन बहुमत के चलते उनकी राय को खारिज कर दिया गया।

पालिका अध्यक्ष हाजी शाहनवाज ने बताया कि छड़ियों का मेला नगर की परंपरा और सांस्कृतिक पहचान है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से नगर की छवि निखरेगी और लोगों को मनोरंजन भी मिलेगा। पालिका अध्यक्ष हाजी शाहनवाज़ लालू ने सभासदों से नगर की समस्याओं को प्राथमिकता देने और सरकार की योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा कराने का आह्वान किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। नगर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट बोर्ड के समक्ष



प्रस्तुत की गई। बैठक में सभी वार्ड सभासद, ईओ राजीव कुमार व नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे। इस बीच, सभासद मनोज कुमार और अफ़रोज़ नाज़ ने हाल ही में हुई बोर्ड बैठक की कार्यवाही पर आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि 29 अगस्त 2025 को प्रस्तावित बैठक की कार्यसूची/एजेंडा मात्र 27 अगस्त को भेजा गया, जबकि नगर पालिका अधि. नियम 1916, उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश और शासनादेश के अनुसार कम से कम सात दिन पहले सूचना मिलना अनिवार्य है। ऐसे में बैठक को असंवैधानिक करार दिया गया।

# शिखर शिक्षा सदन में स्पोर्ट्स डे का आयोजन

**मीरापुर।** शिखर शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरापुर में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुशील कुमार शर्मा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन और एकाग्रता भी प्रदान करते हैं। विद्यालय की मैनेजर शिखा शर्मा ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं और दोनों क्षेत्रों में संतुलन बनाकर ही सम्पूर्ण विकास संभव है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिद्धार्थ राजवंशी और वेद प्रकाश आर्य (भट्टे वाले) ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा



कि खेल जीवन में आत्मविश्वास, परिश्रम और समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं। प्रधानाचार्य पुनीत राजदूत ने मेजर ध्यानचंद जी के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें भारत का हॉकी जादूगर कहा जाता है। उन्होंने तीन ओलंपिक खेलों (1928, 1932 और 1936) में भारत को स्वर्ण पदक दिलाकर देश का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिताओं में मेंढक दौड़ में ताविश , माहिरा। बैकवर्ड रेस में विशेष, वैष्णवी। मेंढक दौड़ में शौर्य,आफिया। वन लेग रेस में सफी, फिजा। बैकवर्ड रेस में रक्षित,आर्या व आफिया। लेमन दौड़ में अमीर हमज़ा, कैफ़, नव्या। 100 मीटर दौड़ में अमरजीत, अंजनी व लवि। 200 मीटर दौड़ में कृष्णा, रिधिमा व गुरुमंदीप प्रथम रहे। छात्र-छात्राओं ने खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने उत्साह, उमंग व खेल कौशल से सभी का मन मोह लिया।निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि खेल से अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित होती है।

## दूधिए के अपहरण का प्रयास नाकाम

**खतौली।** खतौली थाना क्षेत्र के गांव खोखनी में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब चार बदमाशों ने गांव के दूध सप्लाई करने वाले साबिर उर्फ सब्बल को अगवा करने की कोशिश की। बदमाशों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की और गन्ने के खेतों में घसीट ले गए। उधर, जब काफी देर तक साबिर घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गांव की सरहद पर सड़क किनारे खड़ी उसकी बाइक देख ग्रामीणों को शक हुआ। खबर फैलते ही दर्जनों ग्रामीण लाठी-डंडों से लैस होकर जंगल की ओर टूट पड़े। ग्रामीणों की ललकार और घेराबंदी से बदमाशों के होश उड़ गए और वे दूधिया को छोड़कर अंधेरे में फरार हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और देर रात तक जंगल में कांबिंग ऑपरेशन चलाया, लेकिन अपराधी पुलिस के हाथ नहीं आए। ग्रामीणों की बहादुरी से जहां दूधिया की जान बच गई, वहीं पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# बारिश में भर-भराकर गिरी तीन मकानों की छत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** शुक्रवार को हुई तेज बारिश ने ग्राम किथोड़ा में तीन गरीब परिवारों पर संकट खड़ा कर दिया। मूसलधार बारिश के दौरान गांव निवासी तहजीब हैदर और मुनव्वर के मकान की छत अचानक ढह गई।

वहीं, स्टेट बैंक के पीछे नई बस्ती में रहने वाले जुल्फिकार का मकान भी भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन तीनों परिवारों को गंभीर आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है।घटना की सूचना मिलते ही ग्राम किथोड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता काशिफ रिजवी ने राजस्व विभाग को सूचित किया। जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय कानूनगो संजीव शर्मा और लेखपाल ओमवीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने तीनों मकानों की विस्तृत जांच कर हुए नुकसान का आंकलन किया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर घटनास्थल की स्थिति का जायजा लिया और सभी तथ्यों को दर्ज किया।

अधिकारियों ने बताया कि अचानक हुई तेज बारिश के कारण पुराने और जर्जर मकानों की छतें गिर गईं, जिससे इन परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा है। टीम ने प्रभावित परिवारों से जरूरी कागजात भी इकठा किए हैं और पूरी रिपोर्ट बनाकर उपजिलाधिकारी जानसठ जयेंद्र सिंह को सौंप दी है। राजस्व विभाग ने आश्वासन दिया है कि नियमों के अनुसार इन परिवारों को शीघ्र ही मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि हर संभव मदद दी जाएगी ताकि पीड़ित परिवार जल्द ही अपने घर दोबारा बना सकें और सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें।

स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग रखी कि मुआवजे की प्रक्रिया को जल्द पूरा किया जाए।

# रालोद सुप्रीमो से मिली रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव गढ़ी नौआबाद में आज शुक्रवार के दिन राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी पहुंचे। यहां पर उन्होंने बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक और विधान मंडल दल के नेता राजपाल सिंह बालियान ने भोजन करने के दौरान जनपद मुजफ्फरनगर और शामली जिले के अपनी पार्टी के विधायकों से अलग काफी देर तक बातचीत की। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव अनुपमा चौधरी भी रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी से मिलने गढ़ी नौआबाद पहुंची और उनको बुके भेंट की। यहां पर जयंत चौधरी ने महिला शक्ति अनुपमा चौधरी का आभार जताया और पार्टी मे



महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने की बात भी कही। यहां उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने आगामी विधानसभा चुनावों के बारे में जयंत चौधरी से अन्य विधायकों संग चर्चा की। इस दौरान बुढाना युवा रालोद के विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रवित राठी के पुत्र श्रेयांश राठी को रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने अपना शुभाशीष दिया और उसकी लंबी आयु की कामना की। उन्होंने रालोद पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की और सभी को विधानसभा की तैयारियों में अभी से जुट जाने के निर्देश दिए।

## हाथ में तलवार लहराने वाले आरोपी को भेजा जेल

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव बिरालसी निवासी राहुल पुत्र पाप्पा द्वारा हाथ मे तलवार लेकर उसे लहराता हुआ दिखाई दिया हाथ मे तलवार लिए राहुल का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया पुलिस आरोपी की तलाश मे जुट गयी और मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए मुखबिर की सुचना पर थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व मे बिरालसी चौकी इंचार्ज जागेंद्र सिंह ने हाथ मे तलवार लहराने के आरोपी राहुल उम्र करीब बाइस वर्ष पुत्र पाप्पा को बिरालसी नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया गया आरोपी के कब्जे से एक अदद तलवार हुई है आरोपी को पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मेजर ध्यान चंद्र जयंती पर रन फॉर हेल्थ का आयोजन

**बुढ़ाना।** केसरी कोचिंग बुढाना ने मेजर ध्यान चंद्र की जयंती पर खेल दिवस मनाया। मेजर ध्यान चंद्र की जयंती के अवसर पर केसरी कोचिंग बुढाना में खेल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर पहली बार बुढाना में रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दयानंद चौक से हुई। समापन केसरी कोचिंग बुढाना पर हुआ। दौड़ में 100 से भी ज्यादा छात्र छात्राओं ने भाग लिया। लड़कियों के साथ लड़कों ने भी हिस्सा लिया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल, मेपल्स एकेडमी, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, कन्या जूनियर हाई स्कूल, केसरी कोचिंग के स्टूडेंट्स ने भागीदारी कर कार्यक्रम सफल बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंडस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, अनुशासन व खेल भावना का विकास करना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के संचालक गभरु सिंह व स्टाफ सदस्यों में रुपेश, दिव्यांश, अजेंद्र, राकेश, दुष्यंत, धर्मेन्द्र व पंकज का विशेष योगदान रहा और साथ ही दिव्य पर्वत टीम ने भी पूरा सहयोग किया। विजेता प्रतिभागियों में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर सलोनी, बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर ;षभ, इरशाद, विशाल राणा, सुल्तान, शायान कुरैशी थे। केसरी कोचिंग ने प्रतिभागियों, शिक्षकों, सहयोगी स्कूलों, समर्थकों का धन्यवाद किया।

### सुचारु हुआ मुजफ्फरनगर- बिजनौर मार्ग

**मुज़फ्फरनगर।** लगातार समीक्षा व अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के क्रम में आज बिजनौर बैराज मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है।

मुज़फ्फरनगर बिजनौर का मुख्य मार्ग गंगा बैराज पुल (मुज़फ्फरनगर-बिजनौर मार्ग) अब पुनः आमजन के लिए खोल दिया गया है। विगत दिनों पुल बंद होने से नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। उत्तर प्रदेश सरकार में कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लगातार इस प्रकरण की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निर्देश दिए। आज उन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप मार्ग पर वाहनों का सुचारु आवागमन पुनः प्रारंभ हो सका। मंत्री कपिल देव ने कहा कि यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि हज़ारों लोगों की दिनचर्या, व्यापार और ज़रूरतों से जुड़ा अहम संसाधन है। जनता की समस्याओं का समयब) समाधान ही हमारी प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही है। 'समस्या नहीं समाधान' की नीति पर चलते हुए प्रदेश सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि जनता की सुविधा सर्वोपरि है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल के 8 बच्चों ने जीती दौड़

**बुढ़ाना।** कस्बे के डीएवी पब्लिक स्कूल के 15 छात्रों ने दौड़ प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर पार्टिसिपेट किया और 08 बच्चों ने दौड़ जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। मिली जानकारी के अनुसार मेजर ध्यान चंद्र की स्मृति में डीएवी पब्लिक स्कूल के 15 बच्चों ने दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिनमें से 08 बच्चों ने दौड़ जीती। यह दौड़ प्रतियोगिता स्कूल के बाहर 600 मीटर बड़ौत रोड पर आयोजित की गयी थी। कुछ देर के लिए दोनों साइडों का ट्रेफिक रुकवाकर सभी वाहन बड़ौत बाइपास पर को निकलवाए गये। इस दौरान जिन छात्रों ने दौड़ जीती उनमें कक्षा दस के छात्र शायान कुरैशी, छात्र अबूजर राणा, छात्र अर्श, कक्षा पांच का छात्र अर्श अहमद द्वितीय, कक्षा दस का छात्र अमन अहमद, कक्षा दस का छात्र साहिब अहमद, कक्षा दस का छात्र शाहवेज त्यागी और कक्षा दस का छात्र जुबैर सिद्दीकी हैं। इस दौरान सभी विजेता छात्रों को सर्टिफिकेट और मेडल भी दिया गया ताकि बच्चों का हौंसला बढ़े। इस दौरान सहयोग करने में पीटीआई दुष्यंत कुमार, शिक्षक धर्मेंद्र राठी और शिक्षक रामबीर राठी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। कुल मिलाकर सभी छात्रों ने इस दौड़ प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यहां पर छात्र अनंत ठाकुर ने भी दौड़ प्रतियोगिता में अच्छा खासा प्रदर्शन किया।

### गंभीर आरोपों के बाद चौकी इंचार्ज को हटाया

**बुढ़ाना।** एसपी देहात आदित्य बंसल के सामने सैंकड़ों ग्रामीणों ने गत दिवस डाक बंगले पर हुई एक हंगामी बैठक में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासौली पुलिस चौकी के इंचार्ज मोहित कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाकर और कुछ सबूत मौके पर पेश कर उनको हटाने की मांग कर डाली थी। इन आरोपों की जांच हुई तो ग्रामीणों की बातें सच निकली तो एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने तुरंत विवादों में घिरे चौकी इंचार्ज मोहित को हटाकर उनको रतनपुरी थाने से अटैच करते हुए परासौली चौकी का नया इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सोनू कुमार को बनाया है। सोनू कुमार ने परासौली पुलिस चौकी का चार्ज संभाल लिया है। मिली जानकारी के अनुसार परासौली चौकी इंचार्ज पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। परासौली चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर मोहित कुमार को उनके पद से हटा दिया गया है और उन्हें रतनपुरी थाने भेजा गया है और साथ ही मोहित के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में ठाकुर समाज और भाजपा नेताओं की एक पंचायत गत दिवस आयोजित हुई थी। इस पंचायत में परासौली चौकी इंचार्ज मोहित कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। पंचायत में ग्रामीणों और नेताओं ने चौकी इंचार्ज पर पैसे लेने और कार्यप्रणाली में गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद गांव परासौली में भी हुई एक पंचायत में एसपी देहात आदित्य बंसल के सामने गांव प्रधान ने भी चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाए थे। तब इन सभी आरोपों की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से मोहित कुमार को परासौली चौकी से हटाने का आदेश जारी किया।

### सांसद हरेन्द्र मलिक ने दिया सहायता का आश्वासन

**मुजफ्फरनगर।** वैष्णो देवी मार्ग पर लैंडस्लाइड में 6 श्रद्धालुओं की मौत के बाद सांसद हरेंद्र मलिक ने रामपुरी में पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# भाजपा नेता रामकुमार सहरावत के खेत में खड़ा है 11 फुट का गन्ना

**(नसीम कुरैशी)**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर के जंगलों में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकुमार सहरावत के खेत हैं। इन खेतों में रिंग पिट विधि के द्वारा उगाये जा रहे गन्ने की लंबाई और उसका वजन काबिल ए तारीफ है। आज रामकुमार सहरावत ने अपने खेतों को दौरा किया और उन्होंने अपने खेत से एक गन्ना खुद ही तोडा और उसकी लंबाई करीब 11 फिट निकली और वजन तोला तो 2 किलो 74 ग्राम का निकला। बताया जाता है कि गन्ने की फसलों के साथ सहफसली की खेती करने के लिए गन्ना विकास अनुसंधान परिषद ने गन्ना बुवाई की एक नई तकनीक इजाद की है। इस विधि का नाम रिंग पिट विधि है। इसमें 70 से 80 सेंटीमीटर व्यास में लगभग 1 फीट गहरे ग्ने खोदकर चक्र की तरह आकृति में गन्ने की बुवाई करते हैं। एक गड्ढे से दूसरे गड्ढे की दूरी 5 फिट होती है।

गन्ना बुवाई के बाद उसमें 3 सेंटीमीटर तक मिट्टी ऊपर डाली जाती है फिर सिंचाई करते हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है इस विधि से गन्ना बुवाई करने से 100 से 150 कुंतल प्रति बीघा तक का उत्पादन होता है जबकि किसान अभी तक जो परंपरागत बुवाई करते हैं उस विधि से गन्ना बोने पर 60 से 70 कुंटल उत्पादन होता है। ऐसे में किसानों को दोहरा मुनाफा मिलता है जो किसी वरदान से कम नहीं है। कृषि वैज्ञानिकों का तर्क है कि जो खाद पानी हम सह फसलों को देते हैं उसके साथ साथ गन्ने का भी विकास होता है। रिंग पिट विधि में एक गड्ढे से दूसरे गड्ढे की दूरी 5 फीट रखी जाती है। गड्ढे का व्यास 75 से 80 सेंटीमीटर तक होता है। एक पिट से सिंगल बट के करीब 20 टुकड़े की बुवाई की जाती है। इस पर 2 सेंटीमीटर मिटी डाली जाती है और मिट्टी से ढकने के बाद उसमें पानी लगाया जाता है। बीच के गैप वाले स्थान में फूल गोभी या फिर पत्ता गोभी की खेती कर सकते हैं। एक पिट में 20 टुकड़े गन्ने बोने पर 40 पौध निकलते हैं। इस तरह एक गड्ढे से 40 गन्ने प्राप्त होते हैं। एक गन्ने का वजन 2 किलोग्राम तक होता है। ऐसे में प्रति गड्ढा हम 80 किलोग्राम तक उत्पादन कर सकते हैं। रिंग पिट विधि से एक बीघे में 300 गड्ढे तैयार होंगे। इस तरह एक बीघा में 200 से 250 कुंतल प्रति बीघा तक उत्पादन हो सकता है। कुल मिलाकर इस विधि से किसान गन्ने की बुआई करके कई गुणा मुनाफा आराम से कमा सकता है।

## सुनार पर पांच लाख हड़पने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** एक व्यक्ति ने नई मंडी के मोहल्ला भरतिया कालोनी निवासी सुनार पर कंगन बनाने के नाम पर लिए पांच लाख 45 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पटेल नगर निवासी वरुण चौधरी ने नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि भरतिया कालोनी निवासी दीपक वर्मा अपने घर पर ही सराफ की दुकान करता है। उसका कहना था कि वह ग्राहक के सामने ही सोना पिंघला कर कंगन बनाता है। विश्वास होने के चलते उसने पत्नी के कंगन बनाने के लिए अलग अलग तारीखों में सराफ के खाते में पांच लाख 93 हजार रुपये ट्रांसफर किए। आरोप है कि कंगन बनाकर नही दिए। तकाजा करने पर आरोपी ने 48 हजार 500 रुपये वापस किए। बाकी के पांच लाख 45 हजार रुपये हड़प लिए।

# श्री राधाष्टमी पर भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**मीरापुर।** श्रीराधाष्टमी के पावन अवसर पर श्री हरिसंकीर्तन मंडल की ओर से भजन गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मीरापुर स्थित सत्संग भवन में किया गया। यह आयोजन पं. वासुदेव शर्मा के प्रस्ताव पर संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थानोंकृनन्ही दुनिया स्कूल, बसंत शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, श्री सुक्खन लाल आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, शिखर शिक्षा सदन इंटर कॉलेज, ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर तथा किड्स केयर पब्लिक स्कूल के लगभग 50 विद्यार्थियों द्धकक्षा 12 तकऋ ने भाग लेकर अपनी भक्ति भावना और संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति अंजु नागर उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल में राधेश्याम गंगपुरी, प्रवीण अग्रवाल, रेखा माहेश्वरी और दिव्या माहेश्वरी शामिल रहे। प्रतियोगिता का परिणाम 31 अगस्त को घोषित किया जाएगा, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है। कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव गोयल ने किया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे, जिन्होंने भजनों की प्रस्तुतियों का आनंद लिया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिककृमोहित लखोटिया, मेंडल नरेश रस्तोगी, नीरज शारदा, एडवोकेट रोहित डागा, नलिन वर्मा, हेमंत सैनी, वरुण गोयल, घनश्याम दास अग्रवाल, राघव रस्तोगी, प्रतीक वत्स और रोहित माहेश्वरी भी मौजूद रहे। संगीत में संगति और सहयोग नीरज गंगपुरी व जय कुमार (जानसठ) ने प्रदान किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और मधुर हो उठा।

# पूर्व चेयरमैन बाबू सलामत खान की पत्नी शहर बानो का इंतकाल

**पुरकाजी।** कस्बे में पूर्व चेयरमैन बाबू सलामत खान की पत्नी व किसान सेवा सरकारी समिति की चेयरमैन शहर बानो का दिल्ली जाते हुए बीमारी के चलते हैं निधन हो गया है। आरएलडी नेता बशारत खान की माता 75 वर्षीय काफी समय से बीमार चल रही थी उनको दिल्ली ले जाते हुए रास्ते में निधन हुआ है जैसी यह खबर मिली कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई उनके निवास पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंच रही है शहर बानो को उनके निजी कब्रिस्तान में कि खिराज ऐ अकीदत दी गई इस



मौके पर उनके पुत्र बशारत खान, हाजी लताफत खान, आतिफ खान इकरार फरीदी, सतविंदर बेदी, दिलीप खान जमशेद खान मौजूद रहे।

## पत्थर व बोतले फेंककर दहशत फैलाने का प्रयास

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कैथोडा में एक परिवार पर लगातार दूसरे बार देर रात पत्थरबाजी और बोतलें फेंककर दहशत फैलाने का मामला सामने आया है। ग्राम कैथोडा निवासी जितेन्द्र पुत्र कलीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच दिन पूर्व उनके घर पर अज्ञात लोगों ने पत्थर, ईंट और बीयर की बोतलें फेंकी थीं। घटना के दौरान घर के सदस्य घायल होने से बाल-बाल बच गए थे। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी। पीड़ित के अनुसार गुरुवार की रात करीब 11 बजे पुनः अज्ञात लोगों ने घर पर पथराव किया और बीयर की खाली बोतलें फेंकीं। उस समय घर में महिलाएं और बच्चे मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। शोर सुनकर परिजन बाहर निकले तो हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

# साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर प्रशिक्षण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शुक्रवार को बीआरसी में बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान व एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

जिसमें एआरपी नरेश कुमार, संजीव कुमार, रविशंकर, अमीर अहमद व क्षमा जांगिड़ द्वारा प्रशिक्षण की शुरुआत कर प्रार्थना सभा की गई। फिर दिवस 4 के सत्र प्रारंभ हुए। दिवस 3 के दो. हराव के बाद जांच सतत आंकलन पर चर्चा, कक्षा 4 व कक्षा 5 में 42 दिन की पुनरावृत्त्यात्मक उपचारात्मक शिक्षण योजना पर चर्चा, कक्षा 4 व 5 के पाठड क्रम के दिवस वार विभाजन व पथ आधारित शिक्षण योजना पर समझ विकसित करने पर चर्चा, भाषा शिक्षण के दौरान प्रयोग होने वाले परिशिष्ट पर चर्चा, कक्षा 4 व कक्षा 5 में 42 दिन की क्रियात्मक शिक्षण योजना पर चर्चा गणित विषय से संबंधित गणित शिक्षण के दौरान प्रयोग होने वाले टीएलएम परिशिष्ट पर चर्चा की गयी।

कक्षा 3 में एनसीईआरटी द्वारा निर्मित नई पाठड पुस्तक संतूर अंग्रेजी विषय से संबंधित पर विस्तृत चर्चा की गई। सब एआरपी द्वारा प्रशिक्षण को बड़ी मेहनत के साथ दिया गया। बीईओ किरण ने प्रशिक्षण कक्षाओं का निरीक्षण कर प्रतिभागियों से प्रश्न उत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण किया। प्रतिभागियों द्वारा जवाब देने की स्थिति में बीईओ ने सबकी प्रशंसा की। यहां प्रीति, रश्मि, मानसी, दीपा, किरन, रुकैया, समरजहां, ताहिर, महबूब, रईसुद्दीन, रूबी, रितु, पारुल, गरिमा, रफीकत, अनुराधा, अंजलि, पाकीजा, मुर. सलीन, त्रिलोक, मनोज, सुधीर, परविंद्र, नितिन, संजय, अमनदीप, आरिफा, आकांक्षा गोयल आदि ने प्रतिभाग किया।

# वैदिक पुत्री कॉलेज में दिलाई गई खेल की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वैदिक पुत्री पाठशाला इन्टर कालेज नयी मंडी मुजफ्फरनगर में हॉकी के जादूगर भारत रत्न मेजर ध्यानचंद जन्मदिवस के उपलक्ष में विद्यालय के छात्राओं को खेल की शपथ दिलाई गई। आज के दिन को विद्यालय परिवार खेल को समर्पित करते हुए।

सर्वप्रथम मेजर ध्यानचंद जी चित्र पर मलयार्पण कर श्रद्धांजलि प्रदान किया गया तद उपरांत, प्रधानाचार्या डॉक्टर राजेश कुमारी एवं कैप्टन बबीता राणा के द्वारा योग एवं विभिन्न खेलों का आयोजन कराया गया। जिसमें मुख्यत: रस्साकशी, रिले रेस, वॉलीबॉल, खो खो, चम्मच दैड जैसे खेलों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभा करते हुए। मेजर ध्यानचंद अमर रहे, भारत माता की



जय, वंदे मातरम आदि के नारों से खिलाड़ियों का लगातार उत्साहवर्धन करते रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्या डा. राजेश कुमारी ने मेजर ध्यानचंद का खेलों में दिए गए योगदान को याद करते हुए, उनसे प्रेरणा लेकर सभी छात्राओं से आह्वान किया, कि खेल के माध्यम से देश का गौरव बढ़ाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में किसी एक खेल को प्राथमिकता देते हुए, उसमें निपुणता हासिल करना आवश्यक है। सभी खेल कैप्टन बबीता राणा के निर्देशन में कराए गए।

## दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपियों को भेजा जेल

**भोपा।** जंगल से घांस लेकर घर लौट रही मां- बेटी का पीछा कर बाइक सवार युवकों ने युवती को गन्ने के खेत मे खींचकर ज़बरदस्ती का प्रयास किया था।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मे गुरुवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया था जब बाईक सवार दूसरे सम्प्रदाय के दो युवकों द्वारा जंगल से लौट रही युवती को गन्ने के खेत मे खींचकर दुष्कर्म का प्रयास किया गया था। तभी पीड़िता व उसकी माता ने ग्रामीणों की मदद से दोनों आरोपियों को बाईक सहित पकडकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी नईम व आजम निवासी गांव तेजलहेड़ा थाना छपार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

# स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान

**मुजफ्फरनगर।** काई नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 में मुजफ्फरनगर के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण और 1 रजत वे 2 कांस्य पदक हासिल कर मुजफ्फरनगर जिले का नाम रोशन किया कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 24 से 27 अगस्त 2025 को नेशनल कराटे चेम्पियनशिप का आयोजन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र हरियाणा में किया गया जिसमें राष्ट्र के अलग अलग जिलों से आए चयनित लगभग 1500-2000 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया , जिसमे डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरनगर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर जिले का मान बढ़ाया। 8-9 साल (-20 किलो) भार वर्ग में काव्य वत्स और सुखप्रीत कौर (-25 किलो) ने कांस्य पदक अर्जित किया। यूथ कैटेगरी में रुद्रांश मालिक ने काता इवेंट स्वर्ण वे सिद्धांत सिंह ने रजत



पदक हासिल किया।

कैडेट गर्ल्स भार वर्ग में अक्षरा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सीनियर मेल काता में आदित्य धनराज कौशिक ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी योगेश कालरा वे कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट बैकुंठ सिंह वे उत्तर प्रदेश जनरल सेक्रेटरी शिहान अमित गुप्ता व मुजफ्फरनगर जनरल सेक्रेटरी राजेश कौशिक ने बच्चों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नहर की पटरी टूटी, खेत बने तालाब, सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**शाह टाइम्स टीम**

**कांधला।** किसान अन्नदाता होते हैं और उनकी मेहनत से ही देश का पेट भरता है, लेकिन जब यही अन्नदाता परेशानियों से जूझते हैं तो शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता साफ दिखाई देती है।खंड विकास क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर में नहर की जर्जर पटरी टूटने से दर्जनों किसानों की सैकडों बीघा खेतों में पानी भर गया और किसानों की गन्ना, धान, ज्वार सहित अन्य फसलें जलमग्न होकर चौपट हो गईं। किसानों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर प्रदेश सरकार से मुआवजे की मांग की है।गाव के किसानों ने बताया कि पटरी काफी समय से टूटी-फूटी हालत में थी। कई बार शिकायत करने के बाद भी सिंचाई विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। नतीजतन अचानक पटरी टूट गई और खेत तालाब बन गए। सबसे बड़ी नाराजगी इस बात को लेकर है कि सूचना देने के बावजूद विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।मजबूर होकर किसानों ने खुद अपने हाथों से मिट्टी डालकर पटरी बांधनी शुरू कर दी, ताकि और फसलें डूबने से बच सकें। लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। किसानों का कहना है कि नहर की पटरी टूटने से उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया है और अब परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने कहा है कि सिंचाई विभाग की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों में आक्रोश है और सभी ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।







### मूसलाधार बारिश से जिजौंला में मकान ढहा

**चौसाना।** मूसलाधार बारिश के चलते जिजौला मे एक परिवार का मकान ढह गया। ग्रामीण बताते है कि हादसे के वक्त मकान मे रहने वाले लोग अपनी रिश्तेदारी मे गए थे। मकान के ढहने से घर मे रखा सामान दब गया। इसके अलावा बल्लामाजरा में विद्युत विभाग के दो पोल ग्रामीणों के घरो मे जा गिरे,जिससे एक बडा हादसा होने से बच गया। पोल टूटकर गिरने से सप्लाई बाधित हो गई।

चौसाना के जिजौला निवासी गुलफ्सा पुत्र वासिद अपने परिवार के संग कांधला रिश्तेदारी मे गए थे। गुरूवार की रात्रि से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण मकान ढह गया। ग्रामीणों ने बताया कि जिस समय बारिश के कारण मकान ढहा ,उस समय बहुत तेज आवाज आई। जिससे लोग कांप गए। हादसे के वक्त मकान मे कोई नही था और ना ही मकान के आसपास खडा था। ग्रामीणों के अनुसार मकान का वास्तविक स्वामी प्रवीण पत्नी साजिद है। ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी पुलिस को व पीडित परिवार को फोन पर दी।




बारिश रूकने के बाद ग्रामीणों ने मकान के मल्बे से घर के सामान को निकाला और अन्य स्थानो पर सुरक्षित रखा। इसके अलावा मकान को पन्नी से ढक दिया ताकि अन्य सामान को बचाया जा सके।

### गढ़ी हसनपुर में भारी बारिश से मची तबाही

**चौसाना।** गढ़ी हसनपुर क्षेत्र में हुई भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। कश्यप मोहल्ले से प्राथमिक विद्यालय जाने वाला मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया है। पानी भरने से सड़क तालाब में बदल गई, जिससे बच्चों और अभिभावकों को स्कूल तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर पानी की गहराई अधिक होने के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

वहीं, जिजौला गांव में तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर आसपास के खेतों में भर गया। इसके चलते मोमीन, भूरा, सददाम, दिलशाद, साबिर, मुस्तकीम और रिहान सहित कई किसानों की उड़द की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों को भारी आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी में भी डाल दिया है।

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था करने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सहकारी गन्ना विकास समिति पर किसानों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति पर किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा दूसरे दिन धरने पर चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक पहुंचे उन्होंने पेराई सत्र शुरू होने से पहले बकाया भुगतान करने का आश्वासन दिया लेकिन किसानों ने बकाया भुगतान तत्काल देने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान कर दिया।

भुगतान की मांग को लेकर गन्ना समिति पर किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा किसानों का आरोप है कि चीनी मिल प्रबंधन किसानों का गन्ना भुगतान समय पर नहीं कर रहा है अभी भी चीनी मिल पर करीब 57 करोड रूपए बकाया है किसान की आर्थिक स्थिति खराब है किसानों के रोजमर्रा के कार्य भी भुगतान न होने के कारण प्रभावित हो रहे हैं जबकि मिल मालिक लगातार दूसरे प्लांट लगा रहे हैं तथा किसानों का शोषण कर रहे हैं धरने पर मिल के गन्ना महा प्रबंधक कुलदीप पिलानिया पहुंचे उन्होंने अगला पराई सत्र शुरू होने से पहले संपूर्ण भुगतान करने का वायदा किया लेकिन किसानों ने तत्काल भुगतान की मांग की तथा धरना प्रदर्शन जारी रखने की घोषणा कर दी धरने की अध्यक्षता मांगेराम पटनी ने की तथा संचालन अजय पिंडोरा ने किया धरने में गन्ना समिति के सचिव अजीत कुमार सिंह भी किसानों के बीच बैठे रहे लेकिन वार्ता सफल नहीं हुई धरना प्रदर्शन में जितेंद्र सिंह चेयरमैन, सोमपाल ,नदीम, अरविंद, नरेंद्र माठियान, कुलबीर आदि शामिल रहे।



## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

### परिजनों ने लगाया परिवार की ही महिला पर धक्का देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन नगर के मोहल्ला शाह विलायत निवासी एक 85 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने पड़ोस की ही एक महिला पर नाली के विवाद को लेकर धक्का देने का आरोप लगाया है बताया कि धक्का देने से महिला का सर जमीन में लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है।

थाना भवन नगर के मोहल्ला शाह विलायत निवासी बृजेश पुत्र सुखबीर ने थाना भवन पुलिस को सूचना दी कि उसके माता कलादेवी उम्र करीब 85 वर्ष पत्नी स्वर्गीय सुखबीर, निवासिनी मोहल्ला शाह. विलायत की हत्या कर दी गई है आप है कि मृतका के परिवार के ही उसके देवर स्वर्गीय पालेराम पुत्र निहाल सिंह के लड़के देवी सिंह की पत्नी रूबी के साथ गली की नाली की सफाई को लेकर आपस में सदैव कहासुनी होती रहती थी, शुक्रवार प्रात: समय करीब 9 बजे भी नाली की सफाई को लेकर दोनों पारिवारिक महिलाओं के मध्य कहासुनी हुई, इसी बात पर रूबी पत्नी देवी सिंह द्वारा अपनी ताया सास मृतका कला देवी को वाद-विवाद के दौरान धक्का दें दिया, जिससे वृद्ध महिला अपना संतुलन नहीं सम्भाल पाई और सिर के बल जमीन पर जा गिरी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । मृतका कला देवी के परिजनों द्वारा उन्हें सरकारी अस्पताल में दिखाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। तत्पश्चात मृतका के छोटे लड़के बृजेश कुमार द्वारा पुलिस हेल्पलाइन नंबर- 112 पर संबंध में सूचना दी गई । महिला की मौत की घटना से परिवार में को. हराम मच गया। मृतका के परिवार में उनके दो शादीशुदा लड़के, बड़ा लड़का सुरेश कुमार व छोटा लड़का बृजेश कुमार हैंने परिवार व बच्चो के साठ मकान मे ही रहता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका वृद्ध महिला के शव के पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लोए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि कार्यवाही की जा रही है, बाद पोस्टमार्टम, मृत्यु के करण परिणाम के पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी इस प्रकरण में मृतका पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। आरोपी महिला को पूछताछ व सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिस अभिक्षा में लिया गया है।

## एक नजर

### एसएचओ ने पुलिस व रेपिड एक्शन फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** त्योहार के मद्देनजर थानाभवन पुलिस ने रेपिड एक्शन फोर्स व पुलिस के साथ संवेदनशील व नगर के मुख्य बाजारो मे फ्लैग मार्च किया। आगामी त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थानाभवन थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट सतीश सागवान व इंस्पेक्टर हनुमान मेघवाल, इंस्पेक्टर दयाचंद, इंस्पेक्टर प्रकाश चंद के साथ 108 बटालियन मेरठ बी कंपनी के जवानों के साथ नगर के संवेदनशील मोहल्लो, बाजारो, मुख्य बस स्टैन्ड आदि में फ्लैग मार्च किया। त्योहार को लेकर प्रदेश भर में अलर्ट जारी किया गया है । जिसके मद्देनजर नगर में पुलिस फोर्स वह नागरिकों के बीच परिचयता अभियान के अंतर्गत फ्लैग मार्च करते हुए आर ए एफ के जवानों ने नागरिकों से वार्ता की तथा उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा थाना भवन पुलिस के जवानों ने नगर में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान बाजारो मे व सड़को पर ठेली आदि लगा कर अतिक्रमण करने वालो को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई।

### स्वास्थ्य के टिप्स बताए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल शामली में जन कल्याण योग सेवा ट्रस्ट शामली द्वारा स्वास्थ्य के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कोरियर ने छात्र-छात्राओं को योग को अपने जीवन में अपने का आह्वान किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रात: काल उठकर सबसे पहले दैनिक क्रि यायो से निवृत होकर योग करें। जिससे आप का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।ट्रस्ट के महासचिव कुलश्रेष्ठ सैनी ने छात्र छात्राओं को बाजार का बना पिज्जा, बर्गर, चाऊमीन आदि को नहीं खाने का आ]वान किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सभी लोग बाहर का बना समान अधिक मात्रा में खाने लगे हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बड़ा ही हानिकारक है।प्रधानाचार्य संजय सैनी उमेश खुर्गान, राममेहर गर्ग, सुनीत गुप्ता ने मेधावी छात्र आशीष कश्यप, आयुष कुमार तथा दक्ष गर्ग को प्रति छात्र को 2100 की धन राशि प्रदान की। मौके पर रविंद्र कुमार, सुधीर कुमार, आशीष जैन, रामकुमार, आदेश धीमान, राजीव शर्मा, प्रवेश शर्मा, विजेंद्र कुमार, मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सांसद-विधायकों के पत्रों पर त्वरित कार्रवाई करें विभाग: डीएम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में सांसद, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों के पत्रों और शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व में भेजे गए पत्रों व समस्याओं पर जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही पर जनप्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए सभी प्रार्थना पत्रों का तत्काल और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा उसकी सूचना संबंधित प्रतिनिधि को भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने विधानसभावार प्राप्त शिकायतों की सूची बनाकर निस्तारित प्रकरणों की फोटो सहित रिपोर्ट रखने के निर्देश दिए। बैठक में एमएलसी मोहित बेनीवाल ने विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों पर डीएम को विभागीय बैठक बुलाने का सुझाव दिया। उन्होंने झिंझाना क्षेत्र में नशे के सेवन की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई। थानाभवन विधायक अशरफ अली ने भी नशे की सप्लाई रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की मांग रखी। इस पर एसपी राम सेवक गौतम ने नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई की जानकारी दी। साथ ही सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ वायरल हो रही तस्वीरों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में एमएलसी वीरेंद्र सिंह, एमएलसी मो. हत बेलिवाल, एमएलसी किरणपाल कश्यप, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक अशरफ अली, एडीएम न्यायिक परमानंद झा, एसडीएम हामिद हुसैन मौजूद रहे।

## रोजगार मेले में 146 अभ्यर्थियों ने किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ़ में शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 146 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 86 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों में किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने मेले का शुभारंभ करते हुए प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के अवसरों व कंपनियों की चयन प्रक्रिया की जानक. ारी दी तथा करियर काउंसलिंग भी की। उन्होंने कहा कि सेवायोजन विभाग लगातार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। प्रधानाचार्य शिवचरण ने छात्रों को रोजगार मेले में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, डिक्सान इलेक्ट्रो, राम पिस्टन एंड रिंग्स, हीरो मोटर्स एवं क्वैश कार्प जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। चयनित अभ्यर्थियों को जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार व प्रधानाचार्य शिवचरण ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दीं। इस अवसर पर कार्यदेशक देवेंद्र सिंह, अनुदेशक सुरजीत सिंह, विपिन राठौर, आशुतोष आदि मौजूद रहे।

## बल्लामाजरा में बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गांव बल्लामाजरा में शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज बारिश के चलते जर्जर हाईटेंशन पोल गिरने से सरफराज और शेर खान के घरों में करंट दौड़ गया। गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति बंद करवा दी, वरना किसी की जान भी जा सकती थी। इस पूरे मामले ने बिजली विभाग की लापरवाही और उदासीनता की पोल खोल दी है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से वे विभागीय अधिका. रियों को लिखित व मौखिक शिकायत कर रहे थे कि सरफराज और शेर खान के मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन जर्जर हालत में है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। शुक्रवार की सुबह हुई जोरदार बारिश ने विभाग की सारी लापरवाहियों को उजागर कर दिया। पानी गिरते ही करंट से पोल जोरदार आवाज के साथ गिर पड़ा और दोनों मकानों में बिजली दौड़ गई। चीख-पुकार मचते ही पूरा मोहल्ला दहशत में आ गया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और बच्चों व महिलाओं को सुरक्षित जगह पर ले गए। कुछ देर तक माहौल बेहद भयावह बना रहा। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग के कर्मचारी पूरे साल बिल जमा कराने और बकाया वसूली में तो चौकसी दिखाते हैं, लेकिन जब जनता की सुरक्षा की बात आती है तो पूरी तरह चुप्पी साध लेते हैं। गांव के लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारी कभी मौके पर नहीं आए। अफसरों की इस लापरवाही के कारण ही आज पूरा मोहल्ला मौत के मुंह में जाने से बचा।

## सभासद पति से मारपीट का वीडियो सीसीटीवी में कैद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के वार्ड तीन के सभासद पति की दुकान में घुसकर दबंगो के द्वारा गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला करने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से भाजपा नेता ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सभासद पति ने पुलिस को घटना के संबंध में वीडियो फुटेज एवं नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस ने एक नामजद व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी अनिल बोहरा पुत्र भूप सिंह ने बताया कि वह नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर तीन से सभासद पति है उसने कस्बे के रेलवे मार्ग स्थित इंडियन बैंक के समीप बोहरा शूज हाउस के नाम से दुकान खोल रखी है। पीड़ित विगत गुरुवार की शाम को अपनी दुकान पर बैठा हुआ था आरोप है कि तभी बाइक सवार एक युवक अपनी बाइक लेकर आया और उसकी दुकान के सामने बाइक खड़ी कर दी। जब पीड़ित ने बाइक साइड में लगाने के लिए कहा तो आरोपी युवक आग बबूला हो गया और अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर पीड़ित की दुकान में घुस आया और आरोपी ने पीड़ित सहित उसके भतीजे नीतीश पुत्र प्रदीप पर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज कर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। जानलेवा हमले के दौरान पीड़ित घायल हो गया। घटना पर आसपास के दुकानदार भी आ गए आरोपी गाली गलौज करते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित का डाक्टरी परीक्षण कराया। मामले में देर रात थाने पर भाजपा नेता घनश्याम पर्चा अपने दर्जनों साथियों के साथ पहुंचा और हंगामा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने भाजपा नेता एवं सभासद पति को कार्रवाई का आश्वासन दिया। शुक्रवार को सभासद् पति अनिल ने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज एवं एक नामजद नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तैयारी पर ग्राम भारसी निवासी गौतम व उसके साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हो गई है अभियोग दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### नलकूपों पर चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार


**कांधला।** थान क्षेत्र के गांव डांगरोल मे लगभग 10 दिन पूर्व आधा दर्जन किसानों के नलकूपों पर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर बिजली के तार व अन्य उपकरण चोरी कर लिए थे। पीड़ित किसानों ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी पुलिस खुलासें का प्रयास कर रही थी। शुक्रवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि पुलिस किवाना मार्ग पर सुरक्षा की दृष्टि से चेकिंग कर रही थी चेकिंग के दौरान पुलिस को फाटक के समीप दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने भाग दौड़ करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया जिनके कब्जे से चाकू बरामद हुए। पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने अपने नाम अलीम व दूसरे ने तसव्वर उर्फ लाला निवासी ग्राम गढ़ी दौलत थाना कांधला बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी करते हुए चोरी का माल बरामद कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुराने पासपोर्ट नंबर J 8658336 में मेरा नाम AFASAROON अंकित है, जबकि मेरा सही नाम AFSAROON है। मुझे AFSAROON के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाता है।
AFSAROON S/O ASLAM R/O मकान नम्बर 260 खैलकलां तहसील व थाना कैराना जिला शामली उत्तर प्रदेश 247774

### जैन धर्मशाला में हुआ मुनि विव्रत सागर जी का प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** दसलक्षण महापर्व के अवसर पर शहर के जैन धर्मशाला में प्रवचन देते हुए 108 विव्रत सागर मुनिराज ने कहा कि उत्तम मार्दव धर्म के बिना आत्म-परिचय संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि क्रोध, मान और अहंकार से कठोर बने हृदय में धर्म का पौधा नहीं पनप सकता। आत्मा की भूमि कोमल और नम्र होनी चाहिए। शुक्रवार को मुनिराज ने एक प्रसंग के माध्यम से समझाया कि जिस प्रकार कठोर भूमि पर बीज बोने से फसल नहीं होती, उसी प्रकार कठोर हृदय वाले व्यक्ति को पूजा-अर्चना के बाद भी शांति नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि घास की तरह विनम्र होना चाहिए, जो आंधी में झुक जाती है, जबकि पेड़ अकड़ के कारण टूट जाते हैं। संत ने बताया कि सांसारिक मान-सम्मान और प्रसिद्धि क्षणभंगुर होती है। पुण्य का उदय स्थाई नहीं है, आज किसी के पास है तो कल किसी और के पास होगा। साधु-संतों को भी अनुयायियों की संख्या या तस्वीरों पर अहंकार नहीं करना चाहिए। दसलक्षण पर्व आत्मा से परिचय कराने का माध्यम है, इसलिए अब आत्मा से मिलने का प्रयास करना चाहिए। मुनिराज ने आत्मा की प्राप्ति में बाधक आठ प्रकार के मद द्धअहंकारऋ का विस्तार से उल्लेख किया। ज्ञान मद, ज्ञान का अहंकार व्यक्ति को विनम्रता से दूर करता है। आज के प्रवचन अवसर पर चित्र अनावरण का कार्य रमेश जैन, राहुल जैन परिवार द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन रितेश जैन, सारिका जैन परिवार ने किया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य आलोक जैन, मनीषा जैन को प्राप्त हुआ।



# संदिग्धावस्था में 86 भेड़ बकरियों की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के ब्लाक चौराहा स्थित शाहपुर कॉलोनी मे एक गडरिये की 86 भेड़ बकरियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई जबकि अन्य घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व पशु चिकित्सक टीम भी मौके पर पहुंची। घटना से परिवार सदमें की हालत में है।

मिली जानकारी के मुताबिक ऋषिपाल पुत्र कंटूपाल ने बताया कि उसके पास करीब 120 भेड़ बकरियां थी। गुरुवार की शाम वह इन्हे चराने के बाद घर के सामने बने उनके बाड़े मे दरवाजा बंद करके आ गया। सुबह सवेरे जब वह अपने अन्य पशुओं को चार डालने गया तो वहां की हालत देखकर हैरान रह गया। बाडे मे भेड बकरी इधर उधर मृत अवस्था मे पडी थी। कुछ किसी जानवर के काटने से घायल थी। जिनमें 70 भेड 16 बकरियां मृत पायी गई। घटना से परिवार में को. हराम मच गया और भीड इकठ्ठी हो गई। सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। जिसमें उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समीर दत्त शर्मा, पशु चिकित्सक अंकित कुमार, पशु चिकित्सक राहुल सिंह शामिल थे। टीम ने जांच पड़ताल कर मृतक सभी 86 भेड, बकरियों का पोस्टमार्टम किया। सभी को दफना दिया गया। मृत भेड बकरियों की लगभग बारह लाख रुपए कीमत बताई जाती है। बाकि घायल भेडो का उपचार किया जा रहा है। पशु चिकित्सकों का अनुमान है कि रात्रि में भेड़ बकरियों के बाडे में किसी कुत्ते ने घुसकर उन पर हमला किया है। जिससे भेड़ बकरियों में दहशत फैल गई और भगदड मचने से सांस घुटने से उनकी मौत हुई है।

# ग्राम पंचायत जीवाला में बदहाल सड़कों से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** विकासखंड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत जीवाला में सड़कों की बदहाल स्थिति से ग्रामीण परेशान हैं। कीचड़ भरी सड़कों पर चलना मुश्किल होने के कारण ग्रामीण खुद रेत और मिट्टी डालकर रास्ता बना रहे हैं। यह गांव पूर्व सांसद जगदीश सिंह राणा का पैतृक गांव है, फिर भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

मुजफ्फराबाद ब्लॉक के जीवाला गांव में कच्ची और टूटी सड़कें मानसून में कीचड़ से लबालब हो गईं। ग्रामीण फरमान, अहसान, निसार, नौशाद, शाबान, रहीस, बुरहान, कारी, मुहर्रम, मुन्तजिर और शहजाद ने बताया कि सड़कों की मरम्मत के लिए ग्राम प्रधान कोई कदम नहीं उठा रहे। ग्रामीणों को बाजार, स्कूल या अस्पताल जाने में भारी दिक्कत हो रही है। महिलाओं और बच्चों को कीचड़ में फिसलने का खतरा बना रहता है। एक ग्रामीण ने कहा, ष्हम खुद रेत-मिट्टी डालकर रास्ता बनाते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। पूर्व सांसद जगदीश सिंह राणा (1954-2021) का यह गांव मुजफ्फराबाद विधानसभा क्षेत्र में है।

राणा 2009 में सांसद और सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे। उनके निधन के बाद भी परिवार का प्रभाव है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि सड़कों का विकास ठप है। ग्राम पंचायत को 14वें वित्त आयोग और मनरेगा से 20-30 लाख रुपये सालाना मिलते हैं, लेकिन फंड का उपयोग नहीं हो रहा। नालियों की सफाई और जल निकासी की कमी से समस्या बढ़ रही है।ग्रामीणों ने बीडीओ मुजफ्फराबाद को शिकायत की है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की, अन्यथा धरने की चेता. वनी दी है।

# मेहनत के अनुरूप नहीं मिलता मानदेय : महिपाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** एससी एसटी आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मी हमेशा से पूरी ईमानदारी से काम करता चला आ रहा है। लेकिन सफाई कर्मियों को उनकी मेहनत के अनुरूप कम ही मानदेय मिलता है।

शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय सुल्तानपुर में सफाई कर्मियों तथा अन्य लोगों की बैठक को संबोधित करते हुए महिपाल वाल्मीकि ने कहा कि सरकार बनाने में बाल्मीकि समाज का भी बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि बाल्मीकि छोटे बजट में भी राष्ट्र की सेवा कर रहा है, हमें अपने आप पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सफाई कर्मियों की समस्याओं की ओर ध्यान देना चाहिए। उनके आवास, पेंशन, राशन कार्ड आदि समस्याओं का समाधान समय से किया जाना चाहिए। ईओ नगर पंचायत राजीव कुमार ने कहा कि कस्बे की आबादी के हिसाब से पंचायत में सफाई कर्मी कम हैं। फिर भी सभी सफाई कर्मचारी कस्बे को साफ सुथरा रखने में भरसक प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेता चौधरी देवी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनाथ धीमान, डॉ. हुकम सिंह, विकास कुमार, बसंत गुप्ता, सुमन सैनी, डा. ओमप्रकाश आदि ने भी अपने विचार रखे। नगर पंचायत चेयरपर्सन फूलबानो अंसारी ने सभी सफाई कर्मियों की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पवन सेन नीटू, मुख्य लिपिक अशोक कुमार, सहायक लिपिक नफीस, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रताप सैनी, ईसम सिंह दुबे, शिवकुमार सैनी, अनिल कश्यप, निशांक जैन, तौकीर अहमद, अमित कुमार, सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

## हत्या में आरोपित तीन नामजद गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव भिक्कनपुर मे रंजिश के चलते बुधवार की रात एक किसान की पीट पीटकर की गयी हत्या मे आरोपित तीन नामजद अभियुक्तों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मृतक विजय शर्मा का गुरुवार शाम पुलिस की मौजूदगी में उसके 7 वर्षीय पुत्र आदर्श द्वारा मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया। थाना प्रभारी रमेश चंद सिंह ने बताया कि हत्या के आरोप में नामजद पांच अभियुक्तों मे से शुक्रवार सुबह गांव भिक्कनपुर से पनियाली जाने वाले रास्ते से नामजद तीन हत्यारोपी संत. राम, श्रवण, अमरनाथ पुत्रगण जगत सिंह निवासी भिक्कनपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# कराटे चैम्पियनशिप में जीते पदक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला कराटे संघ सहारनपुर के तत्वावधान में मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर शुक्रवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल अपने नाम किए। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष, जिला ओलंपिक संघ संजय गर्ग ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया तथा अतिथियों को मोमेंटो भेंट किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज समय बदल चुका है, अब खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि उज्ज्वल भविष्य का आधार है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में गणेशा, योगेश प्रताप सिंह, अविका, सुनैना पासी, अभय पासी, जाकिया, अल्फिया बानो, इल्म-उल-शिफा, जैनब, ज्योतिषिका, विनायक, अंजलि, मन्नू, रिया, निधि, साक्षी, चांदनी, अंशिका, अंजू, राधिका, कामिनी, जहीन और शिवानी शामिल रहे। द्वितीय स्थान पर तन्मय, काव्या पटवाल, देव, आफिया, निधि, कार्तिक, महिमा और अल्फिया बानों रहे।

जिला कराटे संघ के सचिव नंदकिशोर एवं अध्यक्ष पुष्कर सिंह पुंडीर ने मुख्य अतिथि व आगंतुकों का आभार व्यक्त किय।

# यूरो किड्स में लगाया दंत चिकित्सा शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले के प्रतिष्ठित बाल विद्यालय यूरो किड्स में आज एक दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती गजाला खान एवं उप प्रधानाचार्या श्रीमती रितिका वालिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस शिविर में पाँच वर्ष और उससे कम उम्र के लगभग 60 बच्चों को जीवन में स्वच्छता एवं अच्छी आदतों जैसे समय पर हाथ धोना, नियमित दांत साफ करना तथा कचरे का सही स्थान पर निस्तारण करने की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों के दांतों की जाँच का कार्य जिले के प्रख्यात दंत चिकित्सक एवं बाजोरिया रोड स्थित मॉडर्न डेंटल केयर के संच. ालक डॉ. अक्षय गुप्ता एवं डॉ. दीपा तोमर द्वारा किया गया।

बच्चों को भयमुक्त एवं सहज वातावरण प्रदान करने के लिए कार्टून फिल्म और गानों का सहारा लिया गया, जिससे वे हर्षोल्लास के साथ सीखते हुए अपनी दंत जांच भी करवा सके। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं संस्थापक श्रीमती गजाला खान ने बताया कि विद्यालय बच्चों के लिए केवल शिक्षा का माध्यम ही नहीं, बल्कि उनकी सेहत, व्यवहार एवं खुशी का भी केंद्र है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न शैक्षिक भ्रमण एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। इस अवसर पर अध्यापिकाएँ मिस रिता वालिया, वैशाली दुग्गल, अलीना हैरिस एवं बुशरा अंसारी ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# आईआईएमटी में सेमिनार का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** आईआईएमटी उमाही कोटा में शुक्रवार को खेल और स्वास्थ्य सुरक्षित दवाएं व सप्लीमेंट्स से सुनहरा भविष्य विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर में उपस्थित प्रतिभागियों के साथ-साथ देशभर के लगभग 150 प्रतिभागी अलग-अलग संस्थानों से ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़े।

सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. राजीव कुमार तोमर, निदेशक, रुद्रपुर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी उत्तराखंड ने अपने संबोधन में खेलों में प्रतिबंधित दवाओं और नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को सुरक्षित दवाइयों एवं सप्लीमेंट्स के सही उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने स्वास्थ्य और करियर की सुरक्षा के लिए दवाओं के सेवन में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए।

सेमीनार मे संस्थान की निदेशक डा अंजू वालिया, वासिफ राव, नेहा त्यागी, मोहम्मद आफाक, रजनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# छुटमलपर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का खुला खेल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नवसृजित नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का खुला खेल सामने आया है। सभासदों ने आरोप लगाया है कि नगर पंचायत की अध्यक्ष शमा प्रवीण और अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी अपने चहेते ठेकेदारों के साथ मिलकर सरकारी धन का गबन कर रहे हैं। इस संबंध में सभासदों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है।

सभासदों का कहना है कि वर्ष 2023 में नगर पंचायत का गठन होने के बाद से ही भ्रष्टाचार चरम पर है। समाजवादी पार्टी की शमा प्रवीण के अध्यक्ष बनने और पूर्व अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के स्थानांतरण के बाद स्थिति और बिगड़ गई। वर्तमान अधिशासी अधिकारी कमलाकांत राजवंशी और अध्यक्ष पर आरोप है कि वे टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी कर अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचा रहे हैं। फर्जी बिल बनाकर राज्य वित्त के धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। सभासदों ने आय-व्यय विवरणिका की कुछ तस्वीरें भी सबूत के तौर पर प्रस्तुत की हैं, जो उन्होंने अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति में प्राप्त की थीं। आरोपों के अनुसार, सामान्य तौर पर 20,000 से 25,000 रुपये में होने वाली जेसीबी और ट्रैक्टर सर्विस का खर्चा 1,00,000 रुपये से अधिक दिखाया जा रहा है, वह भी महीने में दो बार। सभासदों ने बताया कि बोर्ड गठन के बाद से आय-व्यय का ब्योरा मांगने के बावजूद उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई। मांगने पर उन्हें साफ मना कर दिया जाता है, जिससे नगर पंचायत की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। सभासदों ने इसे मानसिक उत्पीड़न का मामला भी बताया।

इस मामले को लेकर ब्रांड एम्बेसटर रजत राणा विकास तोमर, भूपेंद्र शर्मा, डॉ. किरण पाल, सुमित कंबोज, कारी नौशाद, रिजवान, रमेश डाबर और नवाब आदिल अल्वी ने पहले देवबंद विधायक कुंवर बृजेश सिंह और फिर सहारनपुर मंडल आयुक्त से मुलाकात की। मंडल आयुक्त ने जांच का जिम्मा अपर जिलाधिकारी (एडीएम) को सौंपा है, लेकिन सभासदों का कहना है कि अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

सभासदों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**न्यायालय अपर कलक्टर ( प्र. ) सहारनपुर।**

वाद संख्या: डी202509600001161

प्रवीण कुमार बनाम दिलशाद आदि धारा 30 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता ग्राम इन्द्री परगना सुल्तानपुर तहसील व जनपद सहारनपुर।

**नोटिस बनाम:-** 1-श्री दिलशाद 2-आबिद पुत्रगण मुनीर 3-हरपाल सिंह पुत्र ज्योतिप्रसाद निवासीगण सकरुल्लापुर 4-श्रीमति जुलेखा पत्नी जीमल 5-इमरान पुत्र जरीफ, 6-गुफरान पुत्र नसीर 7-साकिर नाबलिग पुत्र नसीर संरक्षिका श्रीमति असगरी माता, समस्त निवासीगण ग्राम कलरी परगना सुल्तानपुर 8-सतपाल पुत्र रूलहा 9-धारा सिंह पुत्र पिरथी सिंह 10-रविन्द्र सिंह पुत्र पिरथी सिंह, 11-ब्रजपाल पुत्र पिरथी सिंह 12-नरेश पुत्र राजकुमार 13-श्रीमति लक्ष्मी पत्नी सुनहरा 14-ब्रहमपाल 15-रंगपाल 16-महीपाल पुत्रगण सुनहरा समस्त निवासीगण गाम कलरी परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर 17-ग्राम सभा / ग्राम पंचायत सलीरी परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा प्रधान ग्राम सभा...

उपर्युक्त वाद श्री प्रवीण कुमार पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम कलरी परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर के द्वारा खसरा नम्बर 245 रकबा 1.6340 व ख0नं0 242 चकमार्ग स्थित ग्राम इन्द्री परगना सुल्तानपुर तहसील व जिला सहारनपुर के अन्तिम भूचित्र को संशोधन कराने के सम्बन्ध में धारा 30 उ.प्र. राजस्व संहिता के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त के निमित्त इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि इस सम्बन्ध में आप कोई आपत्ति करना चाहते है तो नियत दिनांक 16.09.2025 को प्रात: 10-00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें। यदि सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट नही किया जाता है तो यह मानते हुऐ कि उक्त के सम्बन्ध में आपको कुछ नहीं कहना है तद्नुसार न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

**अपर कलक्टर ( प्रशासन ) सहारनपुर।**

## 5 गोल्ड व 4 सिल्वर मेडल कब्जाए




**नागल।** जिला स्तरीय इंटर स्कूल रोप स्किपिंग चैंपियनशिप 2025 में कस्बे के तेजस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओ ने शानदार प्रदर्शन कर 5 गोल्ड व 4 सिल्वर मेडल अपने नाम किए। जिनमें युवराज, अवनी, अक्षय, आदित्य, पूर्वी, वैष्णवी, प्रणव, अर्पित, सानिध्य शामिल रहे। सभी विजेता छात्र छात्राओ को कोच धर्मेंद्र लाल प्रताप और संयोजक मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य हेमंत अरोड़ा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के समय में खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक विकास होता है। मोबाइल की बढ़ती लत से बचाने के लिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों को अधिक से अधिक खेलों से जोड़ें, ताकि उनका भविष्य सुनहरा बने और उनकी शारीरिक क्षमता का विकास हो।

# अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन




**बेहट।** बिहार राज्य के दरभंगा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विपक्ष के कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री और उनकी माता पर की गई अशोभनीय टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष पनप गया और कस्बे में एकत्र होकर नारे बाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर राहुल गांधी के पुतले को फूंककर उनके लोक सभा सदस्यता समाप्त किए जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एस डी एम मानवेंद्र सिंह को सौंपा।

विपक्ष के कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा बिहार के दरभंगा मे आयोजित एक कार्यक्रम में देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी माता पर की गई अशोभनीय टिप्पणी करने को लेकर भाजपाइयों मे रोष व्याप्त हो गया भाजपाई कस्बे में एकत्र हुए और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला लेकर मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे कांग्रेस और उनके नेताओं के खिलाफ जमकर नारे बाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका गया और उनकी सदस्यता को समाप्त कराने को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एस डी एम मानवेंद्र सिंह को सौंपा गया।इस दौरान, डीसीडीएफ के चेयरमैन एवं जिला उपाध्यक्ष सोनेंद्र राणा, जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष बिज. ेंद्र कश्यप मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंघल, सड़ोली कदीम मंडल महामंत्री प्रदीप गुप्ता देवेंद्र राणा, सचिन गर्ग, मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र सैनी, जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम, सुधीर कर्णवाल बंसीलाल उपाध्याय सभासद सत्य प्रकाश रोहिला, मिर्जा फजलुर्रहमान, मुख्तार आलम आदिभाजपाई मौजूद रहे।

## रेडिएंट स्कूल का किया शैक्षिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** रेडिएंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रकृति कुंज आश्रम का शैक्षिक भ्रमण कर ज्ञान अर्जित किया आश्रम प्रबंधक ने छात्रों को धार्मिक व औषधीय पौधों के गुणों कि जानक. ारी दी

नगर के रेडिएंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सहारनपुर स्थित प्रकृति कुंज आश्रम का शैक्षिक भ्रमण कर ज्ञान अर्जित किया। आश्रम के प्रबंधक आचार्य राजेंद्र अटल एवं आकाश ने बच्चों को प्रकृति कुंज में रोपित प्रत्येक औषधीय एवं धार्मिक महत्व के पेड़ पौधों की विस्तृत जानकारी दी। प्रकृति कुंज में हजारों पौधों की जानकारी देते हुए राजेंद्र अटल जी ने बच्चों को सात्विक खान पान व उत्तम व्यवहार पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। राजेंद्र अटल ने बताया कि इस आश्रम में लगभग 20 देशों के नागरिक भ्रमण कर चुके हैं। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी आश्रम में भ्रमण कर चुके हैं। विद्यालय के बच्चे नई नई जानकारी प्राप्त करते हुए बहुत उत्साहित नजर आएं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुज कुमार सैनी, सहदेव पुंडीर एवं सचिन पुंडीर उपस्थित रहें।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मौहम्मद ऐजाज व उसकी पत्नि सना रानी को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मुख्तियार अहमद पुत्र श्री मुश्ताक अहमद निवासी म.नं. 2112/3/19, देहरादून रोड, अब्दुल्ला कालोनी, थाना जनकपुरी, जिला सहारनपुर।**

# जिनालयों में दशलक्षण महापर्व का आयोजन श्रद्धाभाव व आस्था के साथ जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर के सभी जिनालयों में दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं भक्ति भाव से जारी है।

शुक्रवार को पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान भव्य रूप से सम्पन्न हुए। मुख्य धार्मिक कार्यक्रम जैन बाग स्थित प्राचीन अतिशयकारी जैन मंदिर श्री वीरोदय तीर्थ मंडपम् में आयोजित हुआ, जहाँ परम पूज्य आचार्यप्रवर श्री विमर्शसागर जी महाराज, उनके शिष्य मुनिमहाराजों व आर्यिका माताओं की सन्निधि में श्री जिनेंद्र प्रभु के अतिशयकारी जिनबिंब पर विश्व शांति के लिए अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। श्रद्धालुओं को मंगलदेशना देते हुए आचार्यप्रवर ने कहा कि मार्दव का अर्थ है कोमलता, मधुरता और विनयशीलता। अहंकार रहित हृदय में ही मार्दव धर्म प्रकट होता है। जीवन में अहंकार पूजा, भक्ति और तप को निष्फल कर देता है, जबकि विनय और मधुरता से यश, सम्मान व मोक्ष मार्ग की प्राप्ति होती है। धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन ने कहा कि अभिमानी के सभी शत्रु हो जाते हैं, इसलिए विनय और नम्रता ही सच्चा आभूषण है। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि अहंकार में पशुता छिपी होती है, जबकि अहंकारमुक्त जीवन में श्रेष्ठ मानवता का प्रादुर्भाव होता है। व्रती श्रावक सीए अनिल जैन ने कहा कि उत्तम मार्दव धर्म आत्मबल को सुदृढ़ करता है और जीवन को सुखमय बनाता है। इस अवसर पर जैन समाज के पदाधिकारी व सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, संरक्षक राकेश जैन, सीए अनिल जैन, महामंत्री सजीव जैन, उप मंत्री अविनाश जैन नाटी, उपाध्यक्ष विपिन जैन, डॉ. डी.पी. जैन, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. सुशील जैन, वरिष्ठ पत्रकार नीना जैन सहित अनेक गणमान्य शामिल रहे।







**रामपुर मनिहारान।** जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का दूसरा दिन श्री सुपार्श्वनाथ भगवान के गर्भ कल्याणक के साथ उत्तम मार्दव धर्म के रूप में मनाया गया। प्रात: मंदिर में श्री सुपार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा को पाण्डुकशिला पर विराजमान कर अभिषेक और शांतिधारा की गई। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पं अंकित शास्त्री ने कहा कि दशलक्षण का दूसरा दिन उत्तम मार्दव धर्म का दिन है।उत्तम मार्दव का अर्थ है विनम्रता, कोमलता और अहंकार या घमंड का त्याग। यह जैन धर्म के दस धर्मों में से दूसरा है, जिसका सार अपने मन से मान कषाय को समाप्त करना है। इस धर्म के पालन से व्यक्ति में नम्रता आती है और वह मोक्ष की ओर बढ़ता है। शाम के समय संगीतमय आरती की गई। श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान जैन समाज के प्रधान मनोज जैन, महामंत्री निपुण जैन, अमित जैन, सुधीर जैन, विद्यासागर जैन, भूपेंद्र जैन, शशांक जैन, अनुराग जैन, अतुल जैन, प्रशांत जैन, पुष्पेन्द्र जैन, आक. ाश जैन, अर्पित जैन, नीरज जैन, आर्जव जैन, नवीन जैन, ललित जैन, शुभम जैन, अंकित जैन सहित समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के श्री दिगम्बर 1008 श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर में दशलक्षण धर्म पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की पूजा की गई।

शुक्रवार को मंदिर में जयपुर से आये विद्वान अंश जैन व सक्षम जैन ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना कराई और उत्तम मार्दव धर्म का अर्थ बताया। उन्होंने कहा कि उत्तम मार्दव जैन धर्म के दस सिद्धांतों में से दूसरा धर्म है। मार्दव का अर्थ है घमंड या अहंकार का अंत करना ऋजोर्भाव: इति आर्जव: अर्थात् आत्मा का स्वभाव ही सरल स्वभाव है।इस अवसर पर बिजेंद्र जैन, राजीव जैन, सिद्धार्थ जैन, वशु जैन, संजय जैन, विपिन जैन, आराध्य जैन, महिला मंडल से अंजना जैन, चंदन जैन, कुसुम लता जैन, राजेश जैन, नेहा जैन, पारुल जैन, शालनी जैन, कीर्ति जैन व दिव्य जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रेलवे ट्रेक पार करते समय मालगाडी ट्रेन की चपेट में आने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रणखंडी रेलवे फाटक पर दिल्ली से सहारनपुर की ओर जा रही मालगाडी की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के प्रयास कराए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 42 वर्ष के आसपास है। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि रेलवे ट्रैक पार करते समय उक्त व्यक्ति की मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आ गया था।

# झांकियों और बैंडबाजों के साथ निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री राधाष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। झांकियों और बैंडबाजों के बीच ठाकुरजी और राधा रानी के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूम उठे। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

श्री हित हरिवंश संदेश सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान रेलवे रोड लाजपत नगर से निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ राधा नवरंगी लाल मंदिर के सेवायत निकुंज चंद्र महाराज और गो. विंद चंद्र महाराज ने संयुक्त रूप से आरती पूजन कर किया। शोभायात्रा नगर के सुभाष चौक पर पहुंची तो पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग, सभासद विपिन त्यागी, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि ने पालकी और श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद



सुभाष चौक, एमबीडी चौक, मेन बाजार, हनुमान चौक से होते हुए सिद्धपीठ श्री राधा नवरंगी लाल मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। सुंदर झांकियों



और बैंड बाजों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धालु जमकर झूमे। मंदिर के सेवायत नीरज गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, लालजी गोस्वामी, नवनीत लाल गोस्वामी, निशांत मित्तल, विनोद गुप्ता, अमित कंसल, राममोहन सैनी, राजेश अनेजा, संजय सलूजा, विकास गर्ग, अजय टंडन, प्रियांशु गोस्वामी व मुदित गोस्वामी आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शोभायात्रा के मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा।

# जैन मंदिरों में हुई उत्तम मार्दव धर्म की पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दशलक्षण पर्व के दूसरे दिन जैन मंदि. रों में उत्तम मार्दव धर्म की पूजा अर्चना हुई।



श्री जी का अभिषेक शांतिधारा, नित्य नियम पूजा, तत्वार्थ सूत्र विधान किया गया। श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर सरागवाड़ा में वर्षायोग समिति के तत्वावधान में हुए धार्मिक कार्यक्रम में श्रीजी की शांतिधारा करने का सौभाग्य सतीश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर आचार्य अरुण सागर महाराज ने उत्तम मार्दव धर्म का महत्व बताया। कहा कि अहंकार त्याग कर विनम्रता व सरलता से जीना ही उत्तम मार्दव धर्म है। इस अवसर पर तत्वार्थ सूत्र विधान के दूसरे अध्याय के 53 अर्ध चढ़ाए गए। वर्षायोग समिति के वित्त संयोजक सुनील जैन ठेकेदार, विनोद जैन, रविंद्र जैन, अनुज जैन, अकाश जैन, मनोज जैन, अंकित जैन, अजय जैन, मुकेश जैन, सुमन जैन आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

**देवबन्द।** इस्लामिया डिग्री कॉलेज में महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को छेड़छाड़ व साईबर धोखा धड़ी की जानकारी दी गइ। इस्लामिया डिग्री कॉलेज प्रागण में महिला सुरक्षा जागरूक अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में एन्टी रोमियो प्रभारी महिला उपनिरीक्षक सुधा त्यागी ने छात्राओं को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि 1090 नम्बर महिलाओं के खिलाफ छेड़छाड़ एवं उत्पीड़न एवं 1930 नम्बर पर साईबर धोखा धड़ी की जानकारी देकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं। उन्होने कहा कि छात्र-छात्राएं अज्ञात इमेल या लिंक पर क्लिक न करें और सार्वजनिक वाईफाई का उपयोग करते समय सावधान रहें जिससे आप अपने



व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रख सकते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डा. वकील अहमद ने कहा कि हर्ष की बात हैं कि कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रो में नौकरी पाकर कॉलेज का नाम रोशन करने के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में भी अपना योगदान दे रहें हैं। उन्होने छात्र-छात्राओं को अनुशासित जीवन जीने की सलाह देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। राखी, पंकज कुमार, मुनेश कुमार आदि शामिल रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जयंती





**देवबन्द।** हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढकर भाग लेते हुए मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजली अर्पित की।

मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी प्रागण में कक्षा 3 से लेकर 5 तक के बच्चों के लिए बेडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी युवराज सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत पाराशर ने प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी समेत स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

इण्डस्ट्रीयल स्टेट स्थित दून वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के लिए शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने प्रतियोगिता में उच्च स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। अर्चना शर्मा, तनुज कपिल, हरदीप सिंह आदि मौजूद रहे। ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कॉलेज रणखंडी, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर भी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

# कांग्रेस व सपा मिलकर लड़ेगी विधानसभा चुनावः भाटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सपा के राष्ट्रीया प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधान सभा चुनाव में एकजुट होकर सपा को मजबूत करने का आह्वान किया। हालांकि इस दौरान उन्होंने भाजपा के साथ-साथ सहारनपुर सांसद इमरान मसूद पर तल्ख टिप्पणी करने से नहीं चूकें। हालांकि उन्होंने कहा कि 2027 का विधान सभा चुनाव कांग्रेस और सपा मिलकर 350 विधान सभा सीटे जीतने के साथ उतरेगी।

सपा के शिक्षक विधान सभा प्रत्याशी डा. नितिन तोमर के प्रचार को देवबंद पहुंचे सपा केराष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने देवबंद क्षेत्र के बाडर के ऊंचा गांव में प्रधान कृष्णपाल के आवास पर गुर्जर



चौपाल सजाई। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सपा पीडीए के नारे के साथ अखिलेश यादव के नेतृत्व में 350 विधान सभा चुनाव जीतने के लक्ष्य के साथ पार्टी उतर रही है। कहा कि सपा में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर कोई गुटबाजी नहीं है। जनपद स्तर पर जो गुटबाजी है उसे समाप्त कर दिया जाएगा। कहा कि आगामी जनवरी माह में सभी विधान सभा सीटो पर प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। जिसे कार्यकर्ता मजबूती के साथ लड़ाएंगे। कहा कि राहुल गांधी के साथ अखिलेश यादव के अच्छे संबंध हैं। कहा कि प्रदेश विधान सभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव टिकट घोषित करेंगे। सांसद इमरान मसूद के सात सीटो पर प्रत्याशी घोषित करने के बयान पर उन्होंने कहा कि इमरान मसूद छोटे नेता हैं उनकी इतनी हैसियत नहीं है कि वह टिकटो का बंटवारा करें। इसलिए हम उनकी किसी बात का जवाब नहीं देंगे। कहा कि चुनाव गठबंधन में होगा और राहुल गांधी

**राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने सपा के शिक्षक विधान सभा प्रत्याशी डा. नितिन तोमर को कामयाब बनाने के लिए कार्यकर्ताओं व मतदाताओं से किया आह्वान**

और अखिलेश यादव की सहमति से ही गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। इस दौरान अनिल नागर, देवेंद्र टाइगर और सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हादसे में घायल युवक की मौत

**शेरकोट।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाते समय मौत गई। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। गुरुवार की देर रात गांव भज्जावाला थाना अफजलगढ़ निवासी दीपक (35 वर्ष) पुत्र पदम सिंह शेरकोट के चुंगी नम्बर पांच के निकट निराश्रित गौवंश से टकरा कर उस समय गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जब वह धामपुर से स्कूटी द्वारा अपने गांव जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेजा था। जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। परिजन घायल युवक को काशीपुर ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।





# श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाभोग का प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सिद्धि विनायक मंदिर में प्रतिदिन सुबह प्रात: आठ बजे और शाम सात बजे भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। साथ ही 10 दिन की पूजा अर्चना के पश्चात छह सितंबर को भव्य शोभायात्रा में भगवान गणपति को विराजमान कर उन्हें विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा।

आज दूसरे दिन भगवान गणपति की पूजा अर्चना में जजमान अरुण तायल पूरे परिवार के साथ सम्मिलित रहे। पूरे विधि विधान के साथ पंडित जितेंद्र डबराल और संजय डबराल द्वारा पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर चौधरी कुलवीर सिंह, राकेश गोयल, विवेक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल राजू, रविंद्र चौहान, विनय कौशिक, आलोक अग्रवाल, डॉ. राजीव अरोड़ा, डॉ. एसके जोहार, नवनीत वर्मा एड., डॉ. राहुल वर्मा, राहुल वर्मा, राजेश तागरा, शैलेंद्र चौधरी एड., मोनू चौधरी, शक्ति सिंह, राजन टंडन गोल्डी, पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र वर्मा नांगल वाले सहित यश अग्रवाल नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। बुधवार 26 अगस्त की



संध्याकालीन आरती में सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा अर्चना और महाभोग का अवसर कुलवीर चौधरी संरक्षक गणेश चौथ महोत्सव और उनके परिवार शैलेंद्र चौधरी एड., शक्ति चौधरी, मोनू चौधरी एवं समस्त परिवार को मिला।

इस दौरान भारी संख्या में महाभोग का प्रसाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

# एसडी पब्लिक स्कूल में कल्पतरू – 2025 दो दिवसीय सांस्कृतिक और शैक्षिक महोत्सव की अनुपम झलक

**मुजफ्फरनगर।** दिनांक 28 और 29 अगस्त 2025 मुजफ्फरनगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल सीनियर विंग के प्रागंण में आयोजित दो दिवसीय कल्पतरू उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्वक सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं एवं नवीं कक्षा के विद्यार्थियों की जिजीविषा, रचनात्मकता एवं सामूहिकता ने सभी दर्शकों को अभिभूत कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अभिभावकों के स्वागत के साथ हुआ । विद्यालय डायरेक्टर मती चंचल सक्सैना व प्रधानाचार्या मती भारती तिवारी ने उपस्थित सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया तथा विद्यालय की समृद्ध परंपरा और शिक्षा के उच्च मानदंडों पर प्रकाश डाला। विद्यालय डायरेक्टर मती चंचल सक्सैना ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया और सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में सर्वप्रथम छात्रों द्वारा दुर्गास्तुति, गणेश





वंदना, सरस्वती वंदना एवं चार युग जैसे नृत्य - नाटकों ने भारतीय संस्कृति की गहराई एवं विधिवता को मंच पर जीवित कर दिया। मोटिवेशनल डांस, कव्वाली, गर्बा, नींव से निर्माण तक जैसी प्रस्तुतियां बच्चों की बहुआयामी प्रतिभा को दर्शाती रही। विद्यार्थियों द्वारा श्हैप्पी प्रिंसष् की अंग्रेजी नाटड प्रस्तुति ने सामाजिक संदेश देते हुए दर्शकों को भावाविभोर कर दिया मोबाइल एडिक्शन तथा स्ट्रीट प्ले जैसी प्रसतुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने आज के युग की ज्वलंत समस्याओं पर प्रकाश डाला। छात्रों द्वारा देशभक्ति के गीत आरंभ है प्रचंड, आई रे गजब की रात है आदि समूहगान ने संपूर्ण वातावरण को उमंग और उल्लास से भर दिया ।

कार्यक्रम के मध्य में शैक्षणिक, सहशैक्षिक गतिविधियों द्वारा सौ प्रतिशत उपस्थिति के लिए मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। पूरें कार्यक्रम के दौरान मंच पर विद्यार्थियों की ऊर्जा, मनोयोग एवं सृजनशीलता देखते ही बनती थी।

विद्यालय डायरेक्टर मती चंचल सक्सैना ने अपने संदेश में कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम है। दो दिवसीय कल्पतरु उत्सव मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं गौरवपूर्ण रहा। बच्चों ने जिस उत्साह और रचनात्मकता के साथ मंच पर विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षिक प्रस्तुतियां दी वह विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा का प्रमाण है। मै सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं आयोजकों को उनकी अथक मेहनत एवं अनुशासन के लिए हार्दिक धन्यवाद देती हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करती हूं। विद्यालय प्रधानाचार्या मती भारती तिवारी ने विद्यार्थियों को अपने संदेश में बताया कि कल्पतरू सांस्कृतिक उत्सव ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया अपितु विद्यालय को भी गौरवान्वित किया। ऐसे आयोजन बच्चों के व्यक्तित्व एवं सृजनात्मकता को नई दिशा प्रदान करते है।

अंत में उपप्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, शशीकांत शर्मा व मती ने गीता मित्तल ने सभी अभिभावकों का ह्दय से धन्यवाद व्यक्त किया और राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिवीटि इंचार्ज मती प्रियंका सचदेवा, सुप्रीत कौर व रीतू सैनी का विशेष योगदान रहा।

# लाख विरोध के बाद भी सड़क बनकर तैयार

**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** शहजादपुर में खलिहान, ग्राम समाज और देवता स्थल की जमीन से पक्की सड़क निकालने के विरोध में किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। यहां तक कि हाईवे भी जाम किया गया, मगर कुछ काम नहीं आया। आखिरकार तमाम विरोध के बाद सीसी रोड का निर्माण कर ही दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम शहजादपुर में ब्लॉक निधि से पांच मीटर चौड़ी सीसी रोड का निर्माण पूरा कर लिया गया। इस सड़क के विरोध में दो दिनों तक भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों और कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। मंगलवार की रात नौ बजे इन लोगों ने नेशनल हाईवे पर नजीबाबाद में जाम भी लगा दिया था। रात में सीओ नितेश प्रताप सिंह और एसडीएम शैलेंद्र सिंह ने किसी तरह किसानों को समझाते हुए कहा था कि किसी भी सरकारी जमीन पर रास्ता नहीं बनाया जाएगा, यह कहते हुए समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया था। जाम लगाने वाले किसानों का आरोप था कि ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधान की मिलीभगत से खलिहान, ग्राम समाज और ग्राम देवता की जमीन पर सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। जबकि नक्शे में उक्त जगह पर कोई रास्ता नहीं है। आरोप था कि आगे चलकर ग्राम प्रधान के खेत है। ऐसे में ग्राम प्रधान को फायदा पहुंचाने के मकसद से यह रोड बनाई जा रही है। क्योंकि भविष्य में आगे चलकर ग्राम प्रधान को अपने खेत में कॉलोनी काटनी है। वहीं वही ग्राम प्रधान के पक्ष में काफी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और सड़क निर्माण कार्य जनहित में होना बताया था। बुधवार को सड़क निर्माण का विरोध करने वाले शांत हो गए और सीसी रोड का निर्माण बिना किसी रूकावट के कर दिया गया। शहजादपुर के ग्राम प्रधान पति अर्पण चौधरी ने बताया कि बरसात में इस मार्ग पर जल भराव की स्थिति में ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ग्राम देवता स्थल की बाउंड्री वॉल से कुछ दूरी पर सीसी मार्ग का निर्माण



किया गया है। जो मेरा निजी स्वार्थ न होकर जनहित में है । इस मामले में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने बताया कि ग्राम देवता वाले मार्ग पर ग्राम प्रधान का खेत है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है। पांच महीने पहले टेंडर हुआ था। पहले कोई विरोध नहीं था। हमने दिन में सड़क बनाई है।

# मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी गिरफ्तार

**शेरकोट।** पुलिस मुठभेड़ में गो. कशी का आरोपी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार के अनुसार बीती देर रात पुलिस नूरपुर छिबरी मार्ग पर चैकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि गो. कशी के आरोपी गाजी फार्म के निकट मौजूद हैं जो कि एक बार फिर गोकशी की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस, पशु कटान के उपकरण और बाइक बरामद की।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SAYYARA से बदलकर सैयरी बानो (SAYARI BANO) रख लिया हैं। भविष्य में मुझे (SAYARI BANO) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

SAYARI BANO
W/O TALIB HASAN
VILLAGE TIGRI POST,
GOPALI TAHSIL
DEOBAND
DISTT. SAHARANPUR

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डोना को हराकर गॉफ तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** गत चैंपियन कोको गॉफ ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। आर्थर ऐश स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में अमेरिकी दिग्गज गॉफ ने पहले सेट में कड़ी टक्कर दी और फिर लय में आकर क्रोएशिया की डोना वेकिच को 7-6(5), 6-2 से हराकर मैच अपने नाम कर लिया। गॉफ का अगला मुक. ाबला 28वीं वरीयता प्राप्त पोलैंड की मैग्डेलेना फेच से होगा। मैच के बाद गॉफ ने कहा कि सच कहूं तो, आज का मैच मेरे लिए कठिन था, लेकिन मैं इस बात से खुश हूं कि मैं इससे निपट पाई। पिछले कुछ हफ्ते बेहद मुश्किल रहे हैं।

### चोटिल क्रेग एर्विन श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज से हुए बाहर

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन पिंडली की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

आज से शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सीन विलियम्स जिम्बाब्वे टीम की कप्तानी करेंगे। जिम्बाब्वे ने अभी तक किसी एर्विन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में मैच की पूर्व संध्या पर एर्विन को अपनी बाईं पिंडली में ग्रेड 2 की चोट के साथ-साथ अपनी दाहिनी पिंडली में ग्रेड 1 की चोट का सामना करना पड़ा। गुरुवार को हुए एमआरआई स्कैन से उनकी चोट की पुष्टि हुई। जिम्बाब्वे और श्रीलंका को 29 अगस्त से सात सितंबर तक दो एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने हैं। सभी पांच मैच हरारे में खेले जाएंगे।

● डायमंड लीग फाइनल में

# दूसरे स्थान पर रहे नीरज

● **डायमंड लीग फाइनल के पुरुषों की भालाफेंक प्रतियोगिता में नीरज ने 81.01 मी. थ्रो से भाला फेंका**



**स्वीट्जरलैंड, वार्ता।** डायमंड लीग फाइनल 2025 के पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत के नीरज चोपड़ा ने 85.01 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91-51 मीटर का थ्रो कर खिताब अपने नाम किया।

लेट्ज़ग्रिंड स्टेडियम में हुए मुकाबले में भारत के नीरज चोपड़ा ने प्रतियोगिता की शुरुआत अच्छी की थी और पहले प्रयास में 84.35 मीटर फेंका। हालांकि बीच के तीन प्रयासों में लगातार फाउल के कारण वे पीछे रह गए। पांचवां थ्रो भी नाकाम रहा, लेकिन नीरज ने छठे और अंतिम प्रयास में शानदार वापसी करते हुए 85.01 मीटर की दूरी दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहे। यह थ्रो उन्हें केशोर्न वॉलकॉट से आगे ले गया, जिन्होंने 84.95 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जर्मनी वेबर ने अपने दूसरे प्रयास में 91.51 मीटर का थ्रो फेंका। इस दूरी अन्य कोई एथलीट पार नहीं कर पाया और वेबर ने नया निजी सर्वश्रेष्ठ और वर्ल्ड लीड दर्ज करते हुए खिताब जीता। प्रतियोगिता में अन्य दावेदारों में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.06 मीटर के साथ चौथे, केन्या के जूलियस येगो 82.01 मीटर के साथ पांचवें, मोल्दोवा के आंद्रियन मार्डारे 81.81 मीटर के साथ छठे और स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड 81-29 मीटर (पर्सनल बेस्ट) के साथ सातवें स्थान पर रहे।

# अंकुर मित्तल ने डबल ट्रैप में एशियाई चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर जीता स्वर्ण पदक



**शिमकेंट, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 चांग. वोन विश्व चैम्पियन अंकुर मित्तल ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप के दौरान डबल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते हुए नया एशियाई चैम्पियनशिप रिकॉर्ड बनाया।

● **52 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा**

कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही इस प्रतियोगिता में अंकुर की इस जीत के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा 103 तक पहुंच गया। 52 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ यह भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। अंकुर मित्तल ने भानु प्रताप सिंह और हर्षवर्धन काविया के साथ मिलकर डबल ट्रैप टीम स्पर्धा में टीम कांस्य भी जीता। अंकुर ने चार राउंड (प्रत्येक में 30 शॉट्स) में 26, 28, 26 और 27 अंक हासिल करते हुए कुल 107 हिट के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान के स्थानीय शूटर आर्टिओम चिकुलायेव ने 98 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि कुवैत के अहमद अलअफ़ासी ने 96 2 के साथ शूट-ऑफ में कांस्य पदक हासिल किया। डबल ट्रैप जूनियर वर्ग में हतीम खान मोहम्मद ने 89 हिट्स के साथ रजत पदक और मानवराजसिंह चुडासमा ने 87 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। दोनों ने विनय प्रताप सिंह चंद्रावत (81) के साथ मिलकर इस इवेंट का टीम स्वर्ण भी जीता।

डबल ट्रैप महिला वर्ग में भारत ने पोडियम क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य अपने नाम किए। अनुश्का सिंह भाटी (93) ने स्वर्ण, राज. कुंवर प्रनिल इंगले (89) ने रजत और यशाया हाफिज कॉन्ट्रैक्टर (87) ने कांस्य पदक जीता। इस तिकड़ी ने टीम स्वर्ण भी अपने नाम किया। महिला जूनियर वर्ग में अवनी अलंकार कोली ने 77 हिट्स के साथ कांस्य पदक जीता। अवनी ने कृषिका जोशी और स्मिता सावंत (दोनों 61 हिट्स) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। 50 मीटर राइफल प्रोन महिला वर्ग में मनीनी कौशिक ने 617-8 स्कोर के साथ भारत के लिए कांस्य पदक जीता। मनीनी ने सुरभि भारद्वाज (614-4) और विदर्शा के-विनोद (613-8) के साथ मिलकर टीम रजत भी जीता। जूनियर वर्ग में प्राची गायकवाड़ ने 616-6 स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। प्राची ने अनुशका ठोकुर (607-6) और तेजल नाथावत (599-2) के साथ मिलकर टीम कांस्य पदक भी जीता।

25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरुष वर्ग में, रजकंवर सिंह ने प्रिसीजन राउंड में 289 और रैपिड राउंड में 294 के स्कोर के साथ कुल 583-22ग बनाकर स्वर्ण पदक जीता।

### ओडिशा डीजीपी ने 41 खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**भुवनेश्वर, वार्ता।** ओडिशा के पुलिस महानिद. शक (डीजीपी) योगेश बहादुर खुरानिया ने शुक्रवार को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के अवसर पर ओडिशा पुलिस के 41 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया। यहां आरके पाढ़ी मेमो. रियल हॉल में आयोजित समारोह में डीजीपी खुरानिया ने खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा और उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियों ने हाल के वर्षों में देश भर में ओडिशा पुलिस की प्रतिष्ठा को बढ़ाया।

## मोदी, मांडविया ने ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि



● **खेल दिवस के विशेष अवसर पर हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी: मोदी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि राष्ट्रीय खेल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस विशेष अवसर पर, हम मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिनकी उत्कृष्टता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पिछले एक दशक में, भारत के खेल परिदृश्य में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। युवा प्रतिभाओं को निखारने वाले जमीनी स्तर के कार्यक्रमों से लेकर विश्वस्तरीय सुविधाओं के निर्माण तक, हम अपने देश में एक जीवंत खेल पारिस्थितिकी तंत्र देख रहे हैं। हमारी सरकार एथलीटों का समर्थन करने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और भारत को खेल उत्कृष्टता का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। केन्द्रीय खेल मंत्री मांडविया ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान डा. मांडविया ने दौड़ लगाई, फुटबॉल खेली तथा रस्साकशी आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ मांडविया ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन एवं समस्त देशवा. सियों को राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। खेल परंपरा भारत में सदियों से विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत आज खेल महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आइए आज के दिन को और सार्थक बनाएं - एक घंटा खेल के मैदान में जरूर बिताएं। उन्होंने कहा कि जो खेलेगा, वही खिलेगा।

## घरेलू सीजन से पहले मनदीप सिंह ने त्रिपुरा को छोड़ा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बल्लेबाज मनदीप सिंह ने टीम के साथ सिर्फ एक सीजन बिताने के बाद 2025-26 घरेलू सीजन से पहले त्रिपुरा छोड़ने का फ़ैसला किया है। मनदीप ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि पिछले सीजन में मुझे खेलने का मौका देने के लिए त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन का शुक्रिया। मैंने वहां अपने समय का बहुत लुत्फ लिया। मैदान के अंदर और बाहर कुछ बेहतरीन यादें बनीं। टीम को आगामी सीजन के लिए शुभकामनाएं। अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। मनदीप ने रणजी ट्रॉफी में छह मैच, विजय हजारे ट्रॉफी में छह मैच और सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी में 2024-25 सीजन के दौरान सात मैच खेले थे। त्रिपुरा सभी टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया लेकिन मनदीप ने अच्छा प्रदर्शन किया। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नाबाद 124 रन बनाए और पांच अर्द्धशतक लगाए।

## चीन में आयोजित बेल्ट एंड रोड यूथ बॉक्सिंग गाला में 14 भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया

**झिंजियांग, वार्ता।** चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोड अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिंग गाला - अंडर-17/अंडर-19/अंडर-23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में चौदह भारतीय जूनियर मुक्केबाजों ने अपने-अपने फाइनल में प्रवेश किया, जिससे महाद्वीपीय आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में उनके शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रहा। कजाकिस्तान, ईरान, कोरिया, उज्बेकिस्तान, फिलीपींस और चीन के मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए, 10 लड़कियों और 4 लड़कों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे भारत के लिए कई रजत पदक और स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल संभावना सुनिश्चित हुई। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 5 सहायक कर्मचारी और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया था, जिसमें एशियाई युवा खेलों और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों के पदक विजेताओं को जगह मिली थी।

लड़कों में, ध्रुव खरब (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा) और उधम सिंह राघव (54 किग्रा) ने शानदार जीत हासिल की, जिन्होंने चीन, कोरिया और ईरान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आदित्य (52 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) ने कजाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन करीबी फैसलों के बाद बाहर हो गए, जबकि उदय, देवेंद्र चौधरी आदि ने अभियान समाप्त किए।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में

● **पीवी सिंधु ने महिला एकल में व ध्रुव और तनिषा ने मिश्रित युगल में खेलकर अगले दौर में जगह बनाई**



**पेरिस, वार्ता।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

राउंड-ऑफ-16 में चीनी जोड़ी का सामना करते हुए, सात्विक-चिराग ने गुरूवार को शुरुआती गेम 19-21 से मामूली अंतर से गंवा दिया, लेकिन शानदार वापसी करते हुए दूसरे गेम में 21-15 से दबदबा बनाया। निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा, जिसमें कई बार स्कोर बराबर रहा, लेकिन सात्विक-चिराग ने 1 घंटे 6 मिनट में 21-17 से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब भारतीय जोड़ी का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरा. ेन चिया और सोह वूई यिक से होगा, जो अपनी जीत की लय को जारी रखना चाहेंगे।

इससे पहले दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने महिला एकल में तथा ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने मिश्रित युगल में क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। सिंधु ने विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की वांग झीयी पर जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

2019 की विश्व चैंपियन सिंधु ने पहले गेम में जीत के साथ अपनी पकड़ मजबूत कर ली, और फिर दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पूरी तरह से मात देते हुए केवल 48 मिनट में 21-19, 21-15 से जीत हासिल की। सिंधु शुक्रवार को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए इंडोनेशियाई शटलर पुत्री कुसुमा वर्दानी से भिड़ेंगी।

ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने पांचवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग चीन के तांग चुन मान और त्से लयग सुएट को एक घंटे 3 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-12, 21-15 से हराया।

## फिट हसरंगा श्रीलंका की एशिया कप टीम में शामिल

● **हसरंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए दुशन हेमंता की जगह टीम में शामिल किया गया**

**कोलंबो, वार्ता।** लेग स्पिन ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा को एशिया कप के लिए श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम में चुना गया है। हसरंगा को बांग्लादेश के खिलाफ पिछली सीरीज़ के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से बाहर रखा गया था, लेकिन उम्मीद है कि वह यूएई में होने वाली प्रतियोगिता के लिए फिट हो जाएंगे।

हसारंगा को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित टीम में दुशन हेमंता की जगह शामिल किया गया है, जबकि अनकैप्ड बल्लेबाज विशेन हालम्बेग को टीम से बाहर रखा गया है। हसरंगा की वापसी का मतलब है कि एशिया कप के लिए जाने वाली टीम में चार बदलाव हुए हैं, जिसमें अविष्का फर्नांडो, दिनेश चांडीमल, जेफरी वेंडरसे और ईशान मलिंगा शामिल नहीं हैं। बल्लेबाज नुवानिदु फर्नांडो और कामिल मिशारा के साथ तेज गें. दबाज दुश्मंता चमीरा को भी टीम में शामिल किया गया है। अन्य तेज गेंदबाजों में चमिका करुणारत्ने भी शामिल हैं, जो सीमित ओवरों की टीमों में वापसी कर रहे हैं। दसुन शनाका को भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में फिर से चुना गया है। एंजेलो मैथ्यूज की अनुपस्थिति से संकेत मिलता है कि चयनकर्ता अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए उन पर विचार करने की संभावना नहीं रखते हैं। उन्होंने साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहे।

# एशिया कप: भारत ने चीन को हराया

● **मुकाबले में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने गोल कर शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक बनाई**



**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को चीन के खिलाफ 4-3 से जीत के साथ हीरो पुरुष एशिया कप राजगीर बिहार 2025 में अपने अभियान की शुरुआत की।

यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (20वें, 33वें, 47वें) मिनट में गोलकर शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक बनाई। जुगराज सिंह ने (18वें) मिनट में भारत के लिये पहला गोल दागा। वहीं चीन की ओर से शिहाओ डू ने (12वें), बेनहाई चेन ने (35वें) और जीशेंग गाओ ने (41वें) मिनट में गोल किए। शुरुआत से ही भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। आखिरकार चीन ने दबाव बनाया और उसने एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे शिहाओ डू (12वें मिनट) ने गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में चीन 1-0 से आगे था। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और चीन पर दबाव बनाने में अच्छा प्रदर्शन किया। क्वार्टर में तीन मिनट बाद भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला और जुगराज सिंह (18वें मिनट) गोलकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके तुरंत बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (20वें मिनट) गोलकर भारत को बढ़त दिला दी। हाफ-टाइम तक भारत 2-1 से आगे था।

भारत ब्रेक के बाद चीन के खिलाड़ियों दबाव बनाने का प्रयास और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने (33वें मिनट) में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-1 कर दिया। चीन ने जल्द ही शानदार जवाब दिया और अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, जिसे बेनहाई चेन (35वें मिनट) ने गोल में बदलकर स्कोर 3-2 कर दिया। अगले कुछ मिनटों तक भारत और चीन एक-दूसरे पर लगातार हमले करते रहे, जिसमें चीन का आक्रामक रुख काफी खतरनाक लग रहा था।

# हर खिलाड़ी समाज का हीरो राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा: योगी

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी अपने आप में समाज के लिए एक हीरो होता है।

हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखने, समन्वय स्थापित करने और जीवन में उत्कृष्टता के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों का हिस्सा होना चाहिए। यहां आयोजित समारोह में खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। श्री योगी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता उत्तर प्रदेश के 88 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की और सहायक खेल प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने पूर्व ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों सहित नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जनपदों में खेल अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि जब मेजर ध्यानचंद जी की बात आती है तो हर भारतीय के मन में हॉकी की स्टिक नजर आने लगती है। 1928, 1932 और 1936 तीन ओलंपिक में स्वर्ण पदक दिलाकर उन्होंने भारत की हॉकी को वैश्विक पहचान दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार किसी नेता नहीं, बल्कि मेजर ध्यानचंद के नाम पर समर्पित किया गया।



● **हर नागरिक को एक खिलाड़ी की तरह अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से आगे बढ़ने, खेल जीवन के अनुशासन को बनाए रखना चाहिए: मुख्यमंत्री**

### फर्नले को हराकर जेवेरेव यूएस ओपन के तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेवेरेव ने ब्रिटेन के जैकब फर्नले को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में गुरुवार रात खेले गये मुकाबले में जेवेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फर्नले पर 6-4, 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में लगे जर्मन खिलाड़ी ने संयमित प्रदर्शन किया और पहले सेट के शुरुआती गेम में फर्नले की सर्विस तोड़ दी और पूरे मुकाबले में दबाव बनाए रखा। जेवेरेव का अगला मैच तीसरे दौर में 25वीं वरीयता प्राप्त कनाडा के फेलिक्स और गैर-वरीयता प्राप्त रूसी रोमन सफीउलिन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जेवेरेव ने कहा कि कोई भी मैच आसान नहीं होता। इन दिनों हर कोई शानदार खेल रहा है।

# राष्ट्रीय खेल हॉकी को बचाए सरकारः चौ. नीरपाल

## मेजर ध्यानचंद की जयंती को रालोद खेल प्रकोष्ठ ने खेल दिवस के रूप में मनाया





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ ने दादा मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई।

इस अवसर पर सीनियर्स व जूनियर हॉकी खिलाड़ियों का मेत्री मैच कराया गया। सर्वप्रथम खिलाड़ियों ने दादा मेजर ध्यानचंद की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है। राष्ट्रीय खेल को जीवित रखने के लिए सरकार को बड़े कदम उठाने चाहिए।ग्रामीण क्षेत्रों से हॉकी खत्म होती जा रही है,इसके लिए ग्रामीण अंचल में हॉकी स्पोर्ट्स हॉस्टल, हॉकी एकेडमी खोले जाने की आवश्यकता है तभी हॉकी की तरफ बच्चों का रुझान बढ़ेगा।वर्ना सभी बच्चे क्रिकेट की तरफ दौड़ते रहेंगे।

हॉकी सचिव फुरकान अहमद, उपाध्यक्ष यशपाल सिंह पुंडीर,नवीन शर्मा ने कहा कि आज हॉकी दिवस है और किसी भी सीनियर्स हॉकी खिलाड़ी को स्टेडियम प्रशासन ने निमंत्रण तक नहीं भेजा यह बहुत निंदनीय है।इस दौरान सीनियर्स खिलाड़ियों द्वारा जिला क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा के खियाफ निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया।

इस अवसर पर संदीप भट्ट, राष्ट्रीय खिलाड़ी वशहीउल्लाह, रजत चौधरी, निखिल, अशोक, साहिल, आसिफ, उज्जवल, विशाल, सागर, विश्वजीत, पायल, शालिनी, काजल, ईशा, रवि प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## महावीर सैनी को बनाया महानगर प्रभारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रालोद के क्षेत्रीय महासचिव महावीर सिंह सैनी को सदस्यता अभियान को महानगर प्रभारी मनोनीत किया गया है।

महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान ने बताया कि हर वर्ग को जोडने के लिये सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिये महावीर सिंह सैनी को महानगर प्रभारी की जिम्मेंदारी सौंपी गई है। इसके अलावा रमेश सिंह चौहान को मुजफ्फरनगर का प्रभारी मनोनीत किया है।

जिलाध्यक्ष शाहजमा खान, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह, जसमेर प्रधान, रजनीश चौहान, अनुज वर्मा, परीक्षित राणा, गोपाल सिंह राणा, कृष्णलाल राणा, मुंशी ओमप्रकाश वर्मा, अब्दुल नवाब, अख्तर हसन, मौ.कुर्बान अली, ओमप्रकाश सैनी, अनीस, योगेंद्र कांबोज, प्रीतम सिंह सैनी व अनिल सैनी ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# बीएसए से सम्बन्धित समस्याओं पर बोले विधायक आशु मलिक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति की बैठक में दूसरे दिन भी देहात विधायक आशु मलिक ने बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित लंबित समस्याओं के मुद्दों को उठाया।

बैठक में विधायक आशु मलिक ने कहा कि विकास खण्ड पुंवारका के गांव संभालकी शेख स्थित प्राथमिक विद्यालय में पिछले 15 वर्ष से एक ही शिक्षक व शिक्षिका तैनात है। वर्तमान में एक पुरूष व चार महिला शिक्षक है। वहां पर विद्यालय में बच्चों को पूर्ण रूप से पोषण आहार भी नही मिल रहा। विधानसभा क्षेत्र नकुड के ग्राम मुन्नी मजरा में बंद की गयी प्राथमिक पाठशाला को खोले जाने, बलियाखेडी के ग्राम माली में विद्यालय की जर्जर बिल्डिंग को निर्मित कराये जाने की मांग की। विधायक ने ग्राम पंचायत पठेड मजरा इटावा में कोई प्राथमिक विद्यालय ने होने का हवाला देते हुए वहां पर सर्वे कराकर प्राथमिक विद्यालय बनाये जाने की मांग की।

# मनमाने तरीके से डाकखाना खोलने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** शाखा डाकघर खजूरी अकबरपुर में पोस्टमॉस्टर पर मनमानी करने व समय से डाकखाना न खोलने के लोगो ने आरोप लगाये है।वही उच्चाधिकारियों से भी शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार खजुरी अकबरपुर में डाकघर समय पर नहीं खुलने से शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने डाक कर्मचारी रविश चोहान पर ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करने व समय से डाकखाना न खोलने के आरोप लगाये है।इसकी शिकायत भारतीय डाकघर पोर्टल पर की है।शिकायत कर्ता शौरभ यादव ने बताया कि मेरा डाक पार्सल पोस्टमॉस्टर ने वापस भेज दिया है।और शाखा डाकघर के समय पर नहीं खुलने से लोग समय पर लेन-देन नहीं कर पाते हैं। इसके साथ ही आवश्यक डाक भेजने के लिए लोगों को सहरानपुर या गागलहेड़ी जाना पड़ता है।लोगो ने बताया कि गांव में शाखा डाकघर पर ताला लटका हुआ है रहता है। विभिन्न कामों से पोस्ट आफिस पहुंचे लोग मुख्य गेट पर ताला बंद होने से भटकते रहते है। कुछ लोगों ने रजिस्टर्ड डाक भेजनी थी, लेकिन काफी देर इंतजार के बाद भी पोस्ट ऑफिस का ताला नहीं खुलने पर उन्हें जिला डाकघर जाना पड़ता है।इस दौरान शौरभ यादव,डॉ रणबीर सिंह,सुशील यादव,सोनू,मोनू,आदि लोग मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम से विधायक चौ.किरत की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से गंगोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक चौधरी किरत सिंह ने लखनऊ स्थित उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की।

विधायक ने उपमुख्यमंत्री का कुशलक्षेम जानने के साथ ही क्षेत्र की जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की- बताया जा रहा है कि मुलाकघत में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती, सुचारू बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण, शिक्षा व्यवस्था में सुधार और कानून-व्यवस्था जैसे अहम विषयों पर विधायक ने उपमुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

उन्होंने गंगोह क्षेत्र की विकास योजनाओं की रफ्तार और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर भी विशेष जोर दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता की भलाई और विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक विकास



की रोशनी पहुँचाना ही सरकार का मूल लक्ष्य है। इस अवसर पर विधायक चौधरी किरत सिंह ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और उपमुख्यमंत्री की सक्रिय कार्यशैली की सराहना करते हुए मुलाकात को सार्थक और सकारात्मक बताया।

# इमरान को लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का विशेष सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा विशेष प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

यह सम्मान उन्हें समा. जसेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, आध्यात्मिकता, कला एवं जनकल्याण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया। प्रमाणपत्र में उल्लेख किया गया कि इमरान मसूद की सेवाएँ समाज में प्रेम, शांति, मानवता, सद्भाव, न्याय और ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं।

सांसद इमरान मसूद ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए गर्व की बात है। यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं बल्कि उन सभी लोगों की है जो समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के कार्यों में मेरे साथ खड़े रहे। मैं हमेशा मानवता, भाईचारा और शांति के लिए काम करता रहूँगा।

# हंसी बांटने का काम महत्वपूर्णः अवि मुक्तेश्वरानंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाज में हंसी बांटने का काम बहुत महत्वपूर्ण है। जो हास्य कवि-कलाकार हंसी बांटने का कार्य कर रहे हैं वे बधाई के पात्र हैं।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने यह बात आज हास्य कवि और पर्यावरण कार्यकर्ता डॉ.मुकेश गौतम की ताजा पुस्तक हरित-अमृत की प्रथम प्रति उन्हें भेंट करने के अवसर पर कही। हास्य कवियों के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हास्य के बिना जीवन अधूरा है। लाखों में से कोई एक व्यक्ति ऐसा होता है जिसके मुख से हास्य निकलता है और जो व्यक्ति उनकी प्रस्तुति पर खुलकर हंस लेता है वह अवसाद मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि संसार में आज हास्य



कवि और कलाकारों की बहुत जरूरत है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि मुकेश गौतम लाखों लोगों के चेहरे पर हंसी बांटने का कार्य लगातार कर रहे हैं इसलिए वे प्रशंसा के पात्र है। उन्होंने कहां कि क्योंकि मुकेश गौतम पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी बड़ा कार्य कर रहे हैं इसलिए वे विशेष बधाई के पात्र है। जिस प्रकार से एक पौधे को पानी देने पर पानी और पौधा मुस्कुराने लगते हैं ठीक वैसा ही कार्य मुकेश गौतम का है, वे लोगों को हंसा भी रहे हैं और

**■ हास्य कवि मुकेश गौतम ने शंकराचार्य को भेंट की नई पुस्तक**

वृक्ष लगाकर समाज के लिए अच्छा कार्य भी कर रहे हैं।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने मुकेश गौतम की नवीनतम पुस्तक हरित-अमृत की प्रशंसा करते हुए पर्यावरण संरक्षण कार्यों को समाज के लिए बहुत जरूरी कार्य बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार सिंह, श्रीमती विमला गौतम,अनिरुद्ध पांडे को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने अपना आशीर्वाद देते हुए हमेशा समाज के लिए अच्छे कार्य करते रहने की बात कही।

## श्री गुरु रविदास कथा का किया सुन्दर वर्णन

**चिलकाना।** नगर के मोहल्ला कोठीवाला के श्रीगुरु रविदास मंदिर प्रांगण में चल रही कथा में मीरा बाई द्वारा सतगुरु रविदास की शरण मे भगति की ओर उन्हें अपना गुरु मान कर उनकी दासी बन जाने की कथा का सुंदर वर्णन किया गया।

बृहस्पतिवार की रात्रि की कथा का शुभारंभ श्री रामलीला कमेटी द्वारा फीट काटकर किया गया। इस दौरान कुलदीप तोमर द्वारा कथा वाचक सागर आनंद को पकड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष मनदीप ने अपने विचार रखे। कथा में सुंदर भजनों पर भक्तगण जमकर झूमे। इस अवसर पर रवि, सन्दीप, मांगेराम, राहुल कुमार, सचिन, सतीश, अमित सैनी, संजय सैनी, सन्दीप सैनी, अंकित सैनी, आदित्य सैनी, पप्पन सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# सट्टा किंग मुल्ला टोनी समेत दो पकड़े



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कोतवाली मंडी पुलिस ने सट्टा किंग मुल्ला टोनी समेत दो को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सटटे के साढे 31 हजार रुपये बरामद किये है।

मंडी थाना प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह के निर्देश पर चौकी प्रभारी निर्यात निगम अश्वनी कुमार की पुलिस टीम ने जुआ व सट्टे की खाई बाडी करने वाले नगर के नामचीन जिशान उर्फ मुल्ला टोनी पुत्र जहीर अहमद उर्फ मजनू व फैसल उर्फ मन्तशा पुत्र जिशान उर्फ मुल्ला टोनी निवास. ीगण पीर वाली गली न. 16 को पीर वाली गली के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक पेन, डायरी पर्चा व सट्टा की नगदी 31500/- रुपये बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरूध्द थाना कोतवाली मण्डी मुअस 338/2025 धारा 13 जी में मुकदमा दर्ज किया गया अभियुक्त जिशान उर्फ मुल्ला टोनी पुत्र जहीर अहमद उर्फ मजनू निवासी पीर वाली गली न. 16 थाना मण्डी की समाज में एक बडे सट्टा खाईबाडी करने वाले के रुप में शोहरत है जिसके और नेटवर्क की जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार सटटा किंग के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष बने आशुतोष शर्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित रवीद्रालय प्रेक्षागृह मै दो दिवसीय महाधिवेशन में उ.प्र. लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रांतीय व क्षेत्रीय पदाधिकारी निर्वाचन हुआ जिसमें तीसरी बार पद्मनाभत्रिवेदी प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री पद पर चौथी बार जे.पी. पाण्डेय और सहारनपुर से आशुतोष शर्मा पहली बार क्षेत्रीय अध्यक्ष चुने गए। निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी ने शपथ दिलाई।

आशुतोष शर्मा ने बताया कि कर्मचारियो की सभी समस्याओं के लिए त्वरित कार्य करते हुए उच्चाधिकारियों से समाधान कराया जाएगा क्षेत्र में किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जाएगा। कर्मचारी नेता सोमपाल राणा ने बताया कि संपूर्ण प्रांतीय कार्यकारिणी सहित आशुतोष भाई का जोरदार स्वागत कार्यालय प्रांगण में किया गया हे युवाओं के हाथ में कमान आई हे तो बड़ी से बड़ी समस्या का भी समाधान संभव है जिस और जबानी चलती हे उस और जमाना चलता है।

कार्यक्रम में जनपद से सोमपाल राणा सुमित कुमार मांगेराम अमित शर्मा आशीष देव आनंद कुमार मनोज कुमार मुमताज अली आदि लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## खनन सामग्री से भरा डम्पर पलटा

**चिलकाना।** कार को बचाने के लिए सडक किनारे कच्ची मिट्टी पर उतरा खनन सामग्री से भरा घोडा डम्पर पलटने से किसान की गन्ने की फसल को हुआ नुकसान।

मिली जानकारी के मुताबिक चिलकाना क्षेत्र के गंदेवड़ रोड से दुमझेडा रोड पर निकलने वाले कच्चा पक्का रास्ते पर धोलाहेडी की ओर से आ रहा खनन सामग्री से भरा एक घोडा डम्पर सामने से आ रही एक कार को बचाने के चलते सड़क किनारे कच्ची मिट्टी पर उतर गया, जिससे वहां की मिट्टी धंस गयी ओर डम्पर सडक किनारे किसान के खेत की मेड पर खड़े पोपुलर के पेडों को तोडते हुए गन्ने की फसल में पलट गया, ओर कोरसैंट गन्ने की फसल को तोडते हुए खेत के काफी हिस्से में फैल गया।डम्पर का अगला हिस्सा टूट कर सड़क पर ही खड़ा रह गया जिससे डम्पर का ड्राइवर बच गया।

# सबके साथ से बदलाव संभवः इमरान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधानसभा क्षेत्र के गांव कैलाशपुर में सांसद बनने के बाद पहली बार पहुंचे इमरान मसूद का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। हाजी सलीम के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद इमरान मसूद ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जनता को बहकावे में नहीं आना चाहिए, बल्कि मिलजुल कर अपनी ताकत को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीत तभी संभव हुई जब सभी समाजों ने एकजुट होकर सहयोग दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि आपसी भाईचारे और एकता को बनाए रखें और ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनें जो गांव से लेकर संसद तक आपकी आवाज उठा सके। इमरान



मसूद ने कहा कि संसद में जाते समय उन्होंने वादा किया था कि उनकी

**■ जीतने के बाद पहली बार कैलाशपुर पहुंचे सांसद का स्वागत**

आवाज गूंजेगी और चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने दावा किया कि पिछले एक साल में उनका काम और प्रदर्शन पिछले बीस साल के रिकॉर्ड से अधिक प्रभावी रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे एमएलसी शाहनवाज खान ने भी जनता का शुक्रिया अदा किया और कहा कि आपसी एकजुटता और भाईचारा ही लोकतंत्र की असली ताकघ्त है। इस मौके पर हाजी सलीम, रिजवान अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान अब्दुल वली उर्फ बंटी, सफीक अहमद, कलीम मलिक, फैजान मलिक, मोहम्मद मोती, अबरार मलिक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक मौजूद रहे।

# आबकारी व जीएसटी विभाग की संयुक्त चैकिंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जीएसटी एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सरसावा चेक पोस्ट पर देर रात तक चेकिंग अभियान चलाया।

इस अभियान का नेतृत्व एडिशनल कमिश्नर वाणिज्य विभाग अभय गंगवार, आबकारी निरीक्षक संजीव कुमार एवं आबकारी निरीक्षक शिखर श्रीवास्तव ने अपने-अपने स्टाफ के साथ किया। इस दौरान हाईवे पर बने होटलों तथा अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों की सघन जांच की गई। उप आबकारी आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि हाल ही में नवाबगंज स्थित कार्यालय पर वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है। दोनों विभागों के अधिकारियों के बीच समन्वय के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसके माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान कर परवर्तन कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब से आने वाली अवैध शराब एवं बिना जीएसटी के अवैध सामान की आवा. जाही को रोकना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है, ताकि उत्तर प्रदेश के राजस्व को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। यह संयुक्त टीम सरसावा समेत मंडल के अन्य चेक पोस्टों पर भी 24 घंटे सक्रिय रहकर निगरानी करेगी। इस दौरान प्रधान आबकारी सिपाही कुलदीप सिंह, देवेंद्र सिंह, बाबूलाल, अतुल खोखर एवं नीरज भी टीम में सम्मिलित रहे।

# फर्जी दस्तावेजों के जरिए जाति सत्यापन कराने का आरोप

**अंबेहटा।** जिले के अंबेहटा कस्बे में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। किला वार्ड नंबर 4 से निर्वाचित सभासद मुसर्रत ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए अपने नाम से जाति सत्यापन कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए नकुड़ थाने में तहरीर दर्ज कराई है। इस घटना ने स्थानीय स्तर पर सरकारी प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सभासद मुसर्रत के अनुसार, उनके नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए, जिसमें नकली मोहर और जाली हस्ताक्षर लगाकर जाति सत्यापन पत्र जारी किया गया। गुरुवार को क्षेत्रीय लेखपाल से जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने जांच की, तो यह फर्जीवाड़ा सामने आया। मुसर्रत ने आरोप लगाया कि यह कृत्य मोहल्ला नया बस के निवासी शुभम पुत्र धर्मपाल ने अंजाम दिया है, जो कस्बे में जन सेवा केंद्र संचालित करता है। उन्होंने कहा, ष्यह न केवल मेरी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाला है, बल्कि सरकारी प्रक्रियाओं की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने वाला अपराध है।ष

इस फर्जीवाड़े के पीछे का मकसद स्पष्ट नहीं है, लेकिन सभासद ने इसे सुनियोजित साजिश करार दिया है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कठोर कार्रवाई की मांग की है। मुसर्रत ने पुलिस से अपील की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषी को सजा मिले, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।लेकिन अंबेहटा चौकी प्रभारी विकास चारण ने तहरीर प्राप्त होने से इनकार किया है।

# शिक्षक महापंचायत आजः डा. मलिक




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक मलिक ने कहा कि कल (आज) हकीकत नगर धरना स्थल पर शिक्षका महापंचायत आयोजित होगी।

डा. अशोक मलिक ने यह बात मंडी समिति रोड स्थित पीर वाली गली के आयशा मॉडर्न स्कूल में संघ कोर कमेटी की बैठक में कही। उन्होने कहा की 30 अगस्त हमारे लिए करो और मरो से कम नहीं है शिक्षा विभाग की तानाशाही चरम सीमा पर है चोरी ऊपर से सीना जोरी की कहावत आज सिद्ध हो रही है इसलिए कोर कमेटी ने 30 अगस्त के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खाका तैयार कर लिया गया है। प्रदेश सचिव अमजद अली एडवोकेट एवं राशिद अली ने कहा की सभी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है सभी लोगों ने अपनी अपनी जिम्मेदारीया का निर्वहन करने का संकल्प लिया है लगभग 25 वर्षो के संघर्ष के इतिहास में शिक्षा विभाग संगठन के सामने भयभीत है

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के पी सिंह मंडल अध्यक्ष अशोक सैनी वजाहत अली खान मुजाहिद खान नदीम अमर राणा सरफराज खान डॉक्टर तौकीर अहमद फरीद अहमद शादाब महताब अली अहमद नवाब अशोक हंस कुमार जोरा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बदजुबानी पर जंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार की राजनीति में उबाल आ गया है। शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में उस समय भिड़ गए, जब पटना स्थित कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में बिहार सरकार के मंत्री संजय सरावगी, नितिन नवीन, विधायक संजीव चौरसिया नेता सहित 500 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। ये सभी मांग कर रहे थे कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी पर अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर माफी मांगें। यूं तो राजनीति में विचारधारा व मुद्दों की लड़ाई होती है और उसके लिए बेतुकी तू-तड़ाक की बयानबाजी के लिए कोई जगह नहीं बचती है, लेकिन हो इसके उलट रहा है। बयानबाजी का स्तर राजनीति में लगातार घटता जा रहा है। इस पर सभी को सोच-विचार करना चाहिए। विडंबना यह है कि इस बयानबाजी में कोई भी राजनीतिक दल का नेता पीछे नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह चलन और अधिक बढ़ गया है और इस पर लगाम लगती दिखाई नहीं दे रही है। यह बात अपनी जगह बिल्कुल सही है कि जिस तरह की तू तड़ाक की भाषा राहुल अपनी वोट अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं, उसका समर्थन नहीं किया जा सकता। भाषा शालीन होनी चाहिए, लेकिन यह मानने में भी कोई हर्ज नहीं है कि इसकी शुरुआत खुद पीएम मोदी ने की थी। इस तरह के आरोप कांग्रेस व अन्य विपक्षी लगा भी रहे हैं। आखिर इस बात को कौन भूल सकता है कि कांग्रेस की विधवा, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, जर्सी गाय, खूनी पंजा, सूर्पणखा की हंसी, दीदी औ दीदी आदि बातें पीएम मोदी खुद कह चुके हैं। इस बीच प्रधानमंत्री को अपशब्द बोलने के आरोपी युवक को गिरफ्तार भी किया गया। दरभंगा पुलिस ने भोपुरा गांव निवासी अनीस कुरैशी के पुत्र मौ. रिजवी को गिरफ्तार किया है। अन्य गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। यह देखना भी बेहद दुखद है कि राहुल की टिप्पणी के बीच ही तृणमूल कांग्रेस सांसद मऊआ मोइत्रा का बयान भी शुक्रवार को सामने आया। जिसमें उन्होंने नादिया जिले में घुसपैठ पर कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की होती है। अगर घुसपैठ हो रही है तो अमित शाह का सिर काटकर टेबल पर रख देना चाहिए। उनके इस बयान को लेकर बखेड़ा हो गया है। अपनी एक पोस्ट शेयर करते हुए तृणमूल नेता ने कहा है कि उनका देश के गृहमंत्री अमित शाह से साफ सवाल है कि वह बार-बार कहे जा रहे हैं घुसपैठिया, घुसपैठिया...। हमारा जो बोर्डर है उसकी रखवाली जो एजेंसी कर रही है वह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आती है। उन्होंने पोस्ट में 15 अगस्त को लालकिले से दिए बयान का हवाला दिया जिसमें कहा कि घुसपैठ हो रही है और उसकी वजह से डेमाग्राफिक चेंज हुए, तो उसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की ही तो बनती है। उनके अनुसार अगर गृह मंत्री भारतीय सीमाओं की रक्षा नहीं कर सकते और खुद पीएम बोल रहे हैं कि बाहर से आकर लोग हमारी मां-बहनों पर नजर डाल रहे हैं, हमारी जमीन छीन रहे हैं, तो फिर यह गलती किसकी है।

## महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है संघ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के तीन बच्चों वाले बयान पर पूछना चाहते हैं कि संघ भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहता है, सभी की अपनी प्राथमिकताएं हो सकती हैं, 2011 की जनगणना के अनुसार मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर घट रही है और यह 14.23 प्रतिशत है, जबकि हिंदओं की वृद्धि दर लगभग 80 प्रतिशत है। और संघ प्रमुख कह रहे हैं, ठीक है, तीन बच्चे पैदा करो, आप कौन होते हैं, लोगों के पारिवारिक जीवन में दखल देने वाले, आप भारतीय महिलाओं पर बोझ क्यों डालना चाहते हैं, जिनकी जिंदगी की अपनी अलग प्राथमिकताएं हो सकती हैं, यह आरएसएस का दोहरा चरित्र है, संघ समर्थित संगठन ही मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाता है।

**-असदुद्दीन ओवैसी, प्रमुख, एआईएमआईएम**

# असली यानि जैविक पिता का सवाल



आपको कैसा लगेगा यदि अचानक आपको पता चले कि आप जिस व्यक्ति को अपना पिता मानते आए हैं, वह जैविक रूप से आपका पिता नहीं है। छोटे समय की बात छोड़िए, लेकिन यदि आपको अपनी कई पीढ़ियों की वंशावली में यह देखने को मिले कि उसमें किसी पीढ़ी में किसी संतान का पिता वह नहीं था, जिसे सामाजिक या कानूनी रूप से पिता माना गया था। इसी के साथ यह बात भी जुड़ जाती है कि कोई भाई-भाई, बहन-बहन या भाई-बहन वास्तव में सहोदर हैं या नहीं।

पितृत्व (जैविक तथा सामाजिक) का यह सवाल कई संस्कृतियों-समाजों में बहुत अहमियत रखता है। तो बेल्जियम स्थित केयू ल्यूवेन विश्वविद्यालय के जेनेटिक विज्ञानी मार्टेन लारमूसौ Maarten Larmuseau ने इस विषय की जांच-पड़ताल करने का विचार किया। सवाल था, कितने मामलों में महिला उन पुरुषों के साथ बच्चे पैदा करती हैं, जिनकी वे संगिनी नहीं हैं?

अधिकांश समाजों में सहोदर सम्बंध काफी हद तक सामाजिक रूप से निर्मित होते हैं। इनमें दत्तक संतान या सौतेले परिवार भी शामिल होते हैं। लेकिन जैविक पिता के सवाल सहस्राब्दियों से परिवारों को तहस-नहस करते रहे हैं और सांस्कृतिक चिंताओं का कारण बनते रहे हैं। पारिवारिक-सामाजिक मुद्दों के अलावा बच्चे के जैविक पिता के बारे में जानना कभी-कभी अपराध विज्ञान या चिकित्सा दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह संभव है कि किसी बच्चे के पिता को लेकर संशय महिला द्वारा इरादतन किसी अन्य पुरुष से सम्बंध का परिणाम हो, लेकिन इस संदर्भ में यौन हिंसा अथवा दबाव के तहत यौन सम्बंधों को भी नकारा नहीं जा सकता। कभी-कभी ऐसा भी देखा गया है कि कानूनी पिता को मालूम होता है कि वह जैविक पिता नहीं है। ऐसे सारे प्रकरणों के लिए लारमूसौ जिस शब्द का इस्तेमाल करते हैं, वह है दंपति-इतर पितृत्व इसमें वे दत्तक अथवा विवाहेतर जन्मों को शामिल नहीं करते हैं, जहां पिता की जैविक पहचान ज्ञात होती है। उन्होंने यह जानने के लिए एक तकनीक विकसित की है कि दंपति-इतर पितृत्व कितना सामान्य है। सामाजिक रूप से संवेदनशील होने के कारण आम तौर पर जीव वैज्ञानिक मनुष्यों के संदर्भ में इस विषय को टाल देते हैं, हालांकि पशु-पक्षियों में यह अनुसंधान का एक प्रमुख विषय रहा है। तो लारमूसौ ने क्या विधि अपनाई थी दंपति-इतर पितृत्व के आकलन के लिए? इस खोजबीन का एक मजेदार अध्याय मशहूर पाश्चात्य संगीतकार बीथोवन से जुड़ गया था।

दरअसल, पीएचडी छात्र के रूप में लारमूसौ ने बाल्टिक और भूमध्यसागर में पाई जाने वाली एक मछली प्रजाति पर शोध किया था। सैण्ड गोबी, गोबी के नर संतानोत्पत्ति में काफी योगदान देते हैं। वे घोंसला बनाते हैं और निषेचित अंडों की देखभाल करते हैं। दूसरी ओर, मादा तो अंडे देकर निकल जाती है। हां, यह जरूर है कि नर गोबी कभी-कभार अन्य नरों द्वारा बनाए गए घोसलों में घुसकर अंडों को निषेचित करके नौ-दो-ग्यारह हो जाता है। नतीजतन उस घोंसले का निर्माता नर किसी अन्य की संतानों की परवरिश करता है। इसके चलते सैण्ड गोबी दंपति-इतर पितृत्व के अध्ययन के लिए उम्दा जंतु माना जाता है।

एक अपराध विज्ञान प्रयोगशाला में काम करते हुए लारमूसौ के मन में विचार आया कि मनुष्यों में इसी तरह का व्यवहार हो तो उसके चलते डीएनए विश्लेषण की मदद से लाशों की पहचान तथा अपराधों के अन्वेषण में मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। लेकिन उस विषय में बात करना बहुत कठिन था। पशु-पक्षियों के बारे में तो दंपति-इतर पितृत्व को लेकर काफी साहित्य उपलब्ध है, लेकिन इन्सानों के बारे में हम ज्यादा नहीं जानते।

प्रामाणिक आंकड़ों के अभाव में वैज्ञानिक अटकलों का सहारा लेते थे। जैसे जीव वैज्ञानिक जेरेड डायमंड ने अपनी पुस्तक दी थर्ड चिम्पैंजी: दी इवॉल्यूशन एंड फ्यूचर ऑफ ह्युमैन एनिमल में दावा किया था कि इन्सानों में सामाजिक रूप से मान्य सम्बंधों के बाहर यौन सम्बंध लगभग 5 से 30 प्रतिशत होते हैं। इसी प्रकार से, रीडिंग विश्वविद्यालय के जीव वैज्ञानिक मार्क पेजल ने कहा था कि जन्म के समय मानव शिशुओं के बीच भेद करने में मुश्किल जैव विकास के दौरान विकसित हुई है ताकि उनकी वास्तविक वल्दियत उजागर न हो।

अंततः एक आम सहमति उभरी जो मूलतः जेनेटिक पितृत्व निर्धारण के शुरुआती प्रयासों पर आधारित थी। दी लैंसेट में प्रकाशित एक लेख में सैली मैकिन्टायर और एनी सूमैन ने बताया था कि लगभग 10 प्रतिशत बच्चे विवाहेतर सम्बंधों के परिणाम होते हैं। हालांकि इस आंकड़े के सत्यापन अथवा खंडन के लिए ठोस आंकड़े नहीं थे लेकिन पत्रकार और शोधकर्ता इसे बार-बार दोहराते रहे और यह स्थापित तथ्य बन गया, लेकिन यदि 10 प्रतिशत विवाहेतर संतानों का आंकड़ा सही है, तो कई वंशावलियां बेकार हो जाएंगी। रोचक बात यह रही कि स्वयं लारमूसौ के पर-काका अपने परिवार का इतिहास जानने को उत्सुक थे लेकिन 10 प्रतिशत की बात सुनकर उनका उत्साह जाता रहा था। अलबत्ता, लारमूसौ लगे रहे। पहले उन्होंने अपने ही परिवार का इतिहास खंगाला। अंततरू उन्होंने अपनी सोलह से अधिक पीढ़ियों के हजारों पूर्वजों का एक चार्ट बना लिया। वे सोचने लगे कि कहीं जेरेड डायमंड और अन्य शोधकर्ता सही तो नहीं हैं? और इनमें से कितने सामाजिक व कानूनी पूर्वज उनके जैविक पूर्वज भी हैं। इस संदर्भ में मौजूदा प्रमाण विवादास्पद हैं। पितृत्व जांच पर आधारित अनुमान पूर्वाग्रहों से ग्रस्त हैं, क्योंकि जो लोग पैसा खर्च करके ऐसे परीक्षण करवाते हैं, उनके मन में पहले से ही दंपति-इतर संतान होने की शंका रहती है। अस्थि मज्जा दानदाताओं के सैम्पल्स तथा अन्य स्रोतों से पता चलता था कि आधुनिक आबादियों में दंपति-इतर संतानोत्पत्ति की दर कम है, लेकिन वह शायद यौन-सम्बंधों को लेकर व्यवहार में परिवर्तन की वजह से नहीं बल्कि आधुनिक गर्भनिरोधकों की उपलब्धता के कारण भी हो सकता है और सड़क चलते लोगों से उनके यौन व्यवहार के बारे में पूछना 'आ बैल सींग मार' जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। यानी वर्तमान का अध्ययन करना कठिन है और लारमुसौ ने अतीत का रुख किया।

उन्होंने 2009 में स्थानीय स्तर पर 1400 के दशक से शुरू करके वंशावलियां एकत्रित कीं। इसमें उन्हें बेल्जियन व डच वंशावली तथा विरासत को लेकर उत्साहित लोगों की मदद मिली। फिर उन्होंने स्वतंत्र रूप से इन वंशावलियों का सत्यापन किया। जब शौकिया लोगों के पास जानकारी नहीं थी, तो उन्होंने जनगणना के आर्काइव्स को खंगाला और फ्लेमिश व डच गिरजाघरों में विवाह तथा बप्तिज्मा के रिकॉर्डों को खंगाला। पुराने दस्तावेजों से शुरू करके लारमूसौ ने आज जीवित ऐसे हजारों पुरुषों को ढूंढ निकाला जो वंशावली रिकॉर्ड के मुताबिक अपने पिता की ओर से दूर के रिश्तेदार होना चाहिए। अगला कदम यह था कि उनके डीएनए प्राप्त करके इस अधिकारिक विरासत की जांच की जाए। इसके लिए जरूरी था कि उन व्यक्तियों से संपर्क हो पाए। इस काम में स्थानीय इतिहास समितियों ने उनकी मदद की। कई बार तो ऐसा भी हुआ कि लारमूसौ ने उन व्यक्तियों को फोन कर दिया या सीधे उनके घर का दरवाजा खटखटाया। साथ में वे डीएनए सैम्पल लेने के लिए जरूरी सामान और सम्मति पत्र भी लेकर पहुंचे। कभी-कभी तो गांव में एक ही सरनेम वाले व्यक्तियों से कहा कि वे अपने डीएनए परीक्षण करवा लें। एक ही सरनेम से वे मानकर चले थे कि वे सारे व्यक्ति पिता की ओर से पारिवारिक सम्बंधी होंगे। एक साल में उन्होंने 300 परिवारों से संपर्क किया और पुरुषों को बता दिया कि वे उनके पूर्वजों में दंपति-इतर सम्बंधों की तलाश कर रहे हैं। यदि थोड़ी भी हिचक दिखी तो उस परिवार को अध्ययन में शामिल नहीं किया। मुंह से लिए गए स्वाब में वाय गुणसूत्र मिला। गौरतलब है कि वाय गुणसूत्र पिता से पुत्र को मिलता है। और यह प्रक्रिया पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है। एक पीढ़ी से अगली को हस्तांतरित होते समय इस वाय गुणसूत्र में कोई परिवर्तन नहीं आता।

नतीजतन, यदि दो व्यक्ति ऐसे मिलते हैं, जिनके वाय गुणसूत्र मेल खाते हैं तो उनका कोई दादा, पर-दादा, पर-पर-दादा एक ही होगा, भले ही उन दोनों व्यक्तियों को इसकी भनक तक न लगी हो। लेकिन इसका उलट भी होता था। किन्हीं दो व्यक्तियों की वंशावली तो बताती थी कि उनमें वाय गुणसूत्र का मिलान होना चाहिए लेकिन होता नहीं था। यदि वाय गुणसूत्र मेल नहीं खाते थे, तो इसका मतलब है कि बीच में कभी तो कोई 'अन्य' पुरुष शामिल था। लारमूसौ के लिए यह इस बात का प्रमाण होता था कि उस वंशवृक्ष में कम से कम एक मामला दंपति-इतर पितृत्व का रहा होगा। फिर उन्होंने सांख्यिकीय मॉडल की मदद से यह निर्धारण करने का प्रयास किया कि यह घटना कितनी पीढ़ियों पूर्व हुई होगी। 2013 में एक प्रारंभिक अनुमान प्रकाशित करने के बाद भी वे आंकड़े एकत्रित करते रहे। 2019 में उन्होंने करंट बायोलॉजी में एक शोध पत्र प्रकाशित किया। यह शोधपत्र दूर के रिश्तेदार 513 पुरुष जोड़ियों के वाय गुणसूत्र की जांच पर आधारित था। इसमें लारमूसौ ने अनुमान व्यक्त किया था कि बेल्जियम और नेदरलैंड में पिछले 500 वर्षों में दंपति-इतर पितृत्व की दर लगभग 1.5 प्रतिशत रही।

**-डॉ. सुशील जोशी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# जन्नत से कम नहीं हैं भारत की ये सुंदर झीलें



गर्मियों के मौसम में लगभर हर कोई ठंडी जगहों या समुद्र तटीय क्षेत्रों पर जाना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा इस मौसम में झीलों का नजारा भी देखने लायक होता है। ठंडी-ठंडी हवाओं के बीच झीलों को देखना काफी ज्यादा अच्छा लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस गर्मी देश की फेमस और खूबसूरत झीलों को देखने का मन बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देश की कुछ अद्भुत और बेहद खूबसूरत झीलों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाकर आप अपनी छुट्टियों को खास बना सकते हैं।

**बड़ी लेक**

राजस्थान के माउंट आबू में मीठे पानी की एक विशाल झील है। इसको बड़ी लेक के नाम से भी जाना जाता है। गर्मियों में यहां का नजारा बेहद खूबसूरत होता है। बताया जाता है कि बड़ी लेक को खुद भगवान ने बनाया था। हर साल यहां पर बड़ी संख्या में लोग अपनी छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए आते हैं।

**नैनी झील**

नैनीताल के लोगों के लिए नैनी झील काफी ज्यादा फेमस है। नैनी झील को नैनीताल झील के नाम से भी जाना जाता है। नैनी झील में आप नौकायन यानी की नाव की सवारी का आनंद ले सकते हैं। हर साल यहां पर देशी और विदेशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं।

**हुसैन सागर झील**

वहीं हैदराबाद में हुसैन सागर झील है, जोकि देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है। बताया जाता है कि इस हुसैन झील के तट पर गोलकुंडा और मुगलों के बीच संधि हुई थी। इसके साथ ही इस लेक में बुद्ध देवता की विशाल मूर्ति है। गर्मियों में हुसैन सागर झील का नजारा देखने लायक होता है।


**लोकटक झील**

लोकटक झील मणिपुर में है और यह झील पर्यटकों के बीच काफी ज्यादा फेमस है। इस झील को फ्लोटिंग झील के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि लोकटक झील दुनिया की इकलौती ऐसी लेक है, जोकि तैरती हुई दिखाई देती है। ऐसे में अगर आप गर्मियों में मणिपुर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको एक बार लोकटक झील देखने जरूर जाना चाहिए।

**टारसर झील**

जम्मू-कश्मीर में टारसर झील मौजूद है, जोकि काफी ज्यादा खूबसूरत है। यह झील पर्वतीय इलाके में जमीन से करीब 3,795 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। टारसर झील के आसपास बड़े-बड़े पहाड़ हैं।

# समुद्र से शुरुआत और धरती पर जीवन का पहला कदम



लगभग 40 करोड़ साल पूर्व सबसे पहले कशेरुकी जीव समुद्र में रहते थे। उस समय मछलियां ही समुद्र की सबसे बड़ी जीव थीं, लेकिन उनमें जमीन पर चलने के लिए मजबूत टांगें विकसित नहीं हुई थीं। वैज्ञानिकों का मानना था कि विकास की प्रक्रिया में काफी समय लगा जिसके बाद मछलियां जमीन पर आईं। लेकिन पोलैंड में हुई एक खोज से पता चला है कि कुछ मछलियों ने हमारी सोच से कहीं पहले ही जमीन पर जीने की कोशिश की थी।

2021 में वैज्ञानिकों को पोलैंड स्थित होली क्रॉस पर्वतों में अजीब से जीवाश्म निशान मिले। यह पत्थर कभी समुद्र तट का हिस्सा थे। इनमें 240 से ज्यादा गड्ढे और खरोंचें मिलीं। जांच से पता चला कि यह निशान शायद मछलियों के जमीन या बहुत उथले पानी पर रेंगते हुए बने थे। यह जीवाश्म 41 से 39.3 करोड़ साल पुराने हैं यानी पहले मिले सबूतों से करीब 1 करोड़ साल पहले।

यह निशान आज की लंगफिश से बहुत मिलते-जुलते हैं। लंगफिश ऐसी मछली है जो हवा में सांस ले सकती है और अपने मीनपक्षों का इस्तेमाल करके जमीन पर रेंग सकती है। माना जाता है कि लंगफिश थलचर चौपाया जीवों के शुरुआती पूर्वजों की करीबी रिश्तेदार है। चलने के लिए यह मछली अपना मुंह जमीन पर टिकाकर लीवर की तरह दबाती है और फिर मीनपक्ष और पूंछ की मदद से शरीर को आगे खींचती है। यही अजीब तरीका पोलैंड में मिले जीवाश्मों के निशानों से मेल खाता है।

अध्ययन के मुख्य लेखक और पोलिश जियोलॉजिकल इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक पिओत्र श्रेक बताते हैं कि ऐसा तभी संभव था जब वे पूरी तरह पानी के उछाल पर निर्भर नहीं रह गई हों। वैज्ञानिकों की टीम ने इन जीवाश्मों के निशानों को बारीकी से समझने के लिए 3-डी स्कैनिंग की। फिर उन्होंने इनकी तुलना आज की पश्चिम अफीकी लंगफिश द्वारा बनाए गए निशानों से की। नतीजा यह रहा कि नाक, पंख, पूंछ और शरीर के हिस्सों से बने दबाव के निशान लगभग वैसे ही मिले। इससे साफ हुआ कि प्राचीन समय की कुछ मछलियां लंगफिश जैसी ही रही होंगी।

एक और दिलचस्प बात यह सामने आई- वैज्ञानिकों को 'हैंडेडनेस' यानी शरीर के एक ओर की वरीयता के सबूत भी मिले। 240 निशानों में से 36 में सिर झुकाने के संकेत थे, जिनमें से 35 बाईं ओर झुके थे। इसका मतलब यह हो सकता है कि वे मछलियां ज्यादातर बाईं ओर झुककर चलती थीं, ठीक वैसे ही जैसे इंसानों में कोई दाएं या बाएं हाथ का ज्यादा इस्तेमाल करता है। यह जानवरों में 'हैंडेडनेस' का अब तक का सबसे पुराना प्रमाण हो सकता है।

अलबत्ता, एक तर्क यह है कि आज की लंगफिश 40 करोड़ साल पुरानी मछलियों से बहुत अलग हैं, इसलिए सीधे-सीधे तुलना मुश्किल है। चीन और ऑस्ट्रेलिया में मिले ऐसे ही जीवाश्मों पर अधिक शोध इन निष्कर्षों की पुष्टि करने में सहायक हो सकते हैं। बहरहाल, यह खोज हमें याद दिलाती है कि विकास कभी सीधी रेखा में नहीं होता।

## ग्लोबल वार्मिंग पर विवादित रिपोर्ट से मचा हंगामा

हाल ही में अमेरिका के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी एक रिपोर्ट से बड़ी बहस छिड़ गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ग्लोबल वार्मिंग से होने वाला आर्थिक नुकसान पूर्व मान्यता की अपेक्षा कम होगा। लेकिन कई वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रिपोर्ट जलवायु विज्ञान को गलत तरीके से पेश कर रही है और इसका मकसद अमेरिकी सरकार को 2009 के उस अहम फैसले को रद्द करने में मदद करना है, जिसमें ग्रीनहाउस गैसों को जन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना गया था।

गौरतलब है कि बराक ओबामा के कार्यकाल में पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी ने ठोस सबूतों के आधार पर निष्कर्ष दिया था कि कार्बन डाईऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसें इंसानों और पर्यावरण के लिए हानिकारक हैं, और इसी के आधार पर वाहनों, बिजली संयंत्रों और अन्य स्रोतों से होने वाले उत्सर्जन पर नियंत्रण के नियम बने थे, लेकिन अब सरकार इस फैसले को पलटने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप जलवायु परिवर्तन को शिगूफा करार दे चुके हैं। यह रिपोर्ट ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने पांच व्यक्तियों से तैयार करवाई है। इनमें वायुमंडलीय वैज्ञानिक जॉन क्रिस्टी, जलवायु वैज्ञानिक जूडिथ करी, भौतिक विज्ञानी स्टीवन कूनिन, अर्थशास्त्री रॉस मैक्किट्रिक व मौसम वैज्ञानिक रॉय स्पेंसर शामिल हैं। रिपोर्ट के लेखकों ने कहा है कि वे तथ्यों पर आधारित खुली और पारदर्शी चर्चा के लिए तैयार है, और अगर गंभीर वैज्ञानिक सुझाव मिलते हैं तो रिपोर्ट में बदलाव किया जाएगा। एजेंसी ने इस दस्तावेज को जनता और विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के लिए 2 सितंबर तक खुला रखा है, लेकिन कई वैज्ञानिक नाराज हैं। एरिजोना विश्वविद्यालय की महासागर विज्ञानी जोएलेन रसेल का मानना है कि यह रिपोर्ट विज्ञान को आगे बढ़ाने की बजाय दबा रही है। फिलहाल कई शोधकर्ता रिपोर्ट के हर दावे का एक तथ्यात्मक जवाब तैयार कर रहे हैं। इस मामले में टेक्सास स्थित यह एंड एम यूनिवर्सिटी के एंड्रयू डेस्लर सुप्रीम कोर्ट तक जाने को तैयार हैं। कुछ वैज्ञानिक बताते हैं कि वर्तमान जलवायु खतरे के सबूत पहले से कहीं अधिक मजबूत हैं। ऐसे में इस तरह की रिपोर्ट दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि ट्रंप प्रशासन जोखिम सम्बंधी निष्कर्ष को रद्द करने में सफल हो जाता है, तो पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने का अधिकार समाप्त हो सकता है। इससे जलवायु प्रदूषण व परिवर्तन पर कानूनी कार्रवाई मुश्किल हो जाएगी, और वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव और अधिक बदतर हो जाएगा। जलवायु वैज्ञानिकों के लिए यह लड़ाई सिर्फ एक रिपोर्ट की नहीं है बल्कि दशकों के शोध परिणामों की रक्षा, विज्ञान पर भरोसा बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने की है कि सार्वजनिक नीतियां ठोस सबूतों पर आधारित हों, न कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ पर।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जिनपिंग की एक सीक्रेट चिट्ठी ने सुधारे भारत-चीन के रिश्ते

## राष्ट्रपति मुर्मू को लिखाः हम ट्रम्प के टैरिफ से परेशान, फिर तय हुआ पीएम मोदी का चीन दौरा





**मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था**

**नई दिल्ली/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने अमेरिका-भारत सौदों से चीन के हितों को हो सकने वाले नुकसान पर चिंता जताई थी। यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। दरअसल, मार्च में जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प चीन के खिलाफ अपने व्यापार युद्ध को और तेज कर रहे थे, तभी बीजिंग ने भारत से गुपचुप तरीके से संपर्क साधना शुरू कर दिया था। चिट्ठी के जरिए उन्होंने दोनों देशों के संबंधों में सुधार की संभावनाएं टटोली थीं।

इसके बाद ही दोनों देशों के संबंध बेहतर होने शुरू हुए। इसके कुछ महीने बाद मोदी के चीन जाने का प्लान बना। ट्रम्प ने मार्च में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसके बाद उन्होंने 2 अप्रैल को 70 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया। रिपोर्ट में एक भारतीय अधिकारी के हवाले से दावा किया गया है कि यह चिट्ठी पीएम मोदी तक भी पहुंचाई गई थी, ताकि वे इस बात का आकलन कर सकें कि रिश्तों को बेहतर बनाने की कितनी संभावनाएं हैं। चिट्ठी में चीन ने खास तौर पर इस चिंता को जताया था कि भारत और अमेरिका के बीच होने वाला कोई भी समझौता चीन के हितों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसमें में यह भी लिखा गया था कि बीजिंग की ओर से संबंध सुधारने की कोशिशों का नेतृत्व एक प्रांतीय अधिकारी करेगा। ब्लूमबर्ग का कहना है कि जून तक भारत ने जिनपिंग की चिट्ठी का कोई ठोस जवाब नहीं दिया था, लेकिन तब हालात तेजी से बदले भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक बात. चीत विवादों में फंस गई। मैगजीन ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि भारत खास तौर पर दो बातों से नाराज था। पहले तो ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान में सीजफायर कराया, जिसे भारत ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत की स्थिति को कमजोर करने की कोशिशों से मोदी सरकार पहले ही नाराज थी, फिर इसके बाद भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया गया। इन दोनों फैसलों ने भारत-अमेरिका संबंधों में असंतोष और तनाव को हवा दी थी। इसके बाद भारत ने जून में चीन की ओर से आई पहल का गंभीरता से जवाब देना शुरू किया। इसके बाद हालात तेजी से बदले। अगस्त आते-आते भारत और चीन ने 2020 के गलवान घाटी संघर्ष से आगे बढ़ने के लिए सीमा विवाद सुलझाने की को. शिशों को दोगुना करने पर सहमति जताई। और अब पीएम मोदी सात साल बाद चीन की यात्रा पर जा रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट यह भी मानती है कि ट्रम्प के टैरिफ से पहले ही भारत और चीन गंभीर बातचीत में जुटे हुए थे। पिछले साल दोनों देशों ने लद्दाख में जारी गतिरोध को आंशिक तौर पर हल करने के लिए एक समझौता किया था। इसी समझौते ने मोदी और शी जिनपिंग की पहली सीधी मुलाकात का रास्ता खोला। अब प्रधानमंत्री मोदी शंघाई कोआपरेशन आर्गेनाइजेशन (एससीओ) समिट के लिए चीन जा रहे हैं। वहां उनकी मुलाकात जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन से होगी। इस मुलाक. ात को अमेरिका कड़ी नजर से देख रहा है, क्योंकि यह उसके लिए रणनीतिक चिंता का विषय बन सकता है।

## अमेरिका में सिख ने सड़क पर तलवार लहराई, पुलिस ने गोली मारी, मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लास एंजिलिस में एक सिख को सड़क पर तलवार लहराने पर पुलिस ने गोली मार दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह घटना 13 जून की बताई जा रही है। शख्स की पहचान गुरप्रीत सिंह के तौर पर की गई है। इस घटना का वीडियो लास एंजि. लिस पुलिस ने अपने यूटयूब चैनल पर शेयर किया है। पुलिस के मुताबिक, उन्हें खबर मिली थी कि एक व्यक्ति फिगेरोआ स्ट्रीट और ओलिंपिक बुलेवार्ड रोड पर तलवार लहरा रहा है।



नई दिल्ली। भैरव मंदिर के पास भारी बारिश के बाद जलभराव वाले अंडरपास से गुजरते यात्री।

## रूसी हमले में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज डूबा

### पहली बार समुद्री ड्रोन से हमला किया, 10 साल पहले जासूसी के लिए बनाया गया था

**मास्को।** यूक्रेनी नेवी का सबसे बड़ा जहाज सिम्फेरोपोल रूस के समुद्री ड्रोन हमले में डूब गया। यह जानकारी स्पूतनिक न्यूज एजेंसी ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से दी है।

यह जहाज पिछले 10 साल में यूक्रेन का सबसे बड़ा जहाज था। यह लैगून-क्लास जहाज (तटीय इलाके का जहाज) था, जिसे जासूसी के लिए बनाया गया था। ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के

**■ ड्रोन हमला यूक्रेन के ओडेसा इलाके में डेन्यूब नदी के पास हुआ**

पास हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पहली बार है जब रूस ने समुद्री ड्रोन से यूक्रेन के जहाज को तबाह किया। एक ड्रोन एक्सपर्ट्स ने इसे रूस की बड़ी कामयाबी बताया है। यूक्रेन ने भी जहाज पर हमले की पुष्टि की है। सिम्फेरोपोल जहाज को 2019 में लान्च हुआ था और 2021 में इसे यूक्रेनी नौसेना में शामिल किया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2014 के बाद यूक्रेन की तरफ से लान्च किया गया यह सबसे बड़ा जहाज था। यूक्रेनी नौसेना के मुताबिक, इस हमले में एक क्रू मेंबर की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए। प्रवक्ता ने कहाः हमले के बाद हालात संभालने के कोशिश जारी हैं। जहाज के ज्यादातर क्रू सुरक्षित हैं, लेकिन कुछ लापता लोगों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली ड्रोन विस्फोट में दो लेबनानी सैनिकों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के नकौरा शहर में गुरुवार रात एक इज़रायली ड्रोन के गिरने के बाद उसकी जांच कर रहे दो लेबनानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि अन्य दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। यह जानकारी लेबनानी सेना ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली ड्रोन उस समय गिरा जब वह एक उत्खनन मशीन पर विस्फोटक बम गिराने की को. शिश कर रहा था। एजेंसी ने कहा कि एम्बुलेंस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सैनिकों की मौत और दो अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### पोलिश एफ-16 विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**वारसॉ।** पोलैंड का एक एफ-16 लड़ाकू विमान गुरुवार को राडोम अंतर्राष्ट्रीय एयर शो पूर्वाभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें पायलट की मौत हो गई। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। यह दुर्घटना कल दोपहर में हुई जिसमें लड़ाकू विमान रनवे से टकराने से पहले नीचे उतरा और उसमें विस्फोट हो गया। पोलिश सरकार के प्रवक्ता एडम स्ज़ुलापका ने सोशल मीडिया पर पायलट के मौत की पुष्टि की। दुर्घटना का कारण अभी अज्ञात है। मध्य पोलैंड के राडोम में 30-31 अगस्त को एयरशो राडोम 2025 का आयोजन होने वाला है जिसमें 20 देशों के 150 से जयादा विमान हिस्सा लेंगे।

### अभिषेक शुक्ला सर्बिया के नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अभिषेक शुक्ला को सर्बिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि शुक्ला के शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। विदेश सेवा के वर्ष 2006 बैच के अधिकारी शुक्ला अभी बीजिग स्थित भारतीय दूतावास में मिशन के उप प्रमुख हैं।

## भारत पर 50% टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की हर ओर आलोचना हो रही है। कई अमेरिकी अर्थशास्त्री इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और अमेरिकी विदेश नीति के लिए आत्मघाती कदम बता रहे हैं।

वहीं, अब अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी जेफरीज ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में कहा है कि भारत पर अमेरिकी टैरिफ का कारण भारत-पाक विवाद में मध्यस्थता के उनके दावे को स्वीकृति न मिलना है। जिसके कारण वे व्यक्तिगत तौर पर नाराज हो गए हैं और ऐसे कदम उठा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने मई में दोनों देशों के बीच चार दिवसीय सैन्य तनाव के बाद अपने

**■ पाक से संघर्ष में मध्यस्थता के ट्रम्प के दावे को खारिज करना भारत पर टैरिफ की वजह, जेफरीज का दावा**

हस्तक्षेप का दावा किया था, लेकिन उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को समाप्त करने का क्रेडिट नहीं मिला, जैसाकि वे चाहते थे। भारत ने ट्रम्प के दावों को लगातार नकारते हुए पाकिस्तान के साथ संघर्ष में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को खारिज किया है। जेफरीज ने बताया कि भारी आर्थिक नुकसान के बावजूद इस रुख को भारत ने बरकरार रखा है। जेफरीज ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि भारत की असहमति के कारण राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए वैश्विक रूप से मिल रही स्वीकार्यता भी कमजोर पड़ी है।

## ट्रम्प की शिकागो में सेना तैनात करने की धमकी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने वाशिंगटन डीसी और लास एंजिलिस में नेशनल गार्ड तैनात करने के बाद अब शिकागो में भी ऐसा करने की धमकी दी है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि शिकागो में हिंसा की स्थिति बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि शिकागो में हत्या की दर नई दिल्ली की तुलना में 15 गुना ज्यादा है। शहर की बेहतरी के लिए कड़े कदम उठाना जरूरी है। शिक. ागो के मेयर ब्रैंडन जानसन ने शहर में नेशनल गार्ड के तैनाती की खबरों पर कड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए ऐसे कदम उठा रहे हैं।

### पाक मंत्री अहसान इकबाल का आरोप

## पानी को हथियार बना रहा है भारत



**पाकिस्तान में बाढ़ से अब तक 750 से ज्यादा लोगों की मौत**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार के मंत्री अहसान इकबाल ने आरोप लगाया कि भारत पर पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने बांधों से जानबूझकर पानी छोड़ा, जिससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में भयंकर बाढ़ आ गई।

इकबाल ने एक टीवी चैनल से कहा: भारत ने पानी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया और पंजाब में भारी बाढ़ ला दी। रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में अचानक पानी छोड़ा गया। इस बाढ़ की वजह से गुजरांवाला डिवीजन में कम से कम 7 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों एकड़ जमीन पानी में डूब गई है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में इस साल से जून से अब तक बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से 197 बच्चों समेत करीब 776 लोगों की मौत हो चुकी है और 993 घायल हुए हैं। जबकि 4000 से ज्यादा घर डैमेज हुए हैं। पाकिस्तान पंजाब की सरकार का कहना है कि भारी बारिश और भारत की तरफ से एक्स्ट्रा पानी छोड़ने से नदियों में बाढ़ आई है। इकबाल ने एक अन्य वीडियो में कहा कि भारत का यह पानी छोड़ना पानी की सबसे खराब हमला है। भारत नदियों में पानी रोकता है और फिर अचानक बांध से पानी छोड़ देता है, जिससे लोगों की जान और माल खतरे में पड़ जाते है। पानी जैसे मुद्दे को राजनीति से अलग रखना चाहिए। उन्होंने भारत पर यह भी आरा. ेप लगाया कि उसने समय पर पानी छोड़ने की जानकारी पाकिस्तान को नहीं दी, जो बहुत गलत है। पाकिस्तान की नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (एनडीएमए) ने सिंध प्रांत में अलर्ट जारी किया है कि सरकार वहां से सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे गांवों और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर ले जाए। वहीं, पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य तेज करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का हिसाब रखा जाए और लोगों को बाढ़ वाले इलाकों में जाने से रोका जाए। भारत ने जम्मू-कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए 4 दिन पहले ही मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी थी।

## इजरायल ने गाजा के सबसे बड़े शहर को युद्ध क्षेत्र घोषित किया

### गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगाई

**तेल अवीव।** इजरायली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी को युद्ध क्षेत्र में बदल दिया है और साथ ही गाजा सिटी में मानवीय मदद के वितरण पर भी रोक लगा दी है। इससे गाजा शहर में रहने वाले हजारों लोगों की परेशानी और बढ़ेगी, जो पहले ही भुखमरी जैसे हालात से जूझ रहे हैं।

इजरायली सेना ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि आज सुबह 10 बजे से गाजा सिटी में सैन्य गति. विधियों पर स्थानीय सामरिक रोक लागू नहीं रहेगी। इस क्षेत्र को खतरनाक युद्ध क्षेत्र घोषित किया गया है। इजरायली सेना का दावा है कि हाल के हफ्तों में गाजा में मानवीय सहायता के प्रवेश और वितरण को सुगम बनाने के लिए गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों में इस तरह की रोक लगाई गई है। इजरायली सेना आईडीएफ ने कहा कि गाजा शहर को छोड़कर, बाकी पूरे क्षेत्र में स्थानीय सामरिक रोक लागू रहेगी।



**गाजा में भुखमरी की स्थिति, लेकिन इजरायल ने किया इन्कार**

आईडीएफ ने कहा कि इजरायली नागरिकों की रक्षा के लिए गाजा में आतंकवादी समूहों के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाएंगे। माना जा रहा है कि इजरायली सेना गाजा शहर पर कब्जा करने की तैयारी कर रही है, जहां गाजा की अनुमानित 10 लाख की आबादी में से आधी आबादी शरण लिए हुए है। एक वैश्विक भूख निगरानीकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि गाजा शहर और उसके आसपास के इलाके अब आधिका. रिक तौर पर अकाल से जूझ रहे हैं। यह आगे और भी फैल सकता है। एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार, 514000 लोग अकाल की चपेट में हैं। सितंबर के अंत तक यह संख्या बढ़कर 641000 लोगों तक पहुंच सकती है। हालांकि इजरायल ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उसने कहा कि यह निष्कर्ष गलत और पक्षपातपूर्ण हैं।इजरायल का कहना है कि सर्वेक्षण में सिर्फ अधूरी जानकारी ली गई है, जो ज्यादातर हमास से मिली थी, और इसमें यह नहीं बताया गया है कि हाल ही में गाजा में खाद्यान्न भी पहुंचा है।

### गाजा में युद्धविराम प्रयासों को जारी रखने का संकल्प

**काहिरा।** कतर के प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल-थानी ने कहा कि कतर और मिस्र भ्रम एवं विघटनकारी प्रयासों के बावजूद गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मिस्र के उत्तरी तट पर स्थित न्यू अलामीन शहर में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अल-थानी ने कहा कि दोनों देश गाजा में लोगों के खिलाफ नरसंहार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है क्योंकि कई महीनों से चल रहे संघर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से कोई गंभीर कार्रवाई नहीं की गई है।

## जापान के रॉकेट से लॉन्च होगा चंद्रयान-5

**नई दिल्ली/टोक्यो।** पीएम मोदी शुक्रवार को 2 दिन के जापान दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो में आयोजित 15वें भारत-जापान समिट में हिस्सा लिया। समिट में मोदी और जापानी पीएम इशिबा की मौजूदगी में कई एमओयू एक्सचेंज किए गए।

भारत-जापान के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह मिशन दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) का जॉइंट ऑपरेशन होगा। इसमें दोनों मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की

**■ भारत-जापान मिलकर चांद के दक्षिणी ध्रुव की स्टडी करेंगे, पीएम मोदी की मौजूदगी में समझौता**

स्टडी करेंगे समिट में इशिबा ने भारत में अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन (करीब 6 लाख करोड़ रुपये) निवेश करने की बात कही है। वहीं, मोदी ने अगल भारत-जापान समिट के लिए इशिबा को भारत आने का न्योता भी दिया। बतौर प्रधानमंत्री यह मोदी की 8वीं जापान यात्रा है। स्थानीय कलाकारों ने टोक्यो के होटल में उनका गायत्री मंत्र से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात की।

## ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए उस पर संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध फिर से लगाने की प्रक्रिया शुरू की है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, तथाकथित स्नैपबैक प्रतिबंधों को लागू करने का अमेरिका ने स्वागत किया है जो कि ईरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के कूटनीतिक प्रयासों में आई रुकावट के बीच हुआ है। तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी है कि प्रतिबंधों को दोबारा लागू करने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'ई3' देशों ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सूचित किया कि वे स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय कर रहे हैं जिसके अंतर्गत 2015 के ईरान परमाणु

**■ तेहरान ने इस कदम की निंदा की है और चेतावनी दी**

समझौते में पहले हटाए गए सभी संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों को फिर से लागू किया जाएगा। इस तंत्र को उस समझौते के भाग के रूप में शामिल किया गया था जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) कहा जाता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा 2018 में अमेरिका को इस समझौते से बाहर निकालने के बाद ईरान ने परमाणु समझौते का तेजी से उल्लंघन किया है। फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने कल एक संयुक्त बयान में कहा कि आज, ईरान द्वारा जेस. ीपीओए का गैर-अनुपालन स्पष्ट रूप से एवं जानबूझकर किया जा रहा है।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108